ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम : 13°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 30 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 319 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 8 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जिहाद जैसे शब्दों पर मौलाना महमूद मदनी ने जताई आपत्ति पेज 2



सुल्तान अजलान शाह कप: कनाडा को 14-3 से रौंदकर भारत फाइनल में खेल टाइम्स



लंदन में भारत-पाकिस्तान की डिबेट कैंसिल, पाक ने भारत पर लगाया पीछे हटने का आरोप पेज 11



रणवीर नहीं दीपिका को पड़ी रणबीर की जरूरत बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा में प्रेमी ने प्रेमिका की गोली मारकर की हत्या

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेंट्रल फेस-दो थाना क्षेत्र में देर रात एक सिरफिरे आशिक ने अपनी प्रेमिका की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश के लिए पुलिस ने तीन टीमें गठित की हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि नोएडा के याकूबपुर गांव के एक पीजी में किराए पर रह रही एक युवती का आरोपी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। प्रेमी युवक शुक्रवार देर रात प्रेमिका के कमरे में पहुंचा और दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के क्रम में उसने युवती को गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। हत्या की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस घायल युवती को नजदीकी अस्पताल लेकर गई जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या के कारणों का पता लगाया जाएगा।

### इंडिगो व एयर इंडिया ग्रुप की 338 फ्लाइट्स प्रभावित

**नई दिल्ली।** दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाले एयरबस के ए320 सीरीज के एयरक्राफ्ट्स पर तेज सोलर रेडिएशन का खतरा मंडरा रहा है। यह फ्लाइट कंट्रोल डेटा को खराब कर सकता है, जिससे एयरक्राफ्ट्स की ऊंचाई, डायरेक्शन, कंट्रोल जैसी बेहद अहम जानकारी गलत हो सकती है। इस तकनीकी खराबी से बचने के लिए फ्रांस की विमानन कंपनी एयरबस ने सभी एयरलाइन कंपनियों से उनके बेड़े में शामिल ए320 सीरीज के विमानों के सॉफ्टवेयर अपडेट करने के निर्देश दिए हैं।

# नेशनल हेराल्ड केस पर फैसला तीसरी बार टला

## ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान ले या नहीं, कोर्ट को तय करना है

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ आरोपियों में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नाम शामिल

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला तीसरी बार टल गया है। कोर्ट को यह तय करना है कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान ले या नहीं। चार्जशीट में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा, सुमन दुबे और दूसरे कई सीनियर कांग्रेसी नेताओं के नाम हैं।

जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुड़ी फाइनेंशियल गड़बड़ियों का आरोप लगाया है। यह कंपनी ही असल में नेशनल हेराल्ड अखबार पब्लिश करती थी। कोर्ट ने 14 जुलाई को बहस पूरी होने के बाद फैसला 29 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रखा था। इसके बाद 8 अगस्त और 29 नवम्बर को फैसला टला। अब कोर्ट 16 दिसम्बर को फैसला सुनाएगी। अप्रैल में ईडी ने 661 करोड़ की संपत्तियां जब्त करने का नोटिस जारी किया था। ईडी ने अप्रैल में एक बयान में कहा कि उसने 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया है। ईडी ने पीएमएलए एक्ट की धारा 8 और नियम 5(1) के अनुसार संबंधित संपत्ति रजिस्ट्रार को दस्तावेज सौंपे थे। ईडी ने कब्जे में लिए जाने वाली संपत्तियां खाली करने की मांग की थी। इन अचल संपत्तियों के अलावा ईडी ने एजेएल के 90.2 करोड़ रुपये के शेयरों को नवम्बर 2023 में अपराध की आय को सुरक्षित करने और आरोपी को इसे नष्ट करने से रोकने के लिए कुर्क किया था। ईडी ने मुंबई के बांद्रा में हेराल्ड हाउस की 7वीं, 8वीं और 9वीं मंजिल पर स्थित जिंदल साउथ वेस्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को भी नोटिस दिया गया, कि वह हर महीने किराया ईडी के निदेशक के पक्ष में ट्रांसफर करे। जून 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी से 5 दिनों में 50 घंटे पूछताछ हुई थी। फिर 21 जुलाई 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी से 3 दिन में 12 घंटे सवाल हुए थे। इस दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए। ईडी ने राहुल गांधी से भी जून में पांच दिनों में 50 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में एक याचिका दाखिल करते हुए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, आस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे पर घाटे में चल रहे नेशनल हेराल्ड अखबार को धोखाधड़ी और पैसों की हेराफेरी के जरिये हड़पने का आरोप लगाया था।

# एनआईए ने हल्द्वानी से इमाम समेत दो लोगों को लिया हिरासत में

## दिल्ली ब्लास्ट के तार उत्तराखंड से जुड़े, हल्द्वानी पहुंची आंच

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एसटीएफ और लोकल पुलिस के साथ भोर में दिया कार्रवाई को अंजाम

**हल्द्वानी।** दिल्ली बम ब्लास्ट की आंच उत्तराखंड पहुंच गई है। मामले के तार उत्तराखंड से जुड़ते हुए महानगर हल्द्वानी के बनभूलपुरा तक पहुंच गए हैं। यहां राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने नैनीताल जिले में ताबड़तोड़ छापेमारी की है। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से एक इमाम और एक इलेक्ट्रीशियन को हिरासत में लिया गया है। जबकि नैनीताल की तल्लीताल मस्जिद के मौलाना मोहम्मद नईम से करीब तीन घंटे तक गहन पूछताछ की गई है। फिलहाल, इस मामले पर लोकल पुलिस कुछ भी खुलकर बोलने से बच रही है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार भोर में एनआईए ने एसटीएफ और स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया। जिस वक्त यह कार्रवाई हुई दोनों आरोपी अपने घर में सो रहे थे। दोनों को पूछताछ के लिए एनआईए गोपनीय स्थान पर ले गई है। विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि दिल्ली ब्लास्ट का मुख्य आरोपी डा. मुज़म्मिल शकील गनई, जिस अल फलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाता और रिसर्च करता था, उसका कनेक्शन अब नैनीताल में मिल रहा है। ज्ञात हो कि इससे पहले इस आतंकी घटना के तार देहरादून और पिथौरागढ़ में खंगाले जा चुके हैं। इसी घटना की कड़ी से कड़ी जोड़ती एनआईए ने उत्तराखंड -शेष पृष्ठ दो पर

### डा. शाहीन के फ्लैट से मिले 18.5 लाख, सोने के बिस्किट व विदेशी करेंसी

**फरीदाबाद।** गुरुवार रात डा. शाहीन को निशानदेही के लिए लेकर पहुंची, तो टीम ने उससे ये डिजिटल लॉकर खुलवाया। लॉकर खोला गया, तो उसमें कई सारे पैकेट दिखे, जिसमें खाकी रंग की टेप भी लगी थी। शाहीन से उनके बारे में पूछा तो बोली कि इन पैकेट में सामान है। पैकेट खोलकर चेक किया, तो उसमें 500 के नोट भरे थे। सभी पैकेट खोलकर चेक किए तो इनमें 18.50 लाख रुपये नकद, सोने के दो बिस्किट, गहने मिले। सोने के बिस्किट व जूलरी का कुल वजन 300 ग्राम पाया गया। इसके साथ ही सऊदी अरब की करेंसी भी लॉकर से टीम को मिली।

# बंगाल में आठ महीने बाद वक्फ संशोधन कानून लागू



■ ममता बोली थीं- गोली मार दो, लेकिन धर्म के आधार पर बंटवारा नहीं होगा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता सरकार 8 महीने के विरोध के बाद नए वक्फ संशोधन कानून को लागू करने पर राजी हो गई है। राज्य सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि राज्य की 8063 वक्फ संपत्तियों की जानकारी 6 दिसम्बर 2025 तक केंद्र सरकार की यूएमआईडी वेबसाइट पर अपलोड करें।

वक्फ संशोधन कानून इस साल 4 अप्रैल को संसद के दोनों सदनों से पास हुआ था। तब पश्चिम बंगाल ने इसे अपने राज्य में लागू करने से मना कर दिया था। सीएम ममता बनर्जी ने 8 अप्रैल को एक रैली में कहा था कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है, मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा करेगी। चाहे कोई गोली मार दे, मुझे एकता से अलग नहीं किया जा सकता। बंगाल में धर्म के नाम पर बंटवारा नहीं होगा। कानून को अदालत में चुनौती दी गई है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नए प्रावधानों के लागू होने पर कोई रोक नहीं लगाई। इसलिए कानूनी रूप से राज्य सरकार पर इसे लागू करने की बाध्यता है। केंद्र सरकार का साफ निर्देश है कि सभी अविवादित वक्फ संपत्तियों का रिकॉर्ड डेडलाइन -शेष पृष्ठ दो पर

# शीतकालीन सत्र में भी सुनाई देगी SIR की गूंज

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ दिल्ली कार विस्फोट, ■ दिल्ली में प्रदूषण और नए श्रम कानूनों जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाएगा विपक्ष

**नई दिल्ली।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्ष के मौजूदा तेवरों को देखते हुए संसद के शीतकालीन सत्र में भी इसके छाए रहने की संभावना है। इस सत्र में विपक्ष दिल्ली कार विस्फोट, राजधानी दिल्ली में प्रदूषण की समस्या और नए श्रम कानूनों जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाएगा।

विपक्ष और सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संक्षिप्त सत्र के लिए कमर कस ली है और दोनों पक्ष अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटे हैं। शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक चलेगा और इस दौरान केवल 15 बैठकें होंगी। विपक्ष सत्र को संक्षिप्त रखे जाने पर भी सरकार पर हमलावर है। सरकार ने जहां इस सत्र में कॉरपोरेट कानून, परमाणु ऊर्जा और शिक्षा सहित दस विधेयकों को पारित कराने का एजेंडा तैयार किया है, वहीं विपक्ष एसआईआर, ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगातार किए जा रहे दावों, चीन के साथ संबंधों, आतंकवाद, प्रदूषण और अन्य मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, समाजवादी पार्टी और कुछ अन्य दलों ने एसआईआर के मुद्दे पर सरकार और चुनाव आयोग के बीच साठगांठ का आरोप लगाते हुए इसे संसद में जोर शोर से उठाने का संकेत दिया है। एसआईआर के मुद्दे पर तृणमूल के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात भी की है।






## संक्षिप्त समाचार

### विवेक चतुर्वेदी सीबीआईसी के अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को वर्तमान में केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य विवेक चतुर्वेदी को बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। यह नियुक्ति कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा अनुमोदित की गई तथा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा जारी आदेश में इसकी घोषणा की गई। श्री चतुर्वेदी 1990 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर) अधिकारी हैं। वह 28 नवम्बर 2025 को सीबीआईसी के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए संजय कुमार अग्रवाल की जगह लेंगे। सीबीआईसी में सदस्य बनने से पहले श्री चतुर्वेदी ने सीबीआईसी में सतर्कता के प्रधान महानिदेशक तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपनी सेवार दी। वह कर प्रशासन, सतर्कता एवं अनुपालन के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव के साथ शीर्ष पद पर पहुंचे हैं।

### अग्निवीरों ने गीता पर हाथ रखकर ली राष्ट्र रक्षा की शपथ

**वाराणसी।** छावनी स्थित 39 गोरखा ट्रेनिंग सेंटर (जीटीसी) में शनिवार को सैन्य परम्पराओं के अनुरूप अग्निवीरों की भव्य शपथ-परेड सम्पन्न हुई। अग्निपथ योजना के 06/25 बैच के कुल 353 अग्निवीरों ने पवित्र भगवद्गीता पर हाथ रखकर राष्ट्रध्वज की मर्यादा बनाए रखने और देश की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने का संकल्प लिया। समारोह में सैन्य अनुशासन, उत्साह और गौरव का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। समारोह के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर जयदीप चंदा, कमांडेंट, 39 जीटीसी ने परेड की सलामी ली

# एसआईआर पर चुनाव आयोग-भाजपा में मिलीभगत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। अखिलेश ने शनिवार को कहा कि एसआईआर को लेकर इतनी जल्दबाजी में क्यों हैं।

श्री यादव ने पत्रकारों से कहा कि शादियों के मौसम में सभी लोग व्यस्त हैं। इसी समय आयोग एसआईआर करवा रहा है। आखिर भाजपा और आयोग के बीच क्या शेटिंग है। एसआईआर को लेकर कोई बड़ी साजिश रची जा रही है। अखिलेश ने कहा है कि प्रदेश में लगातार शादियां हो रही हैं और शादियों के समय पर लोगों का एक दूसरे के यहां आना-जाना, शादी की तैयारी करना सब व्यस्त हैं। इतने कम समय में एसआईआर कराना पूरे प्रदेश का और किस-किस को आपने जिम्मेदारी दी हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी दोनों मिले हुए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि एसआईआर कराने की जल्दी क्यों है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को सहायक बनाया गया है। अखिलेश ने मलिहाबाद के मृतक बीएलओ विजय कुमार वर्मा की पत्नी और बेटे को 2 लाख रुपये का चेक सौंपा और कहा कि बीएलओ विजय कुमार की मौत ड्यूटी के दौरान ही हुई। अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वह ड्यूटी पर ना दिखाएं। बहुत सारे बीएलओ को जानकारी नहीं है। बिना ट्रेनिंग के एसआईआर की का काम कराया जा रहा है।



**अखिलेश ने कहा: शादियों के इस मौसम में सभी लोग व्यस्त हैं, ऐसे समय में ईसी एसआईआर करवा रहा है**

### आत्महत्या मामले को लोकसभा में उठाएंगे

**फतेहपुर।** अखिलेश यादव ने कहा है कि दलित लेखपाल के आत्महत्या के मामले को लोकसभा में उठाया जाएगा। श्री यादव शुक्रवार देर शाम मृतक लेखपाल के आवास पहुंचे और उनके परि. जनो का ढांढस बंधाया। इस अवसर पर उन्होंने मृतक के परिजनो को दो लाख रुपये का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि मृतक दलित बीएलओ का मुद्दा लोकसभा में उठाया जाएगा। दलित लेखपाल की आत्महत्या के लिए जो भी दोषी अधिकारी हैं उन पर अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। एसआईआर के लिए बिना प्रशिक्षण के ही बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है, वह दबाव में काम कर रहे हैं।

# युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और रोजगार दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकताः कपिल देव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रयास कर रही है।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय में विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और प्रशिक्षण केंद्रों की वास्तविक समय आधारित निगरानी सुनिश्चित की जाए, प्रशिक्षकों की उपस्थिति और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को प्रोत्साहित किया जाए, जबकि कमजोर प्रदर्शन वाले संस्थानों से लिखित स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि उद्योगों की मांग और युवाओं की रुचि के अनुरूप नए व्यवसाय आरम्भ किए जाएं और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार क्षेत्रों का उन्नयन किया जाए, ताकि युवाओं को उनके जनपद में ही बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। बैठक में आईटीओटी लखनऊ/ सुल्तानपुर के प्रशिक्षण आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि प्रशिक्षण सत्र 2015-16 से 2024-25 तक कुल 3181 प्रशिक्षार्थियों में से 3064 ने सीआईटीएस (शिल्प प्रशिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा) उत्तीर्ण की है। संस्थान में प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों, अनुद. ेशकों, कार्यदेशकों व अन्य कर्मचारियों के प्रशिक्षण की भी प्रभावी व्यवस्था की गई है। बैठक में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना की प्रगति भी प्रस्तुत की गई।



# बिना चिंता के नागरिक कराएं इलाज, सरकार मदद देगीः योगी

गोरखपुर, वार्ता

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वह बिना चिता किए उच्चीकृत अस्पतालों में इलाज कराए, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी।

योगी ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की और कहा कि उपचार में जो भी धनरा. शि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपना कर उसकी समस्या का समाधान किया जाए।



## देश की वर्तमान स्थिति अत्यंत संवेदनशील और चिंताजनक

# जिहाद जैसे शब्दों पर मदनी ने जताई आपत्ति

भोपाल, वार्ता

**भोपाल में** जमीयत उलेमा -ए-हिंद की नेशनल गवर्निंग बाडी मीटिंग में इस्लामी विद्वान मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि इस्लाम और मुसलमानों के दुश्मनों ने जिहाद जैसी इस्लाम की पवित्र अवधारणा को दुर्व्यवहार, अव्यवस्था और हिंसा से जुड़े शब्दों में बदल दिया है।

लव जिहाद, भूमि जिहाद, शिक्षा जिहाद जैसे शब्दों का इस्तेमाल करके मुसलमानों को गहरी ठेस पहुंचाई गई है। इससे धर्म का अपमान होता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार और मीडिया में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग भी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने में कोई शर्म महसूस नहीं करते है। मदनी ने कहा कि देश की वर्तमान स्थिति अत्यंत संवे. दनशील और चिंताजनक है। दु:ख की बात है कि एक विशेष समुदाय को जबरन निशाना बनाया जा रहा है, जबकि अन्य समुदायों को कानूनी रूप से शक्तिहीन, सामाजिक रूप से अलग-थलग और आर्थिक रूप से अपमानित किया जा रहा है। भीड़ द्वारा हत्या, बुलडोजर कार्रवाई, वक्फ संपत्तियों पर कब्जा और धार्मिक मदरसों व सुधारों के विरुद्ध नकारात्मक अभियान जैसे व्यवस्थित और संगठित प्रयास उनके धर्म, पहचान और अस्तित्व को कमजोर करने के लिए किए जा रहे हैं। एसआईआर भी किया जा रहा है, और यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है, अगर हम इस पर कड़ी नजर रखें, तो हम निराशा से बच सकते हैं, क्योंकि निराशा किसी भी समुदाय के लिए जहर है और अगर कोई समुदाय जीवित है, तो इससे बचने की और भी ज्यादा जरूरत है। मदनी ने कहा कि इस देश में मुसलमानों के अनुकूल लगभग 10 फीसदी लोग हैं, जो अलग-अलग वजहों से हमारे पक्ष में हैं। इसी तरह लगभग 30 फीसदी लोग समुदाय के विरोध में हैं, जबकि एक अनुमान के अनुसार 60 फीसदी लोग ऐसे हैं, जो न हमारे अनुकूल हैं और न ही विरा. ेध में। यह जो खामोश बहुमत है, उसे फिरका-परस्त लोग अपनी ओर झुकाने की कोशिश कर रहे हैं, यदि यह वर्ग उनके प्रभाव में आ गया, तो ये देश व मुसलमानों दोनों के लिए एक गंभीर खतरे की घंटी होगी। मदनी ने कहा कि बहुत अफसोस के साथ ये कहना पड़ रहा है कि बीते कुछ अरसे से बाबरी मस्जिद, तीन तलाक और कई अन्य मामलों में फैसलों के बाद ऐसा लगता है कि पिछले कुछ वर्षों से अदालतें सरकार के दबाव में काम कर रही हैं। यदि हम चाहते हैं कि फिरकापरस्त कामयाब न हों, तो समुदाय को मानवता की चिंता करने वाला रवैया अपनाना होगा।



**कहा: इस्लाम और मुसलमानों के दुश्मनों ने जिहाद जैसी इस्लाम की पवित्र अवधारणा को दुर्व्यवहार, अव्यवस्था और हिंसा से जुड़े शब्दों में बदल दिया है**

### महमूद मदनी पर भाजपा का पलटवार

**भुवनेश्वर।** जमीयत उलेमा -ए-हिंद प्रमुख मौलाना महमूद मदनी के बयान पर भाजपा की तरफ से पलटवार किया गया है। संबित पात्रा ने कहा कि उनकी तरफ से भोपाल में दिया गया बयान भड़काऊ और देश को बांटने वाला है। जिहाद के नाम पर जिस प्रकार से लोगों ने भारत में ही नहीं, बल्कि भारत के बाहर भी आतंक फैलाया है, वह हमने देखा है। उन्होंने आगे कहा कि मौलाना मदनी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट को सुप्रीम कहलाने का कोई अधिकार नहीं है। मौलाना मदनी के इस बयान को सुप्रीम कोर्ट को स्वत: संज्ञान में लेकर इसकी सुनवाई करनी चाहिए। संबित पात्रा ने कहा कि मौलाना मदनी ने अपने भाषण में जिहाद शब्द का इस्तेमाल करते हुए कहा कि जहां भी अत्याचार हो, वहां जिहाद होना चाहिए। उन्होंने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि ऐसे शब्द देश को बांटने का काम करते हैं। जिहाद के नाम पर दुनिया के कई हिस्सों में आतंकवाद फैला है।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40
सोना रु. 125770 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)
चांदी रु. 155000 प्रति किलो



# अक्टूबर में हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर अक्टूबर में हवाई यात्रा की मांग में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मांग 8.5 प्रतिशत और घरेलू यात्रा की मांग 3.4 प्रतिशत बढ़ी है। हवाई यात्रा की मांग को राजस्व यात्री किलोमीटर के रूप में मापा जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आयटा) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में 2024 के मुकाबले अक्टूबर 2025 में कुल मांग 6.6 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, कुल क्षमता (उपलब्ध सीट किलोमीटर) 5. 8 प्रतिशत और लोड फैक्टर (भरी सीटों का अनुपात) 84.6 प्रतिशत पर पहुंच गया जो एक साल पहले के मुक. ाबले 0.7 प्रतिशत अधिक है। विमान सेवा कंपनियों ने अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के लिए क्षमता में 7.1 प्रतिशत की और घरेलू यात्रा के लिए 3.6 प्रतिशत की वृद्धि की। आयटा के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि अक्टूबर के महीने में अच्छा प्रदर्शन रहा। कई महीने के सपाट प्रदर्शन के बाद उत्तरी अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय यातायात में 4. 5 प्रतिशत की वृद्धि उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि साल के अंतिम दो महीने के लिए ट्रेंड उत्साहजनक है। शिड्यूल के अनुसार नवम्बर में सीट क्षमता 3.6 प्रतिशत और दिसम्बर में 4. 7 प्रतिशत बढ़ेगी। जारी आंकड़ों के अनुसार तीसरी तिमाही में पश्चिम एशिया में हवाई यात्रा की मांग सबसे अधिक 10.5 प्रतिशत बढ़ी। अफ्रीका में इसमें 8.8 फीसदी, एशिया प्रशांत क्षेत्र में 8.1 फीसदी, यूरोप में 6.7 फीसदी, लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों में 6.1 प्रतिशत और उत्तरी अमेरिका में 2.5 प्रतिशत बढ़ी है। आयटा ने अक्टूबर के हवाई माल परिवहन के भी आंकड़े जारी किए हैं। माल परिवहन की मांग, जिसे कार्गो टन.किलोमीटर के रूप में मापा जाता है, अक्टूबर में 4.1 प्रतिशत बढ़ी। यह लगातार आठवां महीना है जब इसमें वृद्धि दर्ज की गई है।



### अनंत गोयंका बने फिक्की के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** आरपीजी समूह के उपाध्यक्ष अनंत गोयंका ने 2025-26 के लिए उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष का पद भार संभाल लिया है , सनमार समूह के अध्यक्ष विजय शंकर नए वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने हैं। फिक्की की 98वीं आम सभा के दौरान दोनों ने पदभार ग्रहण किए। डालमिया भारत लिमिटेड के प्रबंध निद. ेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत डालमिया ने उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली है। श्री गोयंका टायर, बुनियादी ढांचा, फार्मा और आईटी तथा अन्य क्षेत्रों में कारोबार करने वाली 4.8 अरब डॉलर के आरपीजी समूह के उपाध्यक्ष हैं। वह सिएट के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी रहे थे। उनके कार्यकाल में कंपनी का बाजार पूंजीकरण 25 गुना बढ़ा था। रसायन, इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी और शिपिंग क्षेत्रों के लिए विनिर्माण करने वाली सनमार समूह के अध्यक्ष शंकर टीवीएस मोटर, भारतीय परिवहन निगम, ऑरिएंटल होटल्स और कावेरी रिट्रीट्स एंड रिजॉर्ट्स के निदेशकमंडलों में स्वतंत्र निदेशक हैं।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी मजबूत दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमतों में नरमी रही। गेहूं के दाम भी घट गए। चीनी में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 21 रुपये टूटकर 3,822.15 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई। गेहूं भी 14 रुपये की गिरावट के साथ 2,838.46 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत चार रुपये बढ़ी। दाल.दलहनों में उड़द दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई।

तुअर दाल 60 रुपये और मसूर दाल 53 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। चना दाल 32 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 159 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सरसों तेल की कीमत 39 रुपये और पाम ऑयल की 21 प्रति क्विंटल टूट गई। वनस्पति 20 रुपये और सोया तेल 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ जबकि सूरजमुखी तेल चार रुपये महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ 21 रुपये प्रति क्विंटल ऊपर बोली गई। चीनी भी दो रुपये महंगा हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल.दलहन : दाल चना 7831.94 रुपये, मसूर काली 8108.01 रुपये, मूंग दाल 10103.30 रुपये, उड़द दाल 10359.29 रुपये, तुअर दाल 10539.50 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2838.46 रुपये और चावल 3822.15 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3302.14 प्रति क्विंटल। चीनी. गुड़ : चीनी एस 4325.87 रुपये और गुड़ 4996.60 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17661.95 रुपये, मूंगफली तेल 17571.59 रुपये, सूरजमुखी तेल 15686.46 रुपये, सोया तेल 13772. 87 रुपये, पाम ऑयल 12443.01 रुपये और वनस्पति 14465.02 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**एनआईए ने...**पुलिस से संपर्क साधा। शनिवार दोपहर इसी मामले को लेकर पुलिस बहुउद्देशीय पहुंचे लोगों का कहना है कि एनआईए ने एसटीएफ और हल्द्वानी पुलिस के साथ मिलकर बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के लाइन नंबर आठ और खिचड़ी मोहल्ला में दबिश दी। लाइन नंबर आठ में बिलाली मस्जिद के इमाम मोहम्मद आसिम कासमी को उस वक्त हिरासत में लिया, जब वह बिलाली मस्जिद के पास किराए के घर में सो रहा था। इसी समय पर खिचड़ी मोहल्ले से एक इलेक्ट्रीशियन नजर कमाल को उसके घर से हिरासत में लिया गया। सूत्र बताते हैं कि हजारों की संख्या में कॉल डिटेल खंगाल रही एजेंसियों को कुछ संदिग्ध मोबा. इल नंबर मिले थे, जो उत्तराखंड में संचालित थे। हिरासत में लिए गए इमाम मौलाना मोहम्मद आसिम कासमी रामपुर जिले के टांडा दड़ियाल का रहने वाला है और विगत चार साल से यहां इमामत कर रहा है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। सुरक्षा एंजेसियों के साथ रात एसटीएफ और लोकल पुलिस ने कार्रवाई की।

**बंगाल में...**(6 दिसम्बर) तक यूएमआईडी पोर्टल पर अपलोड होना चाहिए। ममता सरकार इस निर्देश का पालन न करके कानूनी विवाद में नहीं फंसना चाहती। केंद्र ने नए नियमों में वक्फ बोर्डों और मुतवल्लियों की जवाबदेही बढ़ाई है। राज्यों के लिए डेटा अपलोड करना अनिवार्य प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा बन गया है। वक्फ संशोधन कानून 8 अप्रैल से देशभर में लागू कर दिया गया था। वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को लोकसभा से और 3 अप्रैल को राज्यसभा से पास हुआ था। 5 अप्रैल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बना था। हालांकि नए वक्फ कानून की संवैधानिकता के खिलाफ 12 याचिकाएं दाखिल की गईं थीं। 15 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने संशोधन कानून पर रोक से इन्कार कर दिया था।

### वायु प्रदूषण से बचाव के गंभीर प्रयास करे सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण अत्यंत चिंता. जनक स्थिति में पहुंच गया है और धीमा जहर बनकर जीवन के लिए खतरा बन गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस समस्या के निदान के लिए सरकार इस पर संसद में चर्चा कराए और राष्ट्रीय स्तर पर संकट के समाधान के लिए सख्त कदम उठाए। श्री दीक्षित ने इस मुद्दे पर सरकार तीखा हमला किया और कहा कि सरकार प्रदूषण को कंट्रोल करे और अगर वे यह काम नहीं कर पा रहे हैं, तो उन्हें सरकार कहलाने का हक नहीं है। मेरा यही कहना है -जनता को गुमराह करना बंद करिए, क्योंकि एयर पॉल्यूशन के चलते यह शहर अब रहने लायक नहीं बचा है।

# नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जल्द बढ़ेंगी जमीन अधिग्रहण की दरें, निर्देश जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा में ज़मीन अधिग्रहण की दरों में वृद्धि के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

यह फैसला किसानों की लगातार उठ रही उस मांग के बाद आया है, जिसमें उन्होंने वर्तमान दरों को बाज़ार मूल्य से काफी कम बताते हुए संशोधन की बात कही थी। फिलहाल गौतमबुद्ध नगर में सरकार द्वारा तय दरें नोएडा में 5,100 रुपये प्रति वर्गमीटर, ग्रेटर नोएडा में 4,100 रुपये प्रति वर्गमीटर और यमुना सिटी में 4,300 रुपये प्रति वर्गमीटर हैं। लंबे समय से इन दरों में बदलाव न होने के कारण किसानों में असंतोष बढ़ रहा था। सरकार से जुड़े सूत्रों के मुता. बिक, सरकार नोएडा में दरों को बढ़ाकर 9,000 रुपये प्रति वर्गमीटर और ग्रेटर नोएडा में 7,000 रुपये प्रति वर्गमीटर करने पर विचार कर रही है। वहीं यमुना सिटी की दरें वर्ष 2024 में ही संशोधित की गई थीं, इसलिए यहां तत्काल बढ़ोतरी की संभावना कम है। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश गुरुवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के निरीक्षण के दौरान दिए थे। इस मौके पर उन्होंने ज़मीन अधिग्रहण से जुड़ी लंबित समस्याओं और किसानों के विरोध से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की।

जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के सामने सीधे यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने बताया कि किसानों की मांग को लेकर पहले भी राज्य सरकार और औद्योगिक विकास विभाग से वार्ता की गई थी। उन्होंने कहा कि, गुरुवार को हवाईअड्डे के निरीक्षण के दौरान हमने पुन: इसे उठाया।



शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से मेहमान की दर्दनाक मौत

## मामा के घर आया था मृतक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मामा के यहां पर मेहमान आया युवक ट्रैक्टर की टक्कर लगने से मौत के मुंह में समा गया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्यवाही शुरु कर दी। फुगाना थाना क्षेत्र के गांव कुरावा निवासी अरविंद कुमार के यहां पर आज शनिवार की सुबह उसका सगा भांजा योगेश कुमार पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी गांव जसाला थाना कांधला जनपद शामली मेहमानदारी में आया हुआ था। जब वह अपने मामा अरविंद कुमार के घर के बाहर खड़ा हुआ था तो तभी तेज गति से आए एक ट्रैक्टर के चालक ने ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर योगेश कुमार को मारि दी और ट्रैक्टर सहित फरार हो गया जबकि टक्कर लगते ही योगेश नीचे गिर पड़ा और खून से तरबतर हो गया। उसके मामा ने गांव के लोगों की सहायता से गंभीर रुप से घायल हुए योगेश को गांव के ही एक चिकित्सक को दिखाया तो उसने उसको कहीं और ले जाने को कहा। कुछ ही देर बाद घटना की सूचना पर फुगाना पुलिस मौके पर आ गयी और बुढ़ाना के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को मिली तो उनमें को. हराम मच गया। पुलिस ने शव को पीएम हेतू भेजकर चालक की तलाश शुरु कर दी है।

# छत से गिरी महिला ने तोड़ा दम, हंगामा

■ मयके वालों ने ससुरालियों पर लगाया दहेज हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में दर्दनाक तरीके से मौत हो गयी। बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव खेडामस्तान में बीते शुक्रवार को 23 वर्षीया आरती पत्नि रोहित की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। ग्रामीणों का कहना था कि वह छत पर कपडे सुखा रही थी कि अचानक बंदरों के हमले से वह छत से नीचे गिर गई। सिर में चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला बागपत के गांव बसी निवासी मृतका के मायके वाले गांव बसी से थाना फुगाना पहुंचे।

मृतका आरती की माता मुनेश पत्नि सोहनबीर ने बेटी के पति व मायके वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया। आरोप है कि उनकी बेटी से ससुराल वाले व मृतका का पति दहेज में 50 हजार की नकदी, बाइक और सोने के आभूषण की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नही होने पर उनकी बेटी की दोपहर करीब 1 बजे गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृतका की माता मुनेश ने फुगाना थाना में सास बबली, ननद अंशु, देवर विकास, पति रोहित और ससुर ओमकार के खिलाफ तहरीर दी है। उधर फुगाना पुलिस ने बताया कि मृतका की माता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। फुगाना थानाध्यक्ष विजय कुमार ने दहेज हत्या के मामले में दो महिलाओं सहित 5 ग्रामीणों में से 3 को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है, जबकि बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। विवाहिता की मौत से परिवार में शोक छाया रहा और दोनो ही पक्ष आरोप प्रतियारोप लगाते रहे।

# कब्र से निकलेगा वसीम का शव, एसडीएम ने पांच दिसंबर को कार्रवाई का दिया आश्वासन

■ मृतक की माँ की गुहार पर होगी कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** संदिग्ध हालात में मृत मिले नई आबादी निवासी वसीम शेख की मौत का सच सामने लाने के लिए उसकी मां की जद्दोजहद जारी है। शनिवार को मृतक की मां सईदा ने खतौली एसडीएम निकिता शर्मा से मुलाकात कर बेटे के शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग दोहराई। शिकायत सुनने के बाद एसडीएम ने 5 दिसंबर को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कब्र से शव निकालने का आश्वा. सन दिया।



एसएसपी-डीएम से लेकर सीएम पोर्टल तक गुहार, पर कार्रवाई अटकी रही मृतक वसीम की मां पहले भी एसएसपी और जिलाधिकारी से मिलकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर चुकी हैं। डीएम उमेश कुमार मिश्रा ने एसडीएम खतौली को कब्र से शव निकालकर पोस्टमार्टम कराने के निर्देश भी दिए थे, लेकिन एसआईआर अभियान में व्यस्तता के कारण कार्रवाई नहीं हो सकी। पीड़िता का कहना है कि कार्रवाई में देरी से परिवार की पीड़ा और बढ़ रही है। वह किसी भी हालत में अपने बेटे की मौत का कारण जानना चाहती हैं।

वायरल वीडियो ने उठाए कई सवाल, मुझे प्रताड़ित किया गया मामले ने उस समय तूल पकड़ा जब वसीम की मौत के कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर उसका एक वीडियो वायरल हुआ।

वीडियो में वसीम अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष पर मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाते हुए कहता दिखा मेरी पत्नी, सास और साले ने मुझे बहुत परेशान किया है, मेरे बच्चों को न्याय मिले। वसीम ने यह भी कहा था कि वह लगातार प्रताड़ना के कारण टूट चुका है और अब और सहन नहीं कर सकता।

लोनी से बरामद हुआ था शव, परिजनों ने कहा-यह आत्महत्या नहीं, हत्या है। 21 अक्टूबर को दिल्ली के लोनी क्षेत्र से वसीम का शव बरामद हुआ था। वह बीते छह महीने से अपनी पत्नी के साथ अंकुर विहार, लोनी में रह रहा था, जहां पारिवारिक कलह बढ़ता जा रहा था। परिजनों का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि एक साजिशन की गई हत्या है। उनका कहना है कि वसीम को लगातार प्रताड़ित किया जाता था और उसे 'मरने पर मजबूर' किया गया।

पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, ससुराल पक्ष पर गंभीर धाराओं में कार्रवाई: परिवार की लगातार शिकायतों और वायरल वीडियो के बाद मामला मुख्यमंत्री पोर्टल तक पहुंचा। इसके बाद लोनी थाने की पुलिस ने वसीम की पत्नी सोनिया, सास रहीसा, साला शाहनवाज और साली बेबी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

मां की अरज सच्चाई सामने आए, मेरे बेटे को न्याय मिले। मृतक की मां सईदा का कहना है कि मेरे बेटे की मौत कैसे हुई, यह जाने बिना हम चैन से नहीं बैठेंगे। अगर पोस्टमार्टम होगा तो सच सामने आएगा। एसडीएम द्वारा 5 दिसंबर को कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद परिवार अब न्याय की उम्मीद लगाए बैठा है।




मुजफ्फरनगर: संविधान के अमृतकाल विषय पर आयोजित गोष्ठी में न्यायमूर्ति और अतिथिगण।

# संविधान राष्ट्रीय जीवन की आत्मा: पहल

## सिविल बार संघ के सभागार में संविधान गोष्ठी का आयोजन

■ महिला अधिवक्ता कॉमन कक्ष का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति कृष्ण पहल सिविल बार एसोसिशन के संयुक्त तत्वाधान में संविधान के अवसर पर संविधान का अमृतकाल विषय पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे।

उन्होने इस दौरान सिविल बार संघ परिसर में महिला अधिवक्ता के कॉमन कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। इलाहाबाद के उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने कहा कि संविधान राष्ट्रीय जीवन की आत्मा है।

इससे पहले न्यायमूर्ति कृष्ण पहल का स्वागत किया गया। और गोष्ठी का शुभारंभ द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस दौरान गोष्ठी में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की चेयरमैन आदेश नैन अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष विजय कुमार त्यागी, महामंत्री सलेक चंद व सुनील मित्तल और राज सिंह रावत तथा डीजीसी सिविल गौरव गोयल, अरूण शर्मा, निर्मल मित्तल, ठाकुर भूपेन्द्र सिंह, बाल कृष्ण शर्मा, बार संघ के सचिव चन्द्रवीर सिंह निर्वाल, विष्णू गर्ग कोषाध्यक्ष, सुरेन्द्र मलिक, सुभाष चंद, सुखदेव मित्तल, सतेन्द्र सिंह, टेक बहादुर सिंह सैनी, सुगंद जैन, कुलदीप पंडित, कैलाश कुमार, सुरेन्द्र मेनवाल इस दौरान गोष्ठी में मौजूद रहे। गोष्ठी का संचालन दीपाशा गौतम और ललिता रानी ने संयुक्त रूप से किया।

# साइड लगने पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## दो समुदायों के बीच हुई कहासुनी में चले लाठी-डंडे

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली भूड़ क्षेत्र में शुक्रवार को ट्रैक्टर की साइड लगने के विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। दो समुदायों के लोगों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ी कि देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे चल गए। भिड़ंत में एक पक्ष के आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से तीन की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार, गांव जंधेड़ी जाटान निवासी आदित्य पुत्र कृष्णपाल, अपने रिश्तेदारों रितिक सैनी पुत्र सतबीर, अभिषेक सैनी पुत्र ज्ञानचंद, बंटी पुत्र महिपाल, अमरजीत पुत्र ईश्वर और काले पुत्र ज्ञानचंद के साथ ट्रैक्टर से भात देने के लिए शुक्रताल जा रहा था। खतौली भूड़ फलावदा मार्ग पर पहुंचते ही ट्रैक्टर की साइड वहीं पैदल चल रही दूसरे समाज की महिलाओं को लग गई।

महिलाओं ने इस पर आपत्ति जताई और अपने परिवार के अन्य लोगों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि इसके बाद महिलाओं के पक्ष के लोगों ने सैनी समाज के युवकों से कहासुनी करते हुए गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। देखते-ही-देखते दोनों पक्षों की भिड़ंत खूनी संघर्ष में बदल गई। मारपीट में आदित्य समेत रितिक, अभिषेक, बंटी, काले और अमरजीत गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल पक्ष कोतवाली पहुंचा और हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तुरंत घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। घटना के बाद दूसरे पक्ष, दलित समाज के लोग भी कोतवाली पहुंचे और अपनी ओर से तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों से तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

घटना के बाद दोनों पक्षों में रोष व्याप्त है। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में समझौता वार्ता चल रही थी।

# ढाबे पर दो पराठों के लिए 460, डीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हाईवे पर ढाबा चलाने वाले पूरी तरह मनमानी करते है यात्रियो को ढाबे पर बैठाकर उनसे मनमानी वसूली करते है। इतना ही नही जब मनमाने रेट का विरोध किया जाता है तो ढाबे के कर्मचारी यात्रियों से दुर व्यवहार व गाली गलोच करते है। ऐसा आरोप शनिवार को यात्रियों व रोडवेज अधिकारियों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों से की गई है। यात्रियों ने यह शिकायत रोड़वेज के उच्च अधिकारियों से करते हुए ढाबे पर होने वाली मानमानी पर रोक लगाने की मांग की है। शनिवार को संयुक्त विकास शोषित कल्याण संघ के लोगों ने शनिवार को कचहरी परिसर स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर हाईवे पर स्थित ढाबा मालिक व उनके कर्मचारियों के विरूद्ध हंगामा



किया। कल्याण संघ और यहां पहुंचे यात्रियों का आरोप था कि हाइवे पर स्थित ढाबे के चाय और दो पराठों की कीमत 460 रूपये वसूले जा रहे है और जब यात्री इसका विरोध करते है तो ढाबे के कर्मचारियों से सवारियों से बदसल. ूकी और गाली गलौच करते है। यहां पहुंची यात्रियो की भीड और संयुक्त विकास शोषित कल्याण संघ से जुडे लोगों ने बताया कि ढाबों पर खाद्य पदार्थो के नाम पर अवैध रूप से वसूली की जा रही है। उन्होने रोडवेज अधिकारियों को भी इस संबंध में एक पत्र लिखा और ढाबे पर होने वाली मनमानी व अन्य घटनाओं पर रोष प्रकट करते हुए उन पर रोक लगाने की मांग की। बता दे कि अधिकतर रोडवेज ढाबो पर रूकती है जहां रोडवेज के चालक और परिचालक को ढाबे पर अच्छी सुविधा दी जाती है। इन ढाबों पर खाने-पीने से लेकर कुछ नगदी देने की भी चर्चाए हमेशा रही है और इन सब की वसूली यात्री से होती है। शिकायतकर्ता ने बताया कि हाल में भी नई मंडी क्षेत्र के गांव रथेडी निवासी आशू अलवी व अन्य यात्री मेरठ से सहारनपुर डीपो में सवार होकर आ रहे थे। बस खतौली बाइपास स्थित एक ढाबे पर रूकी ढाबे के कर्मचारियों ने बस से यात्रियो का उतरवाया और जब यहां पर एक चाय और दो पराठे लिए तो उनका बिल 460 रूपये बताया गया। जब इसका विरोध किया तो यहां के कर्मचारियों ने शिकायतकर्ता की धुनाई कर दी। बताया जाता है कि इस समय तो सभी सवारियो झगडे के डर से रवाना हो लिए, लेकिन जब बस में चैकिंग के लिए रोडवेज अधिकारी बस में आए तो सभी ने इसकी शिकायत की। इसके बाद ही डीएम कार्यालय पर भी इसकी शिकायत की गई।

## आरआई के पुत्र ने मेरठ में की आत्महत्या

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ सुभारती यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की तैयारी कर रहे छात्र ने अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक छात्र जनपद मुजफ्फरनगर के पुलिस महकमे में अफसर का बेटा बताया गया है। बताया जाता है कि मूल रूप से जनपद अलीगढ़ के डीफेंस कम्पाउंड संगम सिटी का रहने वाला गौपेश कृष्ण पुत्र उदल सिंह मेरठ के सुभारती यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस प्रथम वर्ष का छात्र था। आज कॉलेज मैनेजमेंट व पुलिस को सूचना मिली कि एमबीबीएस के छात्र गोपेश कृष्ण ने अपने होस्टिल स्थित कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

# अधिवक्ता को पटाखों से झुलसाया, दी तहरीर

**बुढ़ाना।** एक अधिवक्ता के उपर जान बूझकर जलता पटाखा छोड़ा गया। जिसमें अधिवक्ता झुलस गये। अधिवक्ता ने बुढ़ाना पुलिस को आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। अधिवक्ता विश्वास त्यागी पुत्र कुबैर दत्त त्यागी निवासी मौहल्ला पश्चिमी पछाला बुढ़ाना ने शनिवार को पुलिस को बताया कि शनिवार की प्रथम रात्रि 12 बजे वे अपने घर के सहन में खड़े थे। उसी समय उनके घर के आगे से आकाश पंवार पुत्र राजेश निवासी मौहल्ला पश्चिमी पछाला बुढाना तथा बारात में शामिल अन्य व्यक्ति गैर कानूनी तरीके से तेज आवाज में डीजे म्यूजिक बजा रहे थे। जिससे गंभीर ध्वनि प्रदूषण व वायु प्रदूषण उत्पन्न हो रहा था। रात्रि 12 बजे के बाद तेज आवाज में संगीत बजाना व आतिशबाजी करना पूर्णत: गैरकानूनी है। उसी दौरान बारात में आतिशबाजी करने वाले व्यक्तियों ने उन्हें नुकसान पहुंचाने की नीयत से आतिशबाजी का बम पटाखा तेजी से उनकी ओर चलाया। वो आतिशबाजी सीधे उनके सीने और हाथ पर लगी। जिससे उसके कपड़े जल गए व उसका हाथ व सीना झुलस गया जो गंभीर घटना है। इस घटना के समय उनके द्वारा इन्हें रोकने का प्रयास करने पर भी आरोपियों ने कोई ध्यान नहीं दिया तथा उपद्रव जारी रखा। उक्त कृत्य दंडनीय अपराध है। संबंधित प्रदूषण अधिनियम का उल्लंघन है। इसलिए आरोपियों के विरुद्ध विधिक धाराओं में एफआईआर पंजीकृत करके कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाएं वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

# वन विभाग ने मंदिर में घुसी पटडागोह पकड़ी

■ ग्रामीणों में मची अफरा-तफरी, छोड़ा सुरक्षित स्थान पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा में स्थित मंदिर में मेंटर नाम का जंगली जानवर घुस आया। जिसके चलते पूजा कार्य बंद कर दिये गये। भोपा थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा मे स्थित काली माता मंदिर के केयर टेकर मोनू कुमार ने बताया की शनिवार की सुबह पटड़ागोह नामक जंगली जानवर मंदिर मे घुस आया था। जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गयी। सूचना पर पहुंचे मोरना वनरेंज के बीट इंचार्ज कर्मवीर सिंह ने बताया की मंदिर मे जंगली जानवर के होने की सूचना मिली थी। स्थानीय भाषा मे इस जंगली जानवर को पटड़ागोह कहा जाता है। जिसे पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया है। वहीं मेंटर अथवा पटड़ा गोह की मंदिर मे उपस्थिति के दौरान घंटो पूजा कार्य बंद रहा।


੧ਓ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)

Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)

Where service is a way of life

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

**सी-1ए, सेक्टर-63, नोएडा फोन: 0120-4314956**

**अचल संपत्ति की बिक्री हेतु ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना दिनांक 30.12.2025 को प्रात: 11.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (SARFAESI) अधिनियम, 2002 (2002 की संख्या 54) के अंतर्गत बैंक को गिरवी रखी गई चल संपत्ति की बिक्री। जबकि, पंजाब एवं सिंध बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (SARFAESI) अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसार हमारी शाखा में निम्नलिखित ऋण खातों में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का कब्जा ले लिया है, जिन्हें बैंक के बकाया की वसूली के लिए 'जैसा है, जहां है और जैसा है, के आधार पर' बेचने का अधिकार है। बिक्री https://baanknet.com/ पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

**अचल संपत्तियों का विवरण**

| क्रं. सं. | उधारकर्ता का नाम / गारंटर और शाखा | संपत्ति का विवरण / संपत्ति आईडी | प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं संपर्क नम्बर | कब्जे का प्रकार | डिमांड नोटिस की तिथि और बकाया राशि (रु.) उस पर भविष्य का ब्याज और अन्य खर्च | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि | संपत्ति छवि / वीडियो के लिए क्यूआर कोड | संपत्ति स्थान के लिए क्यूआर कोड | सेवा प्रदाता के लिए क्यूआर कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **कर्जदार** – पारस अरोड़ा पुत्र कुंदन लाल अरोड़ा, **सह-कर्जदार**– श्रीमती रजनी अरोड़ा पत्नी पारस अरोड़ा **गारंटर** – मोहम्मद अलीम पुत्र मोहम्मद सालीम, **शाखा** – मुजफ्फरनगर | प्लॉट नंबर 12 दीपचंद कॉलोनी यूसुफपुर परगना, तहसील और जिला मुजफ्फरनगर में मौजूद 83.60 वर्ग मीटर की प्रॉपर्टी का पूरा हिस्सा, जो सब रजिस्ट्रार ऑफिस 1 मुजफ्फरनगर में बही नंबर 1 जिल्द नंबर 6986, पेज नंबर 199 से 216 पर सीरियल नंबर 5661 तारीख 30-04-2012 पर रजिस्टर्ड है। सम्पति की सीमाएं इस तरह हैं: उत्तर: के.पी. सिंह का घर, दक्षिण: बिक्रीकर्ता का बचा हुआ हिस्सा, पूर्व: आलोक कुमार स्वरूप की सम्पत्ति, पश्चिम: 20 फीट चौड़ी सड़क क्षेत्रफल - 83.60 Sq.Mt सम्पति आईडी - **PSIB00000953** | शाखा – मुजफ्फरनगर मोबाइल – 8376007639 नाम : श्री विक्रम यादव ई-मेल– vikram.yadav@psb.bank.in | सांकेतिक कब्जा | 04.02.2025 29.01.2025 तक रुपये 3677457.94 + उस पर और ब्याज, खर्च और अन्य व्यय | रु. 57,47,000/- / रु. 5,74,700/- / रु. 25000/- | | | |
| 2. | **कर्जदार** – मिस्टर नैमुद्दीन **सह-कर्जदार**– मिस्टर फरीदा **गारंटर** – मोहम्मद सरफराज **शाखा** – मुजफ्फरनगर | 132.42 वर्ग मीटर की सम्पत्ति का पूरा हिस्सा, जो मोहल्ला रामपुरी सेक्टर 1 (मोहल्ला रहमानिया) शाहबुद्दीनपुर रोड पर खसरा नंबर 307/1 परगना और तहसील और जिला मुजफ्फरनगर का हिस्सा है। यह सब रजिस्ट्रार ऑफिस सदर ।। मुजफ्फरनगर में बही नंबर 1 जिल्द नंबर 6660, पेज नंबर 29 से 74 पर सीरियल नंबर 5093 तारीख 24-05-2016 पर रजिस्टर्ड है। सम्पत्ति की सीमाएं इस तरह हैं: उत्तर: निसार अहमद का प्लॉट, दक्षिण: 12 फीट चौड़ा रास्ता, पूर्व: श्रीमती सगीर फातमा का घर, पश्चिम: अन्य का घर। क्षेत्रफल - 132.42 Sq.Mt सम्पति आईडी - **PSIB00000843** | शाखा – मुजफ्फरनगर मोबाइल – 8376007639 नाम : श्री विक्रम यादव ई-मेल– vikram.yadav@psb.bank.in | सांकेतिक कब्जा | 04.02.2025 31.01.2025 तक रुपये 1687080.25 + उस पर ब्याज, खर्च और और अन्य व्यय | रु. 29,73,000/- / रु. 2,97,300/- / रु. 25000/- | | | |
| 3. | **कर्जदार** – साइस्ता **सह-कर्जदार**– शमशाद **गारंटर** – भूरा **शाखा** – मुजफ्फरनगर | सम्पत्ति मकान नंबर 288/1 का पूरा हिस्सा, जिसका माप 240.34 वर्ग गज है, महमूद नगर मुजफ्फरनगर परगना और तहसील और जिला मुजफ्फरनगर में है। जो सब रजिस्ट्रार ऑफिस सदर मुजफ्फरनगर में बही नंबर 1 जिल्द नंबर 7176, पेज नंबर 27 से 74 पर सीरियल नंबर 5031 तारीख 19-06-2017 पर रजिस्टर्ड है। प्रॉपर्टी इस तरह से घिरी हुई है: उत्तर: नूर हसन का प्लॉट, दक्षिण: 10 फीट चौड़ा रास्ता, पूर्व: 10 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिम: खालिद का घर। क्षेत्रफल - 240.34 Sq.Yard सम्पति आईडी - **PSIB00000905** | शाखा – मुजफ्फरनगर मोबाइल – 8376007639 नाम : श्री विक्रम यादव ई-मेल– vikram.yadav@psb.bank.in | सांकेतिक कब्जा | 01.05.2024 30.04.2024 तक रुपये 3561488.58 + उस पर और ब्याज, खर्च और और अन्य व्यय | रु. 40,00,000/- / रु. 4,00,000/- / रु. 25,000/- | | | |

संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय: 26.12.2025 (सुबह 11.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक) ★ ईएमडी और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 29.12.2025 अपराह्न 04.00 बजे तक

बोलीदाताओं द्वारा ईएमडी को ई-नीलामी पोर्टल यानी **https://baanknet.com/** पर उपलब्ध कराए गए अपने वॉलेट में एनईएफटी/आरटीजीएस/चालान के माध्यम से स्थानांतरित किया जाना है। खाते का विवरण जिसमें ईएमडी के बाद शेष राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से जमा की जानी है: खाते का नाम– **EARNEST MONEY**; खाता संख्या– **80285038010002**; आईएफएस कोड– **PSIB0008028**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **https://punjabandsind.bank.in/module/sarfaesi-list** और **https://baanknet.com/** देखें

**इस नोटिस को नियम 8(6) सुरक्षा हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के तहत उधारकर्ताओं और गारंटर (एल/आरएस) को 30 दिनों की वैधानिक बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जाना चाहिए।**

दिनांक: 28.11.2025, स्थान: मुजफ्फरनगर

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब एंड सिंध बैंक

# खतौली में फायर स्टेशन निर्माण को मिली रफ्तार

## पांच बीघा भूमि की तलाश शुरू, वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने की उम्मीद

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील क्षेत्र में आगजनी की लगातार बढ़ रही घटनाओं के बीच अब फायर स्टेशन निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। वर्षों पुरानी मांग आखिरकार गति पकड़ती दिख रही है। शनिवार को अग्निशमन इंस्पेक्टर रामकिशोर ने तहसील पहुँचकर एसडीएम निकिता शर्मा से मुलाकात की और फायर स्टेशन के लिए लगभग पाँच बीघा भूमि उपलब्ध कराने की मांग रखी।

खतौली की आबादी करीब 3.27 लाख है और क्षेत्र में दर्जनों स्कूल, कॉलेज, डिग्री कॉलेज, एशिया की बड़ी त्रिवेणी शुगर मिल, भीड़भाड़ वाले बाजार, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, एवं घनी बस्तियाँ स्थित हैं। इसके बावजूद खतौली में अब तक कोई फायर स्टेशन स्थापित नहीं हो पाया है। आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड की गाड़ियाँ मुज़फ्फरनगर, जानसठ या बुढ़ाना से आती हैं, जिससे कई बार घंटे भर की देरी हो जाती है और लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है। नगरवा. सियों ने वर्षों से बार-बार खतौली में फायर स्टेशन निर्माण की मांग उठाई, जिसके बाद अब जाकर प्रशासन हरकत में आया है और भूमि चयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। फायर स्टेशन का निर्माण शुरू होने के संकेत मिलते ही नगर में खुशी की लहर दौड़ गई है।एसडीएम निकिता शर्मा ने बताया कि अग्निशमन विभाग से भूमि आवंटन को लेकर चर्चा हो चुकी है। जल्द ही विभाग को उपयुक्त भूमि उपलब्ध करा दी जाएगी, जिसके बाद फायर स्टेशन निर्माण का रास्ता पूरी तरह साफ हो जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि खतौली में फायर स्टेशन बन जाता है तो आगजनी की घटनाओं पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सकेगा और बड़े हाद. सों को रोका जा सकेगा। वर्षों बाद इस समस्या के समाधान की दिशा में उठाए गए कदम से नगरवासियों ने राहत की सांस ली है।

### बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी मे हुई कैद

**चरथावल।** कस्बे में गत दिवस एक कारखाने के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई थी। जिसके बाद नगर सहित क्षेत्र मे हड़कम्प मच गया था नगर मे जहाँ पूर्व मे भी कई बाइके चोरी हो चुकी हे और बाइक चोर अभी तक पुलिस पकड़ से दूर हे वही गत दिवस हुई बाइक चोरी की घटना नगर के सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गयी जिसके आधार पर बाइक चोर की तलाश पुलिस ने शुरू कर दी है। क्षेत्र मे जहाँ पूर्व मे भी अनेको बाइक चोरी हो चुकी हे वही बाइक चोर अभी भी पुलिस पकड़ से दूर हे और नगर के बिचौबीच से बाइक चोरी होने से जहाँ पुलिस की सक्रियता की पूरी पोल खुल गयी हे वही बाइक चोरो का अभी तक भी कही अता पता नहीं चल पाया हे जिससे क्षेत्रवासियो मे भारी रोष हे वही पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर ही तलाश मे जुट गयी हे जल्द ही बाइक चोर पुलिस की गिरफ्त मे होगा

### पकड़ा गया चोरी से चल रहा कोल्हू

**छपार।** विद्युत विभाग द्वारा विधुत चोरी पकड़ो अभियान में चंद्रप्रकाश अवर अभियंता व उपखंड अधिकारी उपकेंद्र पुरकाजी के नेतृत्व में बसेड़ा बिजलीघर की टीम ने छापेमारी कर अवैध रुप से बिजली चोरी कर कोल्हू चलाते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।

शुक्रवार को 33/11 केवी उपकेन्द्र पुरकाजी के अवर अभियंता व उपखंड अधिकारी कपिल मुनि व बसेडा बिजलीघर के जेई सचिन सैनी की पूरी टीम गांव कासमपुर पहुंची ओर जन्नाब को बिजली चोरी कर कोल्हू चलाते हुए पकड़ लिया। जेई का कहना है कि पड़ोस में ही खिलेराम का अतिरिक्त परिसर के निकट जोडा पोल लगा हुआ है उसकी एलटी लाइन के केबिल के बराबर में कैबिल डालकर बिजली चोरी कर रहा था जो औधोगिक क्षेत्र में आता है विधुत विभाग की टीम ने उसकी वीडियोग्राफी की ओर जन्नाब के विरुद्ध विधुत चोरी अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत थाना एंटी पावर थेफ्ट में प्राथमिक की दर्ज कराने को तहरीर दी है।

### 11 लाख वापस कर समाजसेवी ने दिल जीता

**छपार।** शादियों में जहां दहेज लेने का चलन बढ़ता जा रहा है ओर समाज एक नासूर बन गया। इस सब के चलते ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व समाजसेवी ने बिना दहेज लिये अपने पुत्र की शादी की है उसने दहेज में मिल रहे 11 लाख रुपये लौटा दिये सिर्फ एक रुपया ही लिया है। गांव बरला के प्रधान प्रतिनिधि व समाजसेवी परमात्मा शरण त्यागी के पुत्र तरुण उर्फ छोटू की शादी थाना चरथावल क्षेत्र के गांव श्यामू से शादी तय हुई जिसकी शनिवार को रोकना हुई और मढ़ा भी हुआ। रोकना में लड़की पक्ष ने 11 लाख रुपए दिये लेकिन परमात्मा शरण त्यागी ने एक रुपया रखकर बाकी रुपए वापस कर एक मिशाल कायम की है। उक्त शादी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### नाबालिग किशोरी को दो युवक लेकर हुए फुर्र

**बुढाना।** एक ग्रामीण ने 3 युवकों के विरुद्ध अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज कराया है। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की परासौली पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने बुढ़ाना पुलिस को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बतलाया कि उसकी लगभग 14 साल की नाबालिग पुत्री को बीती 25 नवम्बर को जनपद मुजफ्फरनगर के थाना मंसूरपुर क्षेत्र के गांव लच्छेडा का एक युवक टीनू पुत्र गजेन्द्र सिंह बहला फुसलाकर भगाकर ले गया। आरोपी टीनू के साथ आरोपी के गांव का सोनू पुत्र जगदा भी है जो मोटर साईकिल पर उसकी पुत्री को बैठाकर ले गया और पता नही कहां गायब कर दिया है। उसने अपनी पुत्री को काफी जगहों पर तलाश किया लेकिन उसकी पुत्री का कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। उसके गांव में एक जनसेवा केन्द्र है। जिसके माध्यम से वह एक मोबाइल नंबर पर पैसे भी डालता रहा है।

यह नंबर संदिग्ध है। पीड़ित ने पुलिस से पुत्री की सकुशल बरामदगी व सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## विधायक खेल स्पर्धा का बीआईटी कॉलेज मीरापुर में भव्य आयोजन

**मीरापुर।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के बीआईटी कॉलेज के विशाल खेल मैदान पर उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य वंदना वर्मा, बीआईटी कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अजय कुमार तथा पूर्व प्रधान नाहर सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों के उत्साह को सराहा और खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के उपरांत भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मीरापुर विधायक मिथिलेश पाल ने सभी खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और सामाजिक सद्भाव को भी मजबूत करते हैं। विधायक ने विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि क्षेत्र के युवा राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराएं। कुश्ती प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में अशमीर, अक्षत, वंश कुमार, अजय, निगम, अंश, प्रिंस व अजीत सिंह ने शानदार प्रदर्शन कर ट्रॉफी जीती। सीनियर वर्ग में अक्षत, आरव व विशाल पंवार ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल स्पर्धा में सब-जूनियर वर्ग में सूरजमल व मीरापुर की टीम विजयी रही। जूनियर में अथाई तथा सीनियर में मुझेड़ा व सिकंदरपुर की टीमों ने ट्रॉफी पर कब्जा किया। कार्यक्रम में डा. आजाद अब्बासी, चौ. नाहर सिंह एडवोकेट, डा. रवि शर्मा, मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर, इन्द्र सिंह कश्यप पूर्व मंडल अध्यक्ष, बीआईटी एचओडी कावेन्द्र सिंह, कोच कमल देशवाल, प्रशांत तोमर, अंकुश कुमार, अंकित आर्य मौजूद रहे।

## गोल्डन पब्लिक में खेल उत्सव का रंगारंग आयोजन सम्पन्न




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पंचेडा रोड स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल में आज वार्षिक खेल महोत्सव फेस्टिवल 2025 का भव्य आयोजन शानदार पारंपरिक उत्साह, रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और जोशीले खेल मुकाबलों के बीच हुआ।

क्लास से लेकर 12वीं तक के बच्चों ने खेल मैदान में ऐसा दमखम दिखाया कि दर्शक कॉन्स्टेबल तालियों के गड़गड़ाहट से बच्चों का हौसला बुलंद कर रहे हैं । सुबह की पहली किरण के साथ ही स्कूल परिसर में उत्साह और ऊर्जा से भरपूर उठान। प्रवेश द्वार पर बच्चों और जन्मस्थान का स्वागत पारंपरिक शैली में किया गया। मैदान को आकर्षक बैनर, रंगीन थिएटर, ट्रैक, मार्किंग, झंडों और खेल सामग्री से जो बच्चों के खेल में तत्परता का जीवंत प्रमाण बन गया। किड्स मार्च ने कार्यक्रम की शुरुआत में ही दर्शकों को रोमांस की पेशकश कर दी। विद्यार्थियों ने तालब) कदमों और आकर्षक यूनिफॉर्म के निर्देशों का अद्भुत प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि कपिल देव अर्गल ने लॉन्च दीप कमिश्नर कार व खेल फ्लैग फ्लैग का उद्घाटन किया। उनके साथ कार्यक्रम में शोभित गुप्ता और विशाल गर्ग विशेष रूप से शामिल हैं से उपस्थित रहे। विश्विद्यालय के स्वागत के बाद तिलक समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुए। मुख्य अतिथि ने अपने बच्चों को जीवन में निर्देश, नियमितता और शैक्षणिक गतिविधियों की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि खेल से केवल शारी. रिक विकास ही नहीं होता बल्कि यह बच्चों में टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी बढ़ाता है। इसके बाद मैदान पर अलग-अलग खेलों की स्पेशियलिटीज की शुरुआत हुई। 100 मीटर, 200 मीटर, रिले रेस, लॉन्ग जंप, माउंटेन जंप, बैडमिंटन, खिलाड़ी खोखों सहित कई खेलों में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इन्द्रसैन बिंदल, उपाध्यक्ष अनमोल ढींगड़ा, उपसभापति रतिका बिंदल, नवीन बिंदल, ऋतु शर्मा और पूणिमा वर्मा ने पूरे समय बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# एसआईआर फॉर्म न भरने वालों को नहीं मिलेगा सरकारी राशन का एक दाना : एसडीएम

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को गति देते हुए एसडीएम निकिता शर्मा ने साफ चेतावनी दी है कि जो भी नागरिक एसआईआर फार्म नहीं भरेंगे, उन्हें सरकारी गेहूं-चावल का एक दाना भी नहीं दिया जाएगा। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राशन डीलर ऐसे व्यक्तियों को किसी भी हाल में राशन न दें, जिन्होंने अपना एसआईआर फार्म बीएलओ को अभी तक जमा नहीं किया है।

**60 प्रतिशत कार्य पूरा, जल्द होगा 100 प्रतिश लक्ष्य हासिल**

एसडीएम निकिता शर्मा ने कहा कि खतौली क्षेत्र में एसआईआर अभियान तेजी से चल रहा है। अब तक लगभग 60 प्रतिशत एसआईआर का कार्य पूरा किया जा चुका है, जबकि शेष काम भी जल्द पूरा होने की उम्मीद है। पात्र मतदाताओं को सूची में जोड़ने, संशोधन और सत्यापन की प्रक्रिया लगातार जारी है।

**लापरवाह बीएलओ पर गिरेगी गाज़, वेतन काटने की चेतावनी**

एसडीएम ने अभियान को गंभीरता से न लेने वाले बीएलओ को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही पाए जाने पर उनका वेतन काटा जाएगा। सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि वे पारदर्शिता, सटीकता और समयबद्धता के साथ घर-घर जाकर फॉर्म भरवाने और दस्तावेज़ों का सत्यापन सुनिश्चित करें।

**नगर में अलाउंसमेंट, लोगों को जागरूक किया गया**

तहसील प्रशासन और नगर पालिका द्वारा नगर में लाउडस्पीकर से घोषणाएँ कर लोगों से अपील की जा रही है कि वे अपने एसआईआर फॉर्म जल्द से जल्द भरकर बीएलओ को सौंपें। अधिकारियों के अनुसार, अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ने के बाद अब लोगों में अच्छी समझ विकसित हुई है और पहले फैला भ्रम काफी हद तक दूर हो चुका है।

**4 दिसंबर तक जमा होंगे फॉर्म**

एसडीएम निकिता शर्मा ने बताया कि 4 दिसंबर तक आवश्यक फॉर्म जमा किए जा रहे हैं। मौके पर ही दस्तावेज़ों की जाँच कर सही प्रक्रिया समझाई जा रही है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। एसडीएम ने कहा कि प्रयास यह है कि मतदाता सूची त्रुटिरहित बने और अधिकतम पात्र मतदाता सूची में शामिल हों।

### श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े लोगों का सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी रामलीला भवन के विशाल प्रांगण में चल रही संत प्रवर विजय कोशलजी महाराज की श्रीराम कथा के मंच पर शनिवार की शाम को कथा समापन के बाद श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े प्रमुख लोगों का मंच पर कंसल परिवार की ओर से सम्मान किया गया। प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में कालेज के वरिष्ठ पदाधिकारी रहे ज्ञानचंद सिंगल, रमेश साई केवल राम,ललित महेश्वरी, श्याम सुंदर तायल, पंकज जैन (पिता अदीश जैन का सम्मान ग्रहण किया), अजय कुमार जैन (पिता विजय जैन का सम्मान ग्रहण किया ), श्यामपाल शाहपुर, सावित्री देवी (पति जयपाल का सम्मान ग्रहण किया), गंगा प्रताप (पिता अष्टमीचंद का सम्मान लिया), राम जन्मभूमि आन्दोलन में पहली गिरफ्तारी देने वाले डा. सुभाषचंद्र शर्मा, अरुण खंडेलवाल आदि कई अन्य लोगों को सम्मानित किया गया।

अदालती समन
संख्याक-1
वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिये समन
(आदेश 5 नियम 1 और 5)
**न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन मुजफ्फरनगर।**
वाद संख्या 692 सन् 2024
1- आलोक स्वरूप, 2- अनिल स्वरूप, पुत्रगण स्व0 कुंवर विनोद कुमार सिंह 3- श्रीमति सुरेन्द्रा रानी पत्नी स्व0 कुंवर विनोद कुमार सिंह समस्त निवासीगण राजभवन भोपा रोड जिला मुजफ्फरनगर।
....वादीगण
बनाम
कु0 अदाअली रजा पुत्री डॉ0 मौहम्मद जाहिद निवासी मकान नम्बर 47 सिविल लाईन दक्षिणी मुजफ्फरनगर हाल निवासी मकान नम्बर 805/4 योगेन्द्रपुरी शहर मुजफ्फरनगर, परगना व तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर। 251301 .....विपक्षी
आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने आपके विरूद्ध नल एण्ड वायॅड घोषित कराने के लिये वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तरपत्र आदि प्रस्तुत करने के लिये उपसंजात उपस्थित होने के लिये दिनांक 14 माह 01 सन् 2026 को 10:30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वंय या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाती (उपस्थिति) के लिये जो उक्त तिथि नियत की गई है। वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिये भी नियत है इसलिये आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्षियो को या उन से सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रो साक्ष्यो का पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय मे उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात उपस्थित नही होगे तो उस दशा मे उक्त वाद का निस्तारण आप की अनुपस्थिति मे गुणदोष पर किया जायेगा।
आज दिनांक 27 माह 11 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया
नियत तिथि वास्ते प्रतिवाद पत्र व तनकी
आज्ञा से
मुन्सरिम/रीडर
सिविल जज सीनियर डिवीजन मुजफ्फरनगर।

**सार्वजनिक सूचना**
मेरा पुत्र **सोनू कुमार** और पुत्रवधू **अनिता** मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। उक्त दोनों को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उक्त दोनों के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे।
**नवाब सिंह पुत्र ओमप्रकाश**
निवासी- म0नं0 570/164,
भरतिया कॉलोनी,थाना नई मंडी,
जिला मुजफ्फरनगर।

**सम्बन्ध विच्छेद**
मैं मौ. शहजाद पुत्र यासीन निवासी निकट मदीना मस्जिद शफीपुर पट्टी, देहात, तहसील व थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र मौ. उबैदुल्ला मेरे कहने में नही है। जिससे में व मेरा परिवार तंग है। अब में अपने होशों हवाश में सोच समझकर अपने पुत्र मौ. उबैदुल्ला से अपने सभी पारिवारिक रिश्ते खत्म करता हूं। आज के बाद मेरा पुत्र मौ. उबैदुल्ला कोई गलत कृत्य करता है तो में या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा वो खुद ही जिम्मेदार होगा क्योंकि मैंने अपने पुत्र मौ. उबैदुल्ला को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है।

### द स्काइलैंड स्कूल में विशाल कृष्णा ने प्रस्तुत किया कथक नृत्य



**शाहपुर।** क्षेत्र की प्रमुख शिक्षण संस्था द स्काइलैंड स्कूल में स्पिक मैके के तत्वाधान में विश्व विख्यात कथक डांसर विशाल कृष्णा के द्वारा सराहनीय कथक नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गई। उनकी इस प्रस्तुति ने सभी छात्र छात्राओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ज्ञात हो कि विशाल कृष्णा प्रसिद्ध बनारस घराने की पीढ़ी से होने के साथ साथ ही मशहूर कथक नृत्यांगना सितारा देवी के पौत्र हैं। विशाल कृष्ण के साथ साथ उस्ताद सुहैब हसन (गायन), उदय शंकर मिश्र (तबला) एवं उस्ताद गुलाम वारिस ( सारंगी) ने भी अपनी लय और ताल से सभी का मन मोह लिया। विशाल कृष्ण उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त है। साथ ही साथ उन्हें पंडित बिरजू महाराज संगीत समृद्धि सम्मान एवं उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ान युवा पुरस्कार प्राप्त है। विशाल कृष्णा कथक नृत्य के एक युवा ऊर्जावान कलाकार हैं। उन्होंने बनारस घराने की परम्परागत नृत्य शैली अद्भुत लय ताल तथा भाव अभिव्यक्ति का सुंदर नमूना पेश किया। कार्यक्रम में स्पिक मैके से स्पिक मैके के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर एन तिवारी तथा मती मृदुला मित्तल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में होली चाइल्ड इंटर कॉलेज के प्रबंधक परविंदर दहिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विकास भार्गव द्वारा किया गया। प्रबंधक गण मनोज गोयल एवं राहुल गोयल द्वारा कलाकारो का स्वागत किया गया। प्रधानचार्य मती निशा द्वारा सभी उपस्थित कलकारों का आभार व्यक्त किया गया। रखी गोयल द्वारा सभी को स्मृति चिह्व देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति सैनी, वंदना मिश्रा, मधु राठी, नीरज बालियान, संगीता शर्मा हरिकांत, अंकित सिंघल एवं बबलू का सराहनीय योगदान रहा।

### जोड़ियां बनती हैं आसमानों में.....

# मामूली सी बात पर नये रिश्ते में आई थी दरार

## नूर होनी थी किसी और की हो गई तंजीम की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कहते हैं कि जोड़ियां आसमानों से ही बनकर आती हैं। इसकी एक बानगी आज यहां बुढ़ाना कस्बे में देखने को मिली। हुआ यूं कि बुढ़ाना कस्बे के एक युवक का रिश्ता कुछ दिन पूर्व जनपद सहारनपुर की एक युवती से तय हुआ था। शादी की तारीख तय करने से कुछ दिन पहले तक दोनों नई रिश्तेदारियों में सब कुछ ठीक चला लेकिन इस शादी को अचानक से दो दिन पूर्व तब ग्रहण लग गया जब मामूली सी बात पर युवती के परिजनों ने फोन पर दुल्हे के परि. जनों को साफ शब्दों में कह दिया कि वे हमारे यहां पर बारात लेकर मत आएं नही तो वे पुलिसिया कार्यवाही करेंगे जबकि युवक के परिजनों ने शादी और बारात ले जाने की पूरी तैयारी कर रखी थी। यहां तक कि रिश्तेदारियों में भी शादी बारात के कार्ड बंट गये थे। दुल्हन पक्ष के द्वारा अचानक से की गयी इस घोषणा से दुल्हे पक्ष के लोगों में जबरदस्त हडकंप मच गया। वे यह समझ नहीं पाए कि दुल्हन के परि. जनों ने ऐसा क्यों कहा जबकि उनकी तरफ से कोई भी गलती नहीं हुई थी।

काफी जद्दोजहद के बाद सिर्फ और सिर्फ एक ही गलती बार बार सामने आई जिसमें पता लगा कि कुछ कपड़ों के लेने देने के उपर किसी एक पक्ष के द्वारा छींटाकशी की गयी जबकि ये कोई बड़ी बात नहीं थी। यह बारात शनिवार के दिन 29 नवम्बर को जनपद सहारनपुर में जानी थी लेकिन इसके ठीक एक दिन पूर्व बीती शुक्रवार को इस तरह की मामूली बात से दोनों रिश्तेदा. रियों में मतभेद होने से दुल्हे और दुल्हन के अरमानों पर पानी फिर गया। जहां दुल्हा बारात ले जाने को तैयार था वही दुल्हन भी हाथों में मेहंदी सजाए बैठी थी। किसी की समझ में कुछ नहीं आ रहा था कि किया जाए क्योंकि शादी की तैयारियां दोनों ही जगहों पर बराबर चल रही थी। निकाह होने में 12 घंटे का भी समय नहीं था। उधर बुढ़ाना से बारात आने की आस लिए हाथों में मेहंदी रचाए बैठी दुल्हन नूर फातिमा के परिजनों की खुशी का उस समय कोई ठिकाना नहीं रहा जब दुल्हे के घर से थोड़ी ही दूरी पर रहने वाले एक युवक तंजीम उर्फ लारेब सिद्दीकी ने बुढ़ाना से बारात आने के इंतजार में दुल्हन बनी बैठी युवती से निकाह रचाने की इच्छा अपने परिजनों को बताई तो उन्होंने भी हामी भर दी और बुढ़ाना कस्बे के प्रमुख समाजसेवी इमरान जिया को इस बारे में जानकारी दी तो इमरान जिया ने दुल्हन के परिजनों से फोन पर बात की तो वे भी इस बात पर एकदम सहमत हो गये। तब तय हुआ कि ईद बाद तंजीम सहारनपुर बारात लेकर जाएगा जो सामान दुल्हन पक्ष ने शादी से पहले ही दुल्हा बने बेठे युवक के घर भिजवाया था वह सामान दुल्हे पक्ष ने दुल्हन पक्ष के लोगों को भला बुरा कहते हुए इमानदारी से वापस कर दिया। इधर दूसरी और इससे पहले दुल्हा अपने सिर से सेहरा हटाता तब उनके ही पडौस में रहने वाली एक युवती के परिजनों ने भी तंजीम की तरह ही सहारनपुर बारात ले जाने की तैयारी में बैठे दुल्हे को अपना दामाद बनाते हुए अपने यहां दुल्हे की बारात बुलाकर अपनी पुत्री की शादी दुल्हे से हाथों हाथ करवा दी। इस तरह से युवक और युवती के परिजनों के फैसले से दोनों परिवारों के कई लाख रुपये बर्बाद होने से बच गये। लोग इसे देखकर ये ही कहने लगे कि वाकई में जोड़ियां आसमानों से ही बनकर आती है। यह मामला आज पूरे दिन बुढाना कस्बे में खूब चर्चा का विषय बना रहा।

**NAME CHANGE**
That my son, RIZVAN SALMAN MUZAFFAR S/O RIZAVAN MUZAFFAR R/0 H.N.15 KHAMPUR POST khudda, P/S CHHAPAR DISTT. MUZAFFAR NAGAR (u.p.) I Have changed my son name salman muzaffar.

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**
मेरा छोटा पुत्र सालिम मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए मैने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यो की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा।
**मौ. इमरान पुत्र अब्दुल मजीद**
**निवासी- म.नं. 192**
**ग्राम विज्ञाना, थाना बुढाना,**
**तहसील बुढ़ाना**
**जिला मुजफ्फरनगर**

## पीआर पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति किया गया जागरूक




**मुजफ्फरनगर।** पचेंडा रोड स्थित पी.आर.पब्लिक स्कूल में आज थाना नई मंडी मुजफ्फरनगर की साइबर क्राइम टीम की ओर से आए सब- इंस्पेक्टर चरण सिंह और सब- इंस्पेक्टर सत्येंद्र पाल सिंह ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, डिजिटल फॉड, बैंकिंग फॉड, सोशल मीडिया अपराध, फर्जी कॉल एवं ओटीपी फॉड जैसी घटनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने बताया कि किस प्रकार साइबर अपराधी भोले-भाले लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं और इनसे बचाव के लिए क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए।विद्यार्थियों को साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। उन्हें नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा बलइमतबतपउम.हवअ.पद पोर्टल की जानकारी दी गई, जहां वे किसी भी साइबर अपराध की तुरंत रिपोर्ट कर सकते हैं। स्कूल प्रधानाचार्य अनघ सिंघल ने छात्र-छात्राओं से स्वयं और अपने परिवार को साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल जी ने उपस्थित साइबर क्राइम टीम के अधिकारियों का विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से संबंधित जानका. रियां उपलब्ध कराने के लिए आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग सम्मान स्वरूप भेंट की। उन्होने विद्यार्थियों से कहा- साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराने की भी सलाह दी गई। आज के इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन में दिव्या शर्मा, प्रवीन कुमार, शंकर शर्मा, विशांक त्यागी, बीना वत्स आदि का विशेष सहयोग रहा।

# भाकियूअ कार्यकर्ताओं ने दिया थाने में धरना

**बुढ़ाना।** कब्जा करने के उद्देश्य से एक प्लाट की दीवार अवैध रूप से तोड़ने वाले कुछ दबंग युवकों के विरु) कार्यवाही नहीं होने पर भारतीय किसान यूनियन अराजनितिक के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने शनिवार की सुबह बुढ़ाना कोतवाली में पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। एक घंटे बाद ही धरना इस शर्त पर समाप्त कर दिया गया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। धरने पर बैठे भाकियू ब्लाक अध्यक्ष पिंटू ठाकुर ने बतलाया कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर निवासी विकास कुमार पुत्र धर्म सिंह का गांव में ही एक प्लाट है। आज शनिवार की अल सुबह गांव के ही दबंग राजीव कुमार, सूर्य प्रताप सिंह व ब्रजेश कुमार सहित अन्य कई युवकों ने प्लाट की दीवार कोघ अवैधघ रुप से कब्जा करने की नीयत से गिराकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जब विकास कुमार अपने परिजनों के साथ किसी की सूचना पर अपने प्लाट पर पहुंचा तो दबंग आरोपी युवकों ने उसके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर तुमने प्लाट पर दीवार बनाई तो अंजाम अच्छा नही होगा।

दबंगों ने पीड़ित की मां को भी धक्का दिया और कहा कि अगर ज्यादा बनेगा तो उसको मजा चखा देंगे। जब पीडित रिपोर्ट लिखवाने परासौली पुलिस चौकी पर गया तो पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट नहीं लिखी।

**बिल्डिंग किराये के लिए उपलब्ध**
मुजफ्फरनगर में रुड़की रोड पर राधास्वामी सत्संग भवन के सामने, मेन रोड पर, 1200 गज में बनी हुई बिल्डिंग किराये के लिए उपलब्ध है। ये बिल्डिंग नर्सिंग होम, पीजी होस्टल, आटोमोबाइल शोरूम और ऑफिस के लिए बहुत उपयुक्त है।
**नोट:- पार्किंग की सुविधा के साथ**
मोब.: 9997328639

### वरिष्ठ पत्रकार पंडित वासुदेव शर्मा को पत्रकारिता में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

**मीरापुर।** कस्बे के वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया सेंटर मीरापुर के अध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा को हाल ही में भगवंत ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिंह द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु ''लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड'' प्रदान किया गया। उनकी इस विशेष उपलब्धि पर मीरापुर मीडिया सेंटर के पत्रकारों ने एकजुट होकर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें पंडित वासुदेव शर्मा को फूल मालाओं व साल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

मीडिया सेंटर के महासचिव आफताब आलम ने कहा कि यह सम्मान सभी पत्रकारों के लिए प्रेरणा है। इसी अवसर पर क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग और जनसेवा के लिए मीरापुर थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह तथा रामराज थाना प्रभारी रविंद्र सिंह यादव को भी साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंडित दीपक कृष्णात्रेय ने किया। इस दौरान मीडिया सेंटर मीरापुर के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश शर्मा, कोमल कुमार, नईम चौधरी, जावेद जामिया, शिवम वत्स, जोगेन्द्र चौधरी, प्रतीक देव व अंकुर पहलवान सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**
**सार्वजनिक सूचना**
जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्री जगदीप सिंह सरां, श्री कुलदीप सिंह सरां, पुत्रगण सरदार सुखमिन्दर सिंह सरां. सरदार सुखमिन्दर सिंह पुत्र स्वर्गीय सरदार गुरबचन सिंह, निवासीगण प्लॉट नं0-40, गली नं0-11. वर्मा पार्क, तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं.:-MZDA/BP/25-26/0408 के द्वारा अपनी भूमि खसरा नं.-376, 376, 376मि, ग्राम मुस्तफाबाद, जनपद-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के कुल क्षेत्रफल 6100.00 वर्गमी. (नेट क्षेत्रफल 6063.64 वर्गमी.) पर हायर सेकेण्ड्री स्कूल के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 60 मीटर चौडे महायोजना मार्ग का विस्तार / मार्गाधिकार छोडने के उपरान्त आई. टी. पार्क भू-उपयोग में दर्शित है।
अवगत कराना है कि उ.प्र. विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 5.2 के अनुसार आई.टी. पार्क भू-उपयोग के अन्तर्गत हायर सेकेण्ड्री स्कूल की क्रिया सामान्यत: अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन / महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यत: अनुमन्य / सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु एक माह की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति / सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों/ सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति / अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।
उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति / सुझाव प्रकाशन तिथि से 01 माह की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।
**सचिव**
**विकास प्राधिकरण मुजफ्फरनगर**

# छड़ी मुबारक पैदल यात्रा खतौली के भैंसी-नो गजा पीर पर पहुँची

**■ ग्रामीणों ने काफिले का किया गर्मजोशी से स्वागत**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** हजरत ख्वाजा सैयद मोइनुद्दीन चिश्ती संजरी अजमेरी उर्फ सरकार गरीब नवाज़ के उर्स मुबारक में शरीक होने के लिए निकली ऐतिहासिक छड़ी मुबारक पैदल यात्रा शनिवार को खतौली क्षेत्र के भैसी स्थित नो गजा पीर पर पहुँची। इस दौरान ग्रामीणों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ काफिले का गर्मजोशी से स्वागत किया। रविवार की सुबह तीन बजे यात्रा दिल्ली की ओर रवाना होगी।

कई दशकों से आयोजित की जा रही यह पैदल यात्रा देशभर में अमनख़्चौन, भाईचारे और गंगाख्रजमुनी तहज़ीब का प्रतीक मानी जाती है। देश के विभिन्न राज्यों से हजारों फकीरख्रफुकरा पैदल चलकर अजमेर शरीफ़ पहुँचते हैं और झंडा चढ़ाकर उर्स की शुरुआत होती है। उर्स मुबारक में सभी धर्मों के लोग शामिल होकर चादर पेश करते हैं और देश की तरक्क़ी व खुशहाली की दुआ करते हैं। गौरतलब है कि हर वर्ष उर्स की प्रथम चादर भारत के प्रधानमंत्री की ओर से पेश की जाती है।

**पूना साबरी काफिला 40 वर्षों से कर रहा सहभागिता:**हाजी सफ़ी मिटी अली शाह साबरी पिछले 40 वर्षों से अपने 35-40 साथियों के साथ पूना साबरी काफिले के नाम से इस यात्रा में शामिल होते आ रहे हैं। काफिला हरिद्वार जिले स्थित हजरत




साबिर पिया कलियर शरीफ से रवाना होकर मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली पहुँचता है। यहाँ से यात्रा गुरुग्राम, नूह, फिरोजपुर-जिरका (हरियाणा) के रास्ते राजस्थान के अलवर, शाहपुर, जयपुर, बगरू, दूदू और किशनगढ़ से होकर अजमेर शरीफ़ में संपन्न होती है।

**काफिले में शामिल प्रमुख खिदमतगार:**काफिले में छड़ियों के सरदार आदिल हुसैन साबरी, एन.डी. साबरी बावला, सदर सैफी मिटी शाह साबरी, सोहिल सैफी, उमेर साबरी, आरिफ, मोहम्मद यूनुस, इरशाद अली अंसारी, मोहम्मद अहसान, मेहरुन्निसा, हजरुल इस्लाम, दिलशाद, जुनैद, अमीर आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।नो गजा पीर पर पहुँचने पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं तथा शर्बत वितरण कर काफिले का स्वागत किया। यात्रा देर शाम अगली मंज़िल के लिए रवाना हुई।

## अवैध अस्लाह के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** पुलिस ने अवैध असलाह के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के इंचार्ज ललित कसाना ने कांस्टेबल मौहम्मद इशफाक और कांस्टेबल सौरभ कुमार के सहयोग से गश्त करने के दौरान किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर जौला नहर पटरी से करीब 50 मीटर पूर्व ग्राम जौला की ओर से एक संदिग्ध युवक कोः पहले तो रुकने का इशारा किया लेकिन जब वह नहीं रुका और भागने लगा तो तब पुलिस टीम ने भागदौड़ कर आरोपी को पकड़ लिया। पकडा गया आरोपी गांव जौला का अफजाल है। जिसके पास से पुलिस ने एक तमंचा और एक कारतूस बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने आरोपी को लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपी शायद किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से उक्त स्थान पर ओट लिए खड़ा था ।

## रतनपुरी क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात

# एक ही रात में आधा दर्जन टयूबवैलों से मोटरें और तांबे का तार साफ

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कड़कड़ाती ठंड की आड़ में चोरों ने रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव मंडावली खादर में धावा बोलकर किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया।

देर रात चोरों ने खेतों में बनी आधा दर्जन से ज्यादा टयूबवेलों को निशाना बनाते हुए मोटरें, स्टार्टर खोलकर उनमें से कीमती तांबे की तारें व बिजली के केबल चुरा लिए। बाकी के पुर्जे खेतों में ही बिखरे मिले।सुबह जब किसान सत्यप्रकाश पुत्र जयपाल, मदन पुत्र रत्नपाल, सुरेश पुत्र नकली, अनिल पुत्र अनूप, सुरेंद्र पुत्र मदनपाल, संजीव पुत्र नत्थू सिंह, बिजेंद्र पुत्र रतन अपने खेतों पर पहुंचे, तो टयूबवेल के टूटे हुए हिस्से देख उनके होश उड़ गए। सभी मोटरें सिंचाई कार्य में लगी हुई थीं, जिन्हें चोरों ने रात में आराम से खोल लिया था। सूचना पर रतनपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह साफ हो गया है कि चोर तांबे के लालच में वारदात को अंजाम देकर फरार हुए। अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस आसपास के गांवों में पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इससे न केवल किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है, बल्कि ग्रामीणों में गहरा रोष भी है। किसानों ने मांग की कि पुलिस रात्रि गश्त बढ़ाए और चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे। पीड़ित किसानों ने बताया कि इससे पहले भी गांव में टडूबवेलों से मोटर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन आज तक चोर पुलिस की पकड़ से दूर हैं। किसानों ने रतनपुरी पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग दोहराई है।

# वैदिक भजनों के माध्यम से श्रोता हुए मंत्र मुग्ध




**बुढ़ाना।** आर्य समाज दयानन्दनगर बडौत रोड बुढाना में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का भव्य शुभारम्भ आज शनिवार के दिन बड़ी ही धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में किया गया। इस वार्षिक उत्सव के प्रथम दिवस पर प्रात काल यज्ञ किया गया। जिसमें पुरोहित अंकित शास्त्री द्वारा यज्ञ सम्पन्न किया गया। उसके बाद विद्वान उपद. शक आचार्य रणवीर शास्त्री, सन्यासी स्वामी धर्मानन्द जी और स्वामी ज्ञानेश्वर मुनि द्वारा बतलाया गया कि मानव जीवन कैसे जियें जिससे सभी का जीवन सुखमय और कल्याणकारी हो जाए। सभी को वैदिक रीति से और महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। यज्ञ सभी जीवों के लिए कल्याणकारी होता है। यज्ञ दुनिया का सर्वश्रेष्ठ कर्म है। वही प्रसिद्ध भजन उपदेशक पंडित ऋषिदेव जी पथिक और प्रसिद्ध भजन उपदेशिका आचार्या शुल्भा शास्त्री द्वारा वैदिक भजनों के माध्यम से श्रोताओं को मन्त्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान प्रवीण राणा, संयोजक संजीव पंवार, डाक्टर पंकज, रामबीर मलिक, ओमपाल सिंह, मास्टर तेजपाल, रामगोपाल आर्य, डाक्टर चन्द्र पाल, मास्टर राजेन्द्र, विनोद त्यागी, एडवोकेट प्रशांत शर्मा, ऋषिपाल आर्य, भूपति आर्य सहित सभी पदाधिकारी, सदस्य आर्य समाज दयानन्दनगर व सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रतनपुरी पुलिस ने किया शातिर गोकश गिरफ्तार

**खतौली।** शनिवार देर शाम रतनपुरी पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक शातिर गोकश को दबोचते हुए बड़ी सफलता हासिल की। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और मारुति ब्रेजा कार बरामद की है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है, वहीं गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में दबिशें जारी हैं। थानाध्यक्ष रतनपुरी राकेश सिंह ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि नंगला भनवाड़ा के पास स्थित भट्टे की ओर एक गोकश ब्रेजा कार से जंगल की तरफ जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नंगला भनवाड़ा मोड़ पर सघन चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान जंगल की ओर से आ रही एक ब्रेजा कार को देखकर पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक वाहन को तेज गति से जंगल में ले गया। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए पीछा किया और थोड़ी दूरी पर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से तमंचा, कारतूस और ब्रेजा कार बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नाजिम पुत्र सीनू, निवासी थाना खेकड़ा, जनपद बागपत, हाल पता विजय नगर जनपद गाजियाबाद बताया। नाजिम पर गोकशी सहित कई गंभीर मुकदमे पहले से दर्ज होने की जानकारी भी सामने आई है। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि नाजिम लंबे समय से वांछित चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी। शनिवार को चेकिंग के दौरान उसे पकड़कर पुलिस ने बड़ी राहत महसूस की। पुलिस अब उसके साथियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### पुलिस ने दो नशा तस्कर पकड़े

**चरथावल।** पुलिस ने श्ऑपरेशन सवेराश अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके कब्जे से 290 ग्राम अवैध चरस और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद किया है।

चरथावल क्षेत्र के सिकंदरपुर जाने वाले रास्ते पर मोड़ के पास चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया के नेतृत्व में बिरालसी चौकी प्रभारी संजय कुमार पुलिस बल के साथ गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान उन्हें दो संदिग्ध व्यक्ति खड़े मिले। तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध चरस और इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद हुआ जिसके बाद दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई डीआईजी सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान का हिस्सा है। इस अभियान का उद्देश्य मादक पदार्थों के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी और बिक्री पर प्रभावी रोकथाम लगाना है।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान शामली जिले के थानाभवन थाना क्षेत्र के देवीपुरा निवासी गुलाब पुत्र ओमपाल और मनोज पुत्र ओमपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से कुल 290 ग्राम अवैध चरस और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा जब्त किया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि वे लंबे समय से स्मैक, चरस और अन्य नशीले पदार्थों का कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वे शामली में चरस तैयार करते हैं और कुछ अन्य लोगों से भी खरीदते हैं। इस चरस को वे मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर और हरियाणा में बेचकर अवैध लाभ कमाते थे।चरथावल पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के बैकवर्ड/फॉरवर्ड लिंकेज की जांच की जा रही है ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके।

### चेहरे नहीं, चरित्र बदलने से बन जाता है आत्मा-परमात्मा

**मुजफ्फरनगर।** भावलिंगी संत दिगम्बराचार्य श्री 108 विमर्शसागर जी महा मुनिराज जीवन में भगवान की अकरत, आवश्यकता और महत्ता क्या है? हम जानते हैं हमारे जीवन में सांसारिक प्रदायों की महत्ता क्या है। हम जानते हैं कि हमारे जीवन में धन की भोजन की चिता माला- भाई आदि रिश्तों की महत्ता क्या है। हमें जीवन में धन की महत्ता आती है इसीलिए आप धन कमाने के लिए ओकुछ बन पड़ता है वह आप सब कुछ करते हैं। आप अपने जीवन में जो कुछ भी कर रहे हो नह सब किसी न किसी प्रयोजन से ही कर रहे हो। जरा विचार करना आप सब धर्म कार्य करते हो, पूजा-पाठ विधान करने हो, क्या आपको ज्ञात है कि हम सब यह धर्म कार्य क्यों करते हैं? यदि आपको धर्मकार्य का प्रयोजन स्थाल में नहीं है तो आपको अपने परिश्रम का सम्पूर्ण फाल प्राप्त नहीं होगा। ध्यान रखो भगवान जैसा रूप एवं स्वरूप पाने के लिए हमें भगवान की जरूरत है, आवश्यकता है। स्वयं के आत्मा को परमात्मा बनाने के लिए हम धर्म अनुबान करते हैं। ऐसा मांगलिक उद्घ्बोधन मुजफ्फरनगर के कल्पतीर्थ मण्डपम् में 35 पीछी धारी संयमियों के साथ अपना सानिध्य प्रदान कर रहे भावलिंगी संत आचार्य श्री 108 विमर्शसागर जी महामुनिराज को दिया ।आचार्य श्री ने अपने सुप्रसिद्ध महाकाव्य जीवन है पानी की बूंद में नवीन पंक्तियां जोड़ते हुये कहा मंदिर में भगवान मिलें, अंदर में भगवान मिलें।

आचार्य ने कहा आदमी जीवन भर अपने चेहरे बदलता रहता है, काश! आदमी एक बार अपना चरित्र बदल दे तो वह जीवन प्राप्त होगा जो शाश्वत और अविनाशी होगा। मुजफ्फरनगर के इतिहास में प्रथम बार हुयी है 24 समवशरणों की भव्य आकर्षक रचना । इतिहास में प्रथम बार मुजफ्फरनगर की पावन धरा पर 35 पीछी धारी संयमियों के साथ पदार्पण हुआ है भावलिंगी संत दिगम्बराचार्य श्री 108 विमर्शसागर जी महामुनिराज के चतुर्विध संघ का। मुजफ्फरनगर की नईमण्डी अभी बना हुआ है अद्भुत तीर्थ क्षेत्र इस ऐतिहासिक महाआयोजन के मुख्य सयोजक अमित कुमार जैन एडवोकेट व शीतल जैन सीए आदि अपार जनसमूह व सामाजिक गणमान्य लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे।

### ग्रेन चैंबर में वाद-विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** स्थानीय ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में 24 वी श्रीमती कुसुम कुमारी अग्रवाल स्मृति वाद- विवाद प्रतियोगिता धूमधाम से संपन्न हुई मुख्य अतिथि डॉ सुभाष चंद शर्मा, अंकुर अग्रवाल, हिमांशु शर्मा द्वारा कुसुम कुमारी के चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किए । ऋतु जैन द्वारा कुसुम कुमारी अग्रवाल के जीवन पर प्रकाश डाला गया वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय एआई का सोसायटी पर प्रभाव विषय पर जिले के 12 स्कूलों से आए 24 प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार पक्ष व विपक्ष में प्रस्तुत किए। निर्णायक अंकुर अग्रवाल एवं हिमांशु शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर के द्वारा संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का निर्णय किया गया वाद-विवाद प्रतियोगिता में एस. डी. पब्लिक स्कूल की छात्रा सानवी जैन ने प्रथम स्थान, होली एंजिल्स कान्वेंट स्कूल की छात्रा अगम्य जैन ने द्वितीय स्थान एवं देहरादून पब्लिक स्कूल की छात्रा लायबा खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कुसुम कुमारी अग्रवाल रनिंग ट्राफी पर एसडी पब्लिक स्कूल की टीम ने संयुक्त रूप से कब्ज़ा किया ।

### चिल्ड्रन एकेडमी में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर।** यातायात माह 2025 के अंतर्गत आज 28 नवम्बर 2025 को चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ,मुज़फ्फरनगर में जिलाधिकारी महोदय उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन एव पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल चौबे तथा ए आर टी ओ प्रशासन अजय मिश्रा व ए आर टी ओ प्रवर्तन सुशील मिश्रा के मार्गदर्शन तथा पुलिस उपाधीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह तथा राकेश कुमार प्रभारी यातायात पुलिस के नेतृत्व में यातायात माह 2025 जन जागरूकता अभियान में महेश कुमार उपनिरीक्षक, यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा -जीवम रक्षा के अंतर्गत यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा विषय पर क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन कराया गया जिसमे सफल छात्र - छात्राओ को प्रशस्ति पत्र भेंटकर उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अमर पांचाल के नेतृत्व में शिक्षक विपिन त्यागी,रीतू त्यागी,करुणा त्यागी, डेनु त्यागी,विजय वालिया व नवीन गर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सांसद हरेंद्र मलिक ने नगर पंचायत में एसआईआर पर की बैठक

**चरथावल।** मुजफरनगर सांसद हरेंद्र मलिक चरथावल पहुंचे।उन्होंने नगर पंचायत में अध्यक्ष और गणमान्य लोगों के साथ एसआईआर (संभवत: मतदाता सूची पुनरीक्षण) को लेकर बैठक की और कई शिविरों का निरीक्षण किया। बैठक में उन्होंने प्रगति की जानकारी ली और कहा किॅार्म भरने का कार्य अंतिम दौर में है। सभी मिलकर इस कार्य में तेजी लाएं और सुनिश्चित करें कि कोई भी मतदाता छूटने न पाए, अन्यथा वह मतदाता सूची से वंचित रह जाएगा।इसके बाद सांसद मलिक ने कई स्थानों पर लगे शि. विरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ठस्थ्े से भरे जा रहे फॉर्म की ीडिंग के बारे में जानकारी ली और कार्य प्रगति की समीक्षा की।

# भू-माफिया कर रहे चरथावल क्षेत्र में जमकर अवैध प्लाटिंग

**■ एमडीए बना हुआ है सफेद हाथी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** क्षेत्र अवैध प्लाटिंग का बड़ा केंद्र बन चूका हे हालत यह है कि दूसरे स्थानों से आकर भी बहुत से भूमाफिया क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का कार्य कर रहे हेस और चरथावल क्षेत्र मे अपने अपने गुर्गो को छोड़ रखा हैस जोकि किसानों से उनकी जमीने खरीदने की बात करते है और किसानों से आने पौने दामों में उनकी जमीन खरीद कर किसानों के खेतों में बिना परमिशन और बिना किसी नक्शा पास कराए भूमाफिया जमकर अवैध प्लाट काट रहे है। भूमाफ़ियाओ द्वारा मनमर्जी से अपना प्लान बनाकर यहां प्लॉटों की बिक्री कर रहे हैं।यह ही नही अब मोबाइल और वाट्सअप के द्वारा प्लॉटो की मार्केटिंग हो रही है ।तथा यहां प्लाटिंग करने वाले क्षेत्रवासियों को गुमराह कर व झूठ बोलकर ग्राहकों से यह भूमाफिया यह कहते है कि यह जमीन प्लाट जिला विकास प्राधिकरण से पास कराई हुई हैं और यह प्लाट पूरी तरह से वैध है जिसके बाद भोलेभाले क्षेत्रवासी इनके चंगुल में फस जाते है जबकि यह जमीन और प्लाट ना तो विकास प्राधिकरण से पास हुई होती है और न ही अन्य किसी सरकारी विभाग से कोई स्वीकृति हुई होती है इसके वाबजूद क्षेत्रवासियों को गुमराह कर झूठ बोलकर प्लाट बेचकर अपना फायदा उठाकर फरार हो जाते है ।यही कारण होता है कि प्लाट खरीदने वाले खरीददार इनके झांसे में आ जाते है और अवैध प्लॉटों को खरीद लेते है । और अब तो चरथावल क्षेत्र में तो भमाफ़ियाओ के हौसले इतने बुलन्द हो चले है कि क्षेत्र के गांव कुटेसरा,निर्धना, चोकड़ा, कसौली, न्यामु, नगला आदि दर्जनों गांवों में अवैध प्लाटिंग का धंधा बड़े जोरो शोरो से चल रहा है ।और भूमाफ़ियाओ कि योगिराज में भी जमकर चांदी कट रही है । विभाग द्वारा अवैध प्लाटिंग पर कोई कार्यवाही न करना चर्चा का विषय बना हुआ हे बल्कि जब कोई खबर मीडिया में चलती है तो उसके बाद विभाग अपनी कुम्भकर्णी नींद से कुछ घण्टो के लिए जागता है और फिर खानापूर्ति करने के लिए कार्रवाई के नाम पर अभी प्रशासन नाममात्र की कार्यवाही कर खानापूर्ति कर चले जाते है। और कुछ को नोटिस देकर मामले को रफा दफा कर देते है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से जहाँ सख्त आदेश हैं कि कहीं भी अवैध प्लाटिंग व कॉलोनी विकसित नहीं होनी चाहिए। इसके बावजूद साठगांठ से बेधड़क अवैध प्लॉटिंग काटी जा रही हैं।अवैध प्लॉटिंग को काटने वालों पर एफआईआर दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए गए थे ।लेकिन चरथावल क्षेत्र में आज तक भी किसी अवैध प्लाटिंग करने वाले के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नही की गई है ।विकास प्राधिकरण व संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी होती है कि अवैध प्लाटिंग व कॉलोनियों को विक. सित न होने दें।जबकि चरथावल क्षेत्र तो भमाफ़ियाओ के लिए सबसे पसंदीदा क्षेत्र बन गया हैस बल्कि बचत की जमीनो और बंजर भूमि पर भी माफिया जमकर प्लाटिंग कर रहे हे बल्कि भूमाफियाओ द्वारा एक नया तरीका अपनाया हुआ हे उसके तहत भूमाफिया बचत और बंजर जमीनो के पास कुछ हिस्सा सही जमीन का खरीद लेते हे और फिर बंजर और बचत की जमीन को उसमे मिलाकर, बंजर और बचत की जमीन पर भी प्लाटिंग कर देते हेस बल्कि बहुत बड़े पैमाने पर भी अनेक भूमाफियाओ द्वारा तालाबों की जमीन पर भी प्लाटिंग कर बड़े पैमाने पर लाभ कमा चुके हे

# भाकियू तोमर के राष्ट्रीय कार्यालय पर हुई अहम बैठक

**मुजफ्फरनगर।** उत्तराखंड के किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (तोमर) ने आज दिनांक 29 नवंबर को संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय पर एक अहम बैठक बुलाई बैठक में भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने बड़ा कदम उठाया उन्होंने कहा उत्तराखंड सरकार द्वारा किसानों को अनदेखा किया जा रहा है किसानो को सरकारी तंत्र का कोई लाभ नहीं मिला रहा है देहरादून क्षेत्र के किसानों के लिए नए सत्र में गन्ने का मूल्य कम से कम 500 प्रति क्विंटल घोषित किया जाए।बकाया भुगतानरू इकबालपुर चीनी मिल पर लंबित किसानों के बकाया भुगतान को तत्काल जारी किया जाए। किसान पेंशन: 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके किसानों को 10,000 प्रति माह की दर से सम्मानजनक पेंशन दी जाए।पहाड़ी एवं ग्रामीण समस्याओं पर विशेष ज़ोर संगठन ने पहाड़ी क्षेत्रों से हो रहे पलायन के मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने मांग की है कि पलायन रोकने के लिए हर पहाड़ी गांव में सड़क, पानी और इंटरनेट जैसी मूलभूत कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त, किसानों को कृषि यंत्र मुफ्त उपलब्ध कराए जाएं और ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए मिशन-मोड पर कार्यक्रम चलाए जाए सिंचाई विभाग की टूटी-फूटी नहरों की जल्द मरम्मत और सफाई।राष्ट्रीय राजमार्गों पर किसानों के सभी वाहनों को टोल से मुक्ति। हमूद नगर रोड (देहरादून) पर बिना रूट परमिट के खनन सामग्री से भरे भारी वाहनों की अवैध आवाजाही पर तत्काल रोक।बाढ़ राहत और आपदा प्रबंधन के लिए एक पूर्ण मंत्रालय की स्थापना। छोटे किसानों के लिए विशेष लोन सुविधा और खेत से मंडी तक मुफ्त ट्रांसपोर्ट की सुविधा। जो व्यक्ति उत्तराखंड में 10 वर्षों से रह रहा है, उसे राज्य का नागरिक माना जाए ऐसे ही अन्य समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन तोमर माननीय मुख्यमंत्री से वार्ता कर समस्याओं का समाधान करना चाहते है 7 दिन में मुलाकात नहीं तो सीएम कार्यालय कूच भारतीय किसान यूनियन (तोमर) ने स्पष्ट किया है कि उनकी इन गंभीर मांगों पर सीधी चर्चा के लिए, 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात मुख्यमंत्री से अगले 7 दिनों के भीतर सुनिश्चित कराई जाए।, लेकिन प्रशासन ने अभी तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है।संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव जी के नेतृत्व में, यह निर्णय लिया गया है कि अगर 7 दिनों के अंदर मुलाकात नहीं होती है, तो किसान 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ कूच करेंगे और उत्तराखंड सरकार को घेरने का काम करेंगे। संगठन ने इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी देहरादून प्रशासन पर डाली है। किसानों का कहना है कि वे तब तक आंदोलन जारी रखेंगे जब तक उनकी समस्याओं का संतोषजनक समाधान नहीं हो जाता। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, राष्ट्रीय कोषा अध्यक्ष श्रवण त्यागी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हबीब ठाकुर,कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष महबूब बालियान, राष्ट्रीय प्रभारी राजबीर चौधरी,पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष रिहान तोमर, युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर, प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र सैनी,जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष सोनू चौधरी, कार्यकारी प्रदेश प्रभारी हसीर,मंडल प्रवक्ता चंदन त्यागी, हनी बालियान, जमीर अहमद, नौशाद,आकिल,



इरशाद, विनीत त्यागी,आसिफ, अमजद, चाँद, मोमिन,राजन चौधरी, नसीम, सुभान, इंशाद,सुमित उपाध्यक्य, गुलबहार, हुकुमदिन, शौकीन, नौशाद, सलमान, सऊद, संजय त्यागी, भूरा हाथी, अजय त्यागी, जाहिद, सोनू, नईम, नितिन शर्मा, मेहरबान, शाहवेज, महबूब पुरकाजी, मोनू धीमन, राजू, शानू पहलवान, सुभाष, आजम, सुनील राठी,फिरोज, अरशद, आसिफ, अन्य उपस्थित रहे।।'

## भाजपा जिला संयोजक ने दी एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी

**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला मुजफ्फरनगर के संयोजक ब्रजपाल सहरावत ने आज शनिवार के दिन निर्वाचन आयोग द्वारा चल रही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर अपने समर्थकों के साथ बुढाना कस्बे का कई स्थानों पर दौरा किया। जहां पर उन्होंने बुढ़ाना कस्बे के मोहल्ला पछाला पश्चिमी में पहुंचकर कुछेक व्यापारियों से मिलकर एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत सभी से सही तरीके से फॉर्म भरने को कहा। इसके बाद ब्रजपाल सहरावत ने बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित करण फार्म पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ एक आवश्यक बैठक की। मुख्य रुप से राम किशन सहरावत, रवि कुमार, डॉक्टर संजीव कुमार, शैंकी कुमार, रोहित कुमार और अरुण कुमार समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# आईआईए युवा विंग ने किया एआरबी बेयरिंग्स, सोनीपत में औद्योगिक भ्रमण



**मुज़फ्फरनगर/सोनीपत।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) मुज़फ्फरनगर चौप्टर की युवा इकाई आईवाईसी (युवा विंग) ने कैप्टन अनमोल अग्रवाल के नेतृत्व में ए.आर.बी. बेयरिंग्स, सोनीपत की अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई का एक ज्ञानवर्धक इंडस्ट्रियल विज़िट सम्पन्न किया। यह विजिट आपसी तकनीकी ज्ञान साझा करने के लिए की गई.

ए0आर0बी0 बेयरिंग्स के मार्केटिंग मैनेजर गिरीश पांडेय, अमूल्य साहनी, राधिका गुप्ता, अश्वर्या मिश्रा प्लांट हेड कुलविंदर सिंह, टेक्निकल हेड अंकित सेमवाल उनकी टीम ने सभी सदस्यों का पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत के उपरांत फैक्ट्री का विस्तृत भ्रमण कराया गया, जहाँ बेयरिंग्स निर्माण की उन्नत तकनीकों, अत्याधुनिक मशीनरी और गुणवत्तापरक प्रक्रियाओं की बारीकियों से अवगत कराया गया। टीम ने यह भी बताया कि ए.आर.बी. के प्रीमियम क्वालिटी बेयरिंग्स देश के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी बड़े पैमाने पर निर्यात किए जाते हैं।पूरे भ्रमण के दौरान युवा सदस्यों ने तकनीकी पहलुओं से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका विस्तृत एवं विशेषज्ञ स्तर का उत्तर पांडेय एवम उनकी तकनीकी टीम ने दिया।

स्वचालित मशीनों पर बेयरिंग्स बनते देख युवा विंग के सदस्यों में विशेष उत्साह देखने को मिला। भ्रमण के अंत में ए.आर.बी. प्रबंधन द्वारा सभी प्रतिभागियों को सुंदर मोमेंटो भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस इंडस्ट्रियल विज़िट में प्रमुख रूप से कैप्टन अनमोल अग्रवाल, पूर्व कैप्टन अमन गुप्ता, आईआईए सचिव राहुल मित्तल, नमन जैन, समर्थ जैन, प्रेरक जैन, अतुल अग्रवाल, स्पर्श अग्रवाल, प्राचीर अरोरा, सूरज तनेजा, अंशुल अरोरा, कार्तिक जलौत्रा आदि युवा सदस्य शामिल रहे।

# किक्की जैन गैंग के खिलाफ व्यापारियों व स्कूल संचालकों में उबाल

**■ जल्द गिरफ्तारी की मांग तेज**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में लंबे समय से व्यापारियों, स्कूल संचालकों, प्रॉपर्टी डीलरों व आम नागरिकों को ब्लैकमेलिंग और रंगदारी में उलझाने वाले विनय जैन उर्फ किक्की जैन और उसके गैंग के खिलाफ अब नगरवासियों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया है। शनिवार को दर्जनों लोग कोतवाली पहुंचकर किक्की जैन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए उसकी जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि किक्की जैन और उसके गुर्गे भय, धमकी और दबाव बनाकर सम्मानित समाजसेवियों व कारोबा. रियों से अवैध वसूली करते हैं। लोगों ने कहा कि एमडीए के जेई द्वारा रंगदारी मामले में मुकदमा दर्ज कराने के बाद अब विभिन्न समाजों, स्कूल संचालकों और प्रॉपर्टी डीलरों ने भी खुलकर विरोध का निर्णय लिया है।

भीड़ का कहना था कि किक्की जैन का पूरा नेटवर्क उसके घर से संचालित होता है और उसके परिवार के सदस्य भी इसमें शामिल बताए जाते हैं। आरोप है कि उसके गैंग के आतंक के कारण कई परिवार मानसिक रूप से परेशान होकर पलायन कर चुके हैं और कुछ पलायन की तैयारी में हैं। स्थानीय लोगों ने यह भी कहा कि आरोपी पर पहले भी रंगदारी के मामलों में कार्रवाई हो चुकी है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि किक्की जैन और उसके सहयोगियों के खिलाफ कड़ी धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए, राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई हो, साथ ही उसकी संपत्ति की विस्तृत जांच कर अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को जब्त किया जाए। लोगों ने साफ कहा कि अब समाज 'इस जहरीली बीमारी' जैसे गैंग से मुक्ति पाने के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेगा। प्रदर्शन करने वालों में पालिका चेयरमैन हाजी शाहनवाज लाल, नीरज अग्रवाल, तासीर अहसन, मुत्तासिर, राजीव जैन, पंकज कुमार जैन, सयम जैन, प्रमोद जैन, महेश कुमार गुप्ता, सुनील जैन, पंकज कुमार, जितेंद्र सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिलाधिकारी ने किया केरटू पीएचसी का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** जिलाधिकारी शामली अरविंद कुमार ने मंगलवार को एसीएमओ डॉ. जाहिद अली त्यागी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केरटू का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड व ऑपरेशन थिएटर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक मिली। हालांकि अस्पताल परिसर के बाहर का प्रांगण व खाली पड़ी जमीन अव्यवस्थित मिली, जहां पेड़ों की सूखी पत्तियां बिखरी पड़ी थीं।

इस पर जिलाधिकारी ने अधीक्षक डॉ. तरुण चौधरी को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर किया जाए। साथ ही खाली पड़ी जमीन पर हरी घास लगाने के लिए कहा, ताकि मरीजों के साथ आने वाले तीमारदार आराम से बैठ सकें और अस्पताल परिसर का सौंदर्य भी बना रहे।



अधिक्षक डॉ. तरुण चौधरी ने डीएम को अवगत कराया कि अस्पताल में फिलहाल कोई स्थाई सफाई कर्मचारी उपलब्ध नहीं है। पहले मनरेगा के अंतर्गत एक सफाई कर्मचारी लगाया गया था, लेकिन पिछले एक वर्ष से रोगी कल्याण समिति का बजट न आने के कारण उसका भुगतान भी समय से नहीं हो पा रहा है, जिसकी भरपाई उन्हें स्वयं करनी पड़ रही है। समस्या का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी अरविंद कुमार ने एसीएमओ को निर्देश दिए कि रोगी कल्याण समिति के बजट में अटकाव की जांच की जाए तथा बजट जारी होते ही पीएचसी में एक स्थाई सफाई कर्मचारी की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि स्वच्छता को लेकर कोई दिक्कत न रहे। निरीक्षण के दौरान जब जिलाधिकारी ने डिलीवरी वार्ड का रिकॉर्ड चेक किया, तो पता चला कि हर महीने 50 से 60 प्रसव यहां हो रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने डॉक्टरों की टीम की सराहना करते हुए कहाह्मरीजों का विश्वास बनाए रखें। कोई भी मरीज बिना दवाई के वापस न लौटे। जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद सभी स्टाफ अलर्ट नजर आए। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही सफाई व्यवस्था में सुधार के साथ मरीजों को और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

## विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को किए सहायक उपकरण वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समेकित शिक्षा के अन्तर्गत सत्र 2025-26 में विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता के आधार पर सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से आज दिनांक 29.11.2026 को ब्लॉक संसाधन ऊन के प्रांगण में एलिम्को कानपुर के सहयोग से सहायक उपकरण वितरण कैंप का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शामली सहित जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार,द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती की आराधना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार द्वारा आज के कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण बताते हुए अवगत कराया गया कि दिनांक 26 सितम्बर, 2025 को एलिम्को कानपुर की टीम द्वारा शामली के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 72 दिव्यांग बच्चों का परीक्षण कर 44 बच्चों को सहायक उपकरण देने हेतु चिनांकन किया गया था सभी दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान कर किए जाने हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके उपरांत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदया द्वारा निम्न प्रकार के सहायक उपकरण बच्चों को वितरण किए गए जिसमें 09- ट्राई साइकिल,10- व्हीलचेयर 08-हियरिंग एड, 01सीपी चेयर, 04-रोलैटर ,15टी एल एम किट,एवं 04 बैसाखी का वितरण किया गया।

## एक नजर

### सत्यनारायण शिशु मंदिर में किया गया स्पोर्ट्स डे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को रेलवे रोड स्थित सत्यनारायण शिशु मंदिर में कक्षा चार व पांच के बच्चों का स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। जिसमें बैडमिंटन, खो -खो, स्पून रेस, फ्रॉग रेस ,100 मीटर रेस बैलून बर्स्टिंग, रस्सा कूद,आदि खेलो में बच्चों ने हिस्सा लेकर भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर प्रबंधक सुशील कुमार गर्ग अध्यक्ष राजीव संगल जी व प्रधानाचार्य उमेश शर्मा जी ने बच्चों को पुरस्कार देकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### मतदाता यथाशीघ्र गणना प्रपत्र भर कर जमा कराएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर पालिका परिषद कैराना के अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी एवं बोर्ड सदस्यों ने मतदाताओं से अपील की है कि वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गणना प्रपत्र भरकर यथा शीघ्र बीएलओ के पास जमा कराएं। शनिवार को नगर पालिका परिषद कैराना के अध्यक्ष शमशाद अहमद अंसारी व अधिशासी अधिकारी समीर कुमार कश्यप सहित समस्त पालिका बोर्ड के सभासदों ने प्रेस विज्ञप्ति मे बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1.1.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है, बूथ लेविल अधिकारियो द्वारा मतदाताओ के गणना प्रपत्र भरवा कर डिजिटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है। इसलिए सभी मतदाताओ से अनुरोध है कि जिस मतदाता को गणना प्रपत्र अभी तक प्राप्त नही हुए है, वह अपने बूथ से सम्बन्धित बीएलओ से प्राप्त कर ले तथा जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त हो चुके है, और उनके द्वारा अभी तक अपने गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध नही कराए गए है। वह शीघ्र अति शीघ्र अपने बूथ के बीएलओ को गणना प्रपत्र भरकर जमा कराएं।

### कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ युवक को पड़कर आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई। अहमदगढ़ चौकी इंचार्ज अजयपाल ने मुखबिर की सूचना पर रामपाल पुत्र मुंशी निवासी अहमदगढ़ को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ पड़कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

### बाजार में ट्रैक्टर ट्राली से सामान चोरी करने का प्रयास, भीड़ ने रंगे हाथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मेंन बाजार में ट्रैक्टर ट्राली से व्यापारियों का समान उतार रहे एक व्यक्ति का बाइक सवार चोर ने सामान चोरी कर लिया। और फरार होने लगा आसपास के लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। कस्बा निवासी फूल कुमार अपने ट्रैक्टर ट्राली से व्यापारियों का सामान भरकर, कस्बे में सप्लाई करता है। शनिवार को ट्रैक्टर ट्राली चालक कस्बे के मेंन बाजार में व्यापारियों का सामान उतारने के लिए आया हुआ था। बाइक सवार एक युवक ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से समान उतार कर भागने लगा ट्रैक्टर चालक ने शोर मचा दिया तो आसपास के व्यापारियों सहित भीड़ ने मौके से बाइक सवार युवक को पकड़ लिया।व्यापारी पकड़े गए युवक को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को सौंप दिया। व्यापार मंडल अध्यक्ष ईश्वर दयाल कंसल ने बताया कि पूर्व में भी पकड़े गए आरोपी ने कई बार चोरी की घटना को बाजार में अंजाम दिया है। व्यापारीयों ने पुलिस से आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जेठ पर बुरी नीयत से दबोचने का आरोप

**कांधला।** कस्बा निवासी एक महिला ने अपने जेठ पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी महिला ने बताया कि उसका जेठ उस पर बुरी नियत रखता है आए दिन उसके कमरे में घुसने का प्रयास करता है। और हाथापाई करता रहता है। पीड़ित महिला का आरोप है कि विगत शुक्रवार की शाम को वह अपने कमरे में अकेली बैठी हुई थी आरोप है कि तभी उसकी जेठ जबरदस्ती उसके कमरे में घुस गया और छेड़छाड़ करते हुए हाथापाई करनी शुरू कर दी। पीड़िता का शोर सराबा सुनकर मौके पर पीड़िता की सास पहुंच गई आरोप है कि आरोपी जैठ ने उसके साथ भी मारपीट की और कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित महिला ने आरोपी जैठ के विरुद्ध नामजद तहरीर देखकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पूर्व विधायक ने प्राथमिक विद्यालय को भेंट किया स्मार्ट बोर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** खंड विकास क्षेत्र के गांव गंगेरू के प्राथमिक विद्यालय नंबर एक व गांव गढ़ी श्याम के प्राथमिक विद्यालय में पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल के द्वारा छात्र-छात्राओं को जर्सी वितरण करने के साथ ही गांव गढ़ी श्याम के विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड दान किया गया। इस दौरान दर्जन लोग मौजूद रहे। पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे हैं। वह जनपद भर में घूम कर प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे। गरीब बच्चों को सर्दी के मौसम में जर्सी वितरण के साथ ही किताबों का वितरण व स्मार्ट बोर्ड दान कर रहे हैं। शनिवार को पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम के प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे, जहां पर उनका विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय तोमर व विद्यालय स्टाफ के द्वारा भगवान राम की प्रतिमा भेंट करने के साथ ही उन्हें शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया। पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल के द्वारा छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए लगभग डेढ़ लाख



रूपए की कीमत का स्मार्ट बोर्ड दान किया।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट बोर्ड में छात्र-छात्राओं को इंटरनेट सहित कई प्रकार की जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य गरीब तबके के लोगों को अच्छी शिक्षा दिलाना है। वह गांव दर गांव जाकर गरीब लोगों को उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए लगातार जागरुक कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के गांव गंगेरू में स्थित प्राथमिक विद्यालय नंबर एक में पहुंचकर शिक्षा ग्रहण कर रहे दो सौ पचास छात्र-छात्राओं को जर्सी वितरित की।

इस दौरान प्राथमिक विद्यालय गढ़ी श्याम के प्रधानाचार्य अजय तोमर, अजय मलिक, ओमवीर सिंह, जावेद जंग, दिनकर चौहान, विपुल शर्मा, अंजना सिंह, राखी, बनिता सहित आदि मौजूद रहे।

# विधायक अशरफ अली खां ने ऊर्जा मंत्री से की मुलाकात

**जलालाबाद व थानाभवन बिजली उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाने की रखी मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन विधानसभा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए विधायक अशरफ अली खघन ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर माननीय ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से शिष्टाचार मुलाकघत की। मुलाकघत के दौरान विधायक ने क्षेत्र के दोनों प्रमुख बिजली उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की।विधायक ने बताया कि कस्बा जलालाबाद एवं कस्बा थानाभवन के विद्युत उपकेंद्रों पर वर्तमान में 5 एम।वी।ए। पावर ट्रांसफॉर्मर स्थापित हैं, जबकि क्षेत्र में उपभोक्ताओं की तेजी से बढ़ती संख्या और बढ़ते विद्युत लोड के चलते यह क्षमता अब अपर्याप्त साबित हो रही है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री से अनुरोध किया कि दोनों उपकेंद्रों पर 5 एम।वी।ए। ट्रांसफॉर्मरों को



बदलकर 10 एम।वी।ए। क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएं, जिससे क्षेत्र में निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए आश्वस्त किया कि विभाग इस विषय पर गंभीरता से विचार करेगा और आवश्यक कार्यवाही को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा।

बताया गया कि बैठक के दौरान क्षेत्र की अन्य विद्युत समस्याओं, सुधार कार्यों और जनहित से जुड़े विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। विधायक की इस पहल से क्षेत्रवासियों में बेहतर विद्युत सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद जगी है।

## दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में आधा दर्जन से अधिक विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव आल्दी में एक सप्ताह पूर्व दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आधा दर्जन से अधिक महिला पुरुषों के विरूद्ध अभियोग दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव आल्दी में विगत 23 नवंबर को रोहतास, पक्ष व विनोद पक्ष के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई थी मारपीट में दोनों पक्षों में जमकर लाठी,डंडे व धारदार हथियार चले थे, मारपीट में विनोद पक्ष से विनोद व उसका दामाद बसंत एवं पुत्री मानसी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। एवं रोहतास पक्ष से अनुज,सनुज,व दो पुत्री साक्षी व रुचि, घायल हो गई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। घायलों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के आधा दर्जन से भी अधिक महिला पुरुषों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सिद्धांत व व्यवस्थाओं के मूलभूत अंतर पर डाला प्रकाश



**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में आयोजित धर्मसभा में आचार्य नयन सागर मुनिराज ने अपने मंगल प्रवचन में सिद्धांत और व्यवस्थाओं के मूलभूत अंतर पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सिद्धांत शाश्वत होते हैं, कभी नहीं बदलते, जबकि व्यवस्थाएं समय, परिस्थिति और युग के अनुसार बदलती रहती हैं। आचार्य ने अहिंसा को एक अपरिवर्तनीय सिद्धांत बताते हुए कहा कि चाहे समय कितना भी बदल जाए, अहिंसा का महत्व सदा समान रहता है। मौसम के बदलने, समाज की व्यवस्थाओं में परिवर्तन और जीवन की परिस्थितियों के उदाहरण देकर उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यवस्थाओं का बदलना प्राकृतिक है, परंतु सिद्धांत स्थाई रहते हैं। प्रवचन में जिनेंद्र शब्द की व्याख्या करते हुए मुनिराज ने कहा कि यह किसी व्यक्ति का नाम नहीं, बल्कि उन आत्माओं का वर्णन है जिन्होंने इंद्रियों और कषायों पर विजय प्राप्त कर ली है। यह महान आत्माओं की उपासना का रूप है। आचार्य ने ऐतिहासिक उदाहरणों में सुकौशल की मां तथा वर्तमान परिस्थितियों में बुजुर्ग साधुओं के तप और सर्दी सहन करने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक क्षमताएं बदलती हैं, पर सिद्धांत की शक्ति अटल रहती है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। चाहे वह तीर्थंकरों की अवगाहना हो, आयु हो या समाज की व्यवस्था। इस संदर्भ में उन्होंने पंच परावर्तन का उल्लेख करते हुए बताया कि जो व्यक्ति परिवर्तन को समझ लेता है, वह किसी एक व्यवस्था में आसक्त नहीं रहता। मुनिराज ने ज्ञानियों और मूर्खों के अंतर पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर सुमित जैन, शरद जैन, भूषण लाल जैन, मोहित जैन, सचिन जैन, रमेश चंद जैन, सुधीर जैन, निधि जैन आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली में बाइक टकराने से घायल युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम हुए सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है, जबकि पीड़ित पक्ष की ओर से अभी तहरीर नहीं दी गई है।जानकारी के अनुसार, गांव मुंडेट खादर निवासी शिवम द्ध26 वर्षऋ शुक्रवार की देर सायं थानाभवन से अपनी बाइक पर सवार होकर गांव लौट रहा था। जैसे ही वह खानपुर अंडरपास के पास पहुंचा, अंधेरा होने के कारण उसकी बाइक आगे चल रही अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। जोरदार टक्कर लगते ही शिवम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। हलका इंचार्ज एसआई विपिन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल शिवम को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

परिजन घायल युवक को हायर सेंटर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही शिवम ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम है, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई थी। तहरीर मिलने पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सुहेल का गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक, तीन युवक अब भी नाजुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना.बिडौली मार्ग पर कमालपुर के सामने हुए सड़क हादसे के बाद शनिवार को अलीपुरा में मातम पसरा रहा। शुक्रवार शाम हुई भीषण दुर्घटना में जान गंवाने वाले 17 वर्षीय सुहेल का शनिवार पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। गांव में सुबह से ही लोगों का तांता लगा रहा और शव पहुंचते ही चीख.पुकार मच गई। परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है। गौरतलब है कि शुक्रवार शाम अलीपुरा निवासी मोहम्मद (18), सुहेल (17) और शावेज (20) बाइक से बिडौली जा रहे थे। उसी समय भडी निवासी अमर (25) और शिवम (18) करनाल से लौट रहे थे। कमालपुर के सामने अचानक एक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से दोनों बाइकों के सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में सुहेल की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि मोहम्मद, अमर और शिवम गंभीर रूप से घायल हुए। शावेज को कम चोटें आई थीं। घायलों को शुक्रवार रात ही सीएचसी ऊन से प्राथमिक उपचार के बाद करनाल और मेरठ रेफर किया गया था। तीन युवकों की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है, जिससे गांव में चिंता का माहौल है। चौसाना चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। हादसा बाइकों की आपस की भिड़ंत से हुआ या गाड़ी की टक्कर से कृ इसकी जांच जारी है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल,गंभीर हालत में मेरठ रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित आल्दी बस स्टैंड के समीप कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत में हायर सेंटर के लिए रेफर किया है। जनपद मुजफ्फरनगर निवासी अंकित बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से पानीपत गया हुआ था। और शुक्रवार की देर शाम बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग आल्दी बस अड्डे के समीप पहुंचा तो विपरीत दिशा से जा रहे कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार घायल होकर जमीन पर जा गिरा। घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस की मदद से घायल का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है।कार चालक हदसे को अजाम देकर फरार हो गया।

# विद्यालय में अंकुरित120 पौधों का छात्रों में वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आज थानाभवन कस्बे के लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज में इको क्लब गतिविधि के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में अंकुरित किए गए अलग-अलग किस्म के लगभग 120 पौधों का वितरण छात्रों में किया गया। इन पौधों को छात्र एक पेड़ मां के नाम से अपने घर के आंगन अथवा आसपास के क्षेत्रों में रोपित कर उनकी देखभाल करेंगे जिससे पर्यावरण को स्वच्छ तथा स्वस्थ रखने में सहायता मिलेगी। पौधों का वितरण इको क्लब की टीम ने प्रधानाचार्य चंद्रेश्वर प्रसाद जी के संरक्षण में किया। इको क्लब टीम में सदस्य शिक्षक क्रम से इको क्लब अध्यक्ष प्रेम प्रकाश तथा सदस्य लवलेश कुशवाहा, नितिका, विपुल शुक्ला, नकुल पाराशर , और सोनू कुमार तथा अन्य शिक्षक आदिल खान एवं मती प्रमिला देवी जी द्वारा किया गया। इको क्लब सदस्य छात्र शुभ कुमार ,कन्हैया तथा प्रिंस के साथ-साथ अन्य 60-70 छात्र उपस्थित रहे। इको क्लब के मेंटोर प्रेम प्रकाश जी ने बच्चों को पर्यावरण के विषय में विस्तृत जानकारी दी तथा पर्यावरण को स्वस्थ तथा स्वच्छ रखने में पेड़ पौधों की भूमिका को समझाया तथा विद्यालय के छात्रों को अधिक से अधिक पेड़ पौधों को लगाने के लिए प्रेरित किया। इसी के साथ ही जल संरक्षण के लिए छात्रों को जागरूक किया गया और प्लास्टिक वेस्ट पर जानकारी दी गई।

# सेंट आरसी कॉन्वेंट में वार्षिक खेलकूद कंपटीशन का समापन

**ओवर आल चैंपियनशिप में 27 स्वर्ण पदक जीतकर सुभाष हाउस ने पाया प्रथम स्थान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पिंडौरा स्थित सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि विजय तोमर, प्रबंधक स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज, ने शिरकत कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता में करीब 600 छात्रों ने भाग लेकर शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

लंबी कूद में कक्षा 9 के मीत खाटियान ने प्रथम, प्रशांत ने द्वितीय तथा कक्षा 10 के नैतिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 व 8 के वर्ग में दिग्विजय द्धरमन हाउसऋ ने प्रथम, अथर्व द्धटैगोरऋ ने द्वितीय और अमृत द्धरमनऋ ने तृतीय स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग में हर्षित गिल प्रथम, वंश खाटियान द्वितीय और लक्ष्य खाटियान तृतीय स्थान पर रहे।

बैडमिंटन के फाइनल में रमन व सुभाष हाउस के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें सुभाष हाउस ने जीत दर्ज की। बालिकाओं में आस्था व श्रेया मुख्य रहीं, जबकि सगुन व अंशिका दूसरे स्थान पर रहीं। वॉलीबॉल फाइनल में रमन हाउस के कप्तान शौर्य खाटियान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

जूनियर गर्ल्स खो-खो में टैगोर हाउस विजेता रहा, जबकि सीनियर गर्ल्स वर्ग में सुभाष हाउस ने जीत दर्ज की। जूनियर कबड्डी में कप्तान अमरदीप की टीम ने बाजी मारी, वहीं सीनियर कबड्डी में सुभाष हाउस ने खिताब अपने नाम किया। शॉट पुट में कक्षा 12 के रौनक और कक्षा 11 के विनय ने सर्वाधिक दूरी तक गोला फेंककर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिकाओं की 400 मीटर रिले रेस में सुभाष हाउस विजेता रहा।

नन्हे मुन्ने बच्चों ने बिस्किट रेस, फॉग रेस, म्यूजिकल चेयर, लेमन रेस और सिंपल रेस में भाग लेते हुए उत्साह का प्रदर्शन किया। विभिन्न वर्गों में आनंदी, निवि, प्रियांशी, ग्रंथ, जानवी, सारा, , आयुष, हार्दिक और शिवाय ने शीर्ष स्थान प्राप्त किए।

ओवरऑल चौंपियनशिप में सुभाष हाउस ने 27 स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रमन ने 18 स्वर्ण पदक के साथ दूसरा स्थान पाया। टैगोर और आजाद हाउस ने 15-15 पदक जीतकर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। हाउस इंचार्ज महावीर प्रसाद, नसीम अहमद, सुभाष कुमार, कंचन शर्मा और शिखा गोयल ने छात्रों को बधाई दी। प्रधानाचार्य मोनिका चौधरी ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

# पीरखेड़ा में झाड़ियों से मिले नवजात को लेकर दो पक्षों में विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पीरखेड़ा गांव में झाड़ियों से मिले एक नवजात शिशु को लेकर दो पक्षों में विवाद गहराता जा रहा है। एक पक्ष नवजात को वापस मांगे जाने का आरोप लगा रहा है। मामले ने तूल पकड़ा तो चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने हस्तक्षेप कर शिशु को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, नवजात को अपने पास रखने वाली महिला बबीता बच्चे से अलग होने के बाद सदमे में बताई जा रही है और चारपाई पकड़कर पड़ गई।





गांव पीरखेड़ा निवासी संजीव ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर नवजात के पालन-पोषण की अनुमति देने की मांग की। संजीव का कहना है कि 26 नवंबर को गांव के प्रवीण और सुंदर एक नवजात शिशु लेकर उसके घर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बच्चा झाड़ियों में मिला है और चूंकि संजीव की कोई संतान नहीं है, इसलिए वह इस बच्चे को पाल ले। संजीव ने नवजात को स्वीकार कर लिया।

संजीव का आरोप है कि दो दिन बाद सुंदर शिशु को वापस मांगने लगा, जबकि इस बीच उसके परिवार का बच्चे से भावनात्मक लगाव हो गया। इसी विवाद के चलते चाइल्ड हेल्पलाइन ने नवजात को अपनी अभिरक्षा में लेकर अस्पताल में भर्ती करा दिया। संजीव ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि उसकी कोई संतान नहीं है, इसलिए नवजात के पालन-पोषण की अनुमति उसी को प्रदान की जाए।



# वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली में महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु की जयंती पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में बसु के अद्वितीय योगदान को स्मरण करना और नई पीढ़ी को वैज्ञानिक सोच के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य वक्ता अमित कुमार ने उनके शोध विशेषकर पौधों में संवेदनशीलता, रेडियो विज्ञान, तथा माइक्रोवेव तकनीककृपर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जिसमें सृष्टि पांचाल ने प्रथम, नंदिनी ने द्वितीय और शगुन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि जगदीश चंद्र बसु का जीवन वैज्ञानिक .ष्टि, नवाचार, और समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार,अमित कुमार, मोहित कुमार, रवि कुमार, कविता, गीता रानी, उपासना, दिव्या, साक्षी, अनीता उपस्थित रहे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के काबडौत पुल पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल युवक को शामली सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उसको मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया गया।



शनिवार को संभल निवासी मोनू पुत्र सरदार सिंह अपनी बाइक पर सवार होकर चंढीगढ से मुरादाबाद जा रहा था। बताया जाता है कि शनिवार सुबह जब वह शहर कोतवाली क्षेत्र के काबडौत पुल के निकट पहुंचा तो इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर बाद युवक डिवाईडर से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची शहर कोतवाली पुलिस ने घायल युवक को शामली सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसके दोनों पैरों की हडिडयां टूटने के कारण मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया गया। घायल युवक के परिजनों को सूचना दी गई।

## शराब में एक पकड़ा

**शामली।** थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध देशी शराब के पव्वे बरामद किया है।

दिनांक 28.10.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कोतवाली शामली के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त को अवैध 23 पव्वे देशी शराब मसाला महबूबा सहित गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त अमरपाल पुत्र रामदास निवासी ग्राम हसनपुर थाना कोतवाली जनपद शामली है।

# गढ़ी दौलत के युवक की ससुराल में संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** ससुराल में गए थाना क्षेत्र के गांव गढी दौलत निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई परिजनों का आरोप है कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा पीट-पीट कर हत्या की गई है। शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सपुर्द ए खाक कर दिया है।परिवार जनो ने पुलिस से कार्यवाई की मांग की है, पुलिस जांच मे जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के गांव गढी दौलत निवासी 28 वर्षीय मुस्तफा पुत्र इदरीश की शादी 11 वर्ष पूर्व बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव सिक्का इदरीशपुर निवासी युवती के साथ हुई थी। परिवार जनों के अनुसार युवक विगत शुक्रवार की शाम को घर से अपनी ससुराल में कह कर गया था। देर शाम परिवार के लोगों को सूचना मिली कि युवक बड़ौत कोतवाली क्षेत्र की नहर पटरी पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ है।



जानकारी मिलने पर युवक के परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस की मदद से युवक को बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में मेरठ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मेरठ अस्पताल ले जाते समय घायल युवक की मौत हो गई और उसने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया।पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। शनिवार सवेरे शव पीएम से आने के बाद परि. जनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है।परिजनों ने आरोप लगाया है कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा पिटाई की गई है जिस कारण उसकी मौत हुई है। मृतक अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गया 11 वर्षीय लड़की इंशा व 7 वर्ष का अफ्फान है, जिनका परिवार सहित रो रो कर बुरा हाल है। पीड़ित परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है मामले में पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है फिलहाल पुलिस पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

## नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के तहत एक गिरफ्तार

**शामली।** थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा ऑपरेशन सवेरा अभियान के क्रम में मादक पदार्थ तस्करी में वांछित 1 अभियुक्त गिरफ्तार किया है।

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र सहारनपुर के अंतर्गत मादक पदार्थोंध्नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान ह्ऑपरेशन सवेरा रू नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर चलाया जा रहा है। ऑपरेशन सवेरा अभियान के क्रम में थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा दिनांक 6.11.2025 को अभियुक्त कमल हसन पुत्र अजमूद. ीन निवासी मौ. प्रतापनगर कस्बा बनत थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली को अवैध 16.33 ग्राम स्मैक, मोबाइल फोन, 1880 रुपए की नगदी व इलैक्ट्रोनिक काटां सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की थी। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमंडी पर मुक. दमा पंजीकृत किया था। उपरोक्त अभियोग में अभियुक्त सागर उर्फ जानी पुत्र रविन्द्र निवासी मौ0 सुभाषनगर कस्बा बनत थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली में वांछित चल रहा था। थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी में वांछित अभियुक्त सागर उर्फ जानी पुत्र रविन्द्र निवासी मौहल्ला सुभाषनगर कस्बा बनत थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त सागर उपरोक्त के मादक पदार्थो तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में लिंक्स की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** अहमदगढ़ पुलिस ने अवैध शराब कारोबार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी प्लास्टिक के कैन में शराब भरकर ले जा रहा था। जानकारी के अनुसार, देर रात अहमदगढ़ थाना पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग में जुटी हुई थी। इसी दौरान पुलिस को सड़क किनारे झाड़ियों की ओर से एक युवक के भागने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रामपाल पुत्र मुरली निवासी ग्राम अहमदगढ़, थाना झिंझाना द्धजिला शामलीꠈ बताया। पुलिस द्वारा कैन की जांच करने पर उसमें कच्ची शराब भरी पाई गई, जिसकी मात्रा लगभग 15 लीटर बताई गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी शराब के स्रोत के बारे में कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दे सका। उसने यह स्वीकार किया कि वह शराब लेकर जा रहा था और पुलिस को चकमा देने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।



### एसआईआर में 99 प्रतिशत तक फार्म जमा करने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विशेष गहन पुनरीक्षण द्धएसआईआरꠈ के तहत फार्म भरने में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए समाजवादी पार्टी पदाधिकारियों व बीएलए ने जाफरपुर तथा सरस्वती बाल विद्या मंदिर में शिविर लगाकर ग्रामीणों की सहायता की। सपा नेता प्रो। सुधीर पंवार ने बताया कि सबसे अधिक समस्या उन मतदाताओं को आ रही है जो दूसरी जगह से आकर बसे हैं, विशेषकर महिलाओं को, जिन्हें पुराने एपिक नम्बर व भाग संख्या की जानकारी नहीं है। इंटरनेट सुविधा न होने के कारण भी दिक्कतें बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के सुझाव पर प्रशासन ने बीएलए को बीएलओ या एसडीएम कार्यालय में सीधे फार्म जमा करने की अनुमति दे दी है। पंवार ने कहा कि 2025 की मतदाता सूची में मृत मतदाताओं को छोड़कर 99 प्रतिशत तक फार्म जमा हो जाने चाहिए, क्योंकि प्रदेश में मृत्यु दर काफी कम है। उन्होंने मुस्लिम समाज में एसआईआर को लेकर चल रही भ्रांतियों को दूर करने की बात भी कही। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने समय सीमा बढ़ाने की मांग की।

### किसान इंटर कॉलेज थानाभवन में बाल विवाह व बाल श्रम पर जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन के निर्देशन में किसान इंटर कॉलेज थानाभवन में बालि. काओं को बाल विवाह और बाल श्रम के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डा। मती प्रतिभा ने की। हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ विमेन के जेंडर स्पेशलिस्ट कुलदीप शर्मा ने बताया कि बाल विवाह या बाल श्रम की शिकायत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर की जा सकती है, जहां शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। चाइल्ड हेल्पलाइन की काउंसलर पाऊल चौधरी ने हेल्पलाइन के कार्य संचालन की जानकारी दी। प्रतिभागियों को दहेज प्रतिषेध अधि. नियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम सहित अन्य कानूनों की जानकारी दी गई। महिला कल्याण विभाग की योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजनाकृके साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1098, 1090, 181, 112, 102, 108, 1076 की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत छात्राओं को बाल विवाह न करने और न होने देने की शपथ दिलाई गई।

### ऑनलाइन ठगी की गई पांच लाख की रकम वापस कराई

**शामली।** साइबर सैल शामली द्वारा फर्नीचर दिलाने के नाम पर आनला. इन ठगी की गई 5 लाख 05 हजार रूपए की धनराशि को वापस कराया गया। अवगत कराना है कि दिनांक 16.9.2025 को आवेदक की आनलाइन शिकायत जो साइबर मुख्यालय लखनऊ मे की गई जिसमे साइबर मुख्यालय लखनऊ द्वारा साइबर सैल शामली को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, साइबर सैल शामली उपरोक्त द्वारा जांच मे पाया गया कि आवेदक ऍप्पी उपरोक्त के साथ साइबर अपराधी के द्वारा आवेदक को पियरे जेनेरेट फर्नीचर कम्पनी द्वारा फर्नीचर दिलाने के नाम पर आवेदक से यूपीआई के माध्यम से 505000 रूपए ट्रान्सफर कराकर धोखाधडी की गई थी जिसके सम्बन्ध मे आवेदक द्वारा 16.9.2025 को आनॅलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एन0पी0 सिंह के निर्देशिन में व अपर पुलिस अधीक्षक शामली के पर्यवेक्षण में साइबर सैल शामली द्वारा आवेदक से प्राप्त जानकारी से बैंक खाता स्टेटमेण्ट पर तत्काल साइबर सैल शामली द्वारा कार्यवाही करते हुए आवेदक के साथ हुई ठगी के कुल 505000 रूपए की धनराशि को आवेदक के खाते मे वापस कराया गया। आवेदक द्वारा जनपदीय पुलिस व साइबर सैल टीम की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक संजीव भटनागर प्रभारी साइबर सैल शामली, उ0नि0 अलका राठी साइबर सैल शामली, म0है0 का0 शोभा चौधरी साइबर सैल शामली, म0है0 का0 रेनू पंवार साइबर सैल शामली, का0 शोभित साइबर सैल शामली हैं।

# रॉक गोल्ड एकेडमी में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के रॉक वर्ल्ड एकेडमी में वार्षिक खेल दिवस बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया गया। समारोह का आकर्षक थीम ह्रेस एंड रिदम फिटनेस विद ताल रहा, जिसके अनुरूप विद्यार्थियों ने खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष तजेंद्र निर्वाल ने दीप प्रज्वलित कर एवं खेल मशाल जलाकर किया। विशिष्ट अतिथियों में विधायक प्रसन्न चौधरी, डा। अरुण कुमार राय, चंद्र कुमार गुप्ता, आजाद चौहान, प्रतीक गर्ग सहित विद्यालय प्रबंधन के पदाधिकारी मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने स्प्रिंट, हर्डल रेस, रिले रेस, पिक्चर रेस, फाइव-लेग रेस और गेस्टिंग रेडी फॉर स्कूल रेस जैसी रोचक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पंक्ति-बद्ध नृत्य, एरोबिक्स, डंबल सर्कल, ताइक्वांडो मूव्स, योग तथा रंग-बिरंगे छातों के साथ प्रस्तुत नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और समारोह में चार चांद लगा दिए। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए चाणक्य हाउस ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विजेता हाउस बनने का गौरव हासिल किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुनील गोयल, वाइस चेयरमैन शिखर गोयल, डायरेक्टर प्रियंक गोयल और प्रधानाचार्या राज ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि समग्र विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और प्रतिभागी छात्रों की प्रशंसा के साथ हुआ।







# चोरी का खुलासा तीन शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के वाहन व हथियार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन चोरों को गिरफ्तार करते हुए बोलोरो पिकअप गाड़ी हुई चोरी का खुलासा कर तीन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार बरामद कर कानूनी कार्रवाई करते हुए चोरों को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी ग्रामीण अमित कुमार पुत्र बीरसेन की उसके प्लांट से विगत 19 नवंबर को बोला. ेरो पिकअप गाड़ी चोरी हो गई थी। पीड़ित ने थाने पर अभियोग दर्ज कराया था। शनिवार को क्षेत्राधिक. ारी हेमंत कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र के इस्सोपुरटील इंटर कॉलेज के निकट संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। चे. कंग में पुलिस ने एक संदिग्ध कार को रोकर उसमें सवार तीन लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए तीनों ने अपना नाम सलमान निवासी कैराना रईमुद्दीन निवासी सीलमपुर दिल्ली व धीरज सिंह, खुर्जा बुलंदशहर, से पूछताछ की तो तीनों बोलोरो पिकअप गाड़ी चोरी करना स्वीकार किया पुलिस में पकड़े गए चोरों के निशानदेही पर चोरी की तीन अन्य मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस और चाकू सहित अन्य सामग्री बरामद की। शनिवार को पुलिस ने पकड़े गए चोरों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

## खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मुण्डेटकला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शामली।** कैराना विकास खंड के मुंडेटकला में उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं की जानक. ारी दी गई और ग्रामीण युवाओं व अभ्यर्थियों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जुगल किशोर ने बताया कि खादी एवं ग्रामोद्योग की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अनिल कुमार उपस्थित रहे। इसके अलावा वरुण सिंह सह निदेशक, गोविन्द सिंह मौजूद रहे।



# हॉट मिक्स सड़कों की पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डीएम अरविंद कुमार चौहान के दिशा-निर्देश पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने शामली शहर में नगर पालिका द्वारा बनवाई गई हॉट मिक्स सड़कों की जांच की। सड़कों का मानकों के तहत निर्माण नही होने की शिकायत सभासदों ने डीएम से की थी, जिसकी जांच पीडब्ल्यूडी के एक्सन को सौंपी गई है। शनिवार को नगर पालिका सभासद निशिकांत संगल और अनिल उपाध्याय डीएम अरविंद कुमार चौहान से मिले। सभासदों ने डीएम से शिकायत की कि उनके द्वारा 15 नवंबर को शामली नगर पालिका द्वारा शहर में बनवाई गई हॉट मिक्स सड़कों के निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी, जिसकी जांच पीडब्ल्यूडी के एक्सन को सौंपी गई थी, लेकिन उनके द्वारा अब तक कोई जांच सुनिश्चित नही की गई है। सभासदों की सुनवाई के बाद डीएम के दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में पीडब्ल्यूडी के एई दीपेंद्र जायसवाल ने संबंधित सड़कों की जांच कराई। शहर के नगर पालिका गेट पर सभासदों की शिकायत पर टीम ने पहुंचकर जांच की। सभासद ने बताया कि संबंधित सड़क का टेंडर 89 लाख में हुआ था, लेकिन पूरा कार्य अनियमितता से किया गया, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है।

उधर, पीडब्ल्यूडी के एई के द्वारा कराई गई जांच के दौरान नगर पालि. का के संबंधित अफसर भी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट शीघ्र ही जिलाधिकारी को भेजी जाएगी।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अभिषेक व उसकी पत्नि तिरसा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। प्रवीण कुमार पुत्र इन्द्रपाल निवासी ताना थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

# डीसीएम व ट्रैक्टर की भिड़ंत में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** डीसीएम व ट्रैक्टर की भिड़ंत में ट्रैक्टर चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक अपना डीसीएम छोड़ मौके से फरार हो गया। जबकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे प्राथमिक उपचार के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।




गांव साखन खुर्द निवासी 60 वर्षीय अशोक कुमार देवबंद से अपने ट्रैक्टर से वापस अपने गांव लौट रहा थे। इसी दौरान देवबंद की तरफ से तेज गति से आ रहे डीसीएम चालक ने उनके ट्रैक्टर में पीछे से टक्कर मारदी। जिससे अशोक कुमार गंभीर रुप से घायल हो गए वहीं उनका ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर एकत्र हुए राहगिरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अशोक कुमार को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर केयर सेंटर रेफर कर दिया गया। तलहेडी चौकी प्रभारी राजकमल ने बताया कि दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक अपनी गाड़ी मौके पर छोड़ फरार हो गया। जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। बताया कि घायल पक्ष की ओर से अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीमद भागवत कथा का होगा आयोजन

**देवबन्द।** श्री गीता प्रचार समिति सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री गीता जयंती पर्व पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एक दिसंबर से सात दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। साथ ही आठ दिसंबर 40वां नर नारायण सेवा यज्ञ समारोह श्री गीता भवन में आयोजित किया जाएगा। श्री गीता प्रचार समिति सेवा ट्रस्ट के महामंत्री सुधीर गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि एक दिसबंर से श्री गीता भवन में कथा व्यास मनोज जी महाराज संगीतमय श्रीमद्ध भागवत कथा का सात दिसंबर तक आयोजन होगा। बताया कि आठ दिसंबर को नर नारायण सेवा यज्ञ समारोह में समिति द्वारा जरुरतमंद लोगों को ट्राई साईकिल, बैसाखी, लिहाफ, कंबल, स्कूल जर्सी, सिलाई मशीन और निर्धन कन्याओं के विवाह को यथोचित सहयोग आदि की सेवा की जाएगी।

# जरूरतमंद लोगों को वितरित किए कंबल

**देवबन्द।** गरीब व जरूरतमंद लोगों को सामाजिक संस्था जमीयत फलाह-ए-इंसानियत द्वारा सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित किये गए।

ईदगाह मार्ग स्थित जमीयत फलाह-ए-इंसानियत के कार्यालय पर आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में गरीब व जरूरतमंद लोगो को सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष मौलाना शाह आलम, खानकाह पुलिस चौकी प्रभारी संदीप कुमार व नजर फाउंडेशन के अध्यक्ष नजम उस्मानी ने लोगों को कंबलों का वितरण करने के उपरांत कहा कि गरीब व असहाय लोगो की मदद करने से मन को शांति मिलती है और सेवा करना बहुत ही पुण्य का कार्य है। सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी लोगों को चाहिए कि वह गरीब व असहाय लोगों की मद्द के लिए आगे आएं। मौलाना शाह आलम



ने बताया कि 220 लोगों को कंबलों का वितरण किया गया। इस मौके पर कमलेश यादव, मौलाना सालिम अशरफ कासमी, मौलाना इब्राहीम कासमी, शाहिद अंसारी, फैज अहमद और इकबाल आदि शामिल रहे।

# खेल प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में चल रही वार्षिक खेल प्रतियोगिता संपन्न हुई। खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का दिखाई।

सहारनपुर हाईवे स्थित सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़ में कक्षा एलकेजी की मिष्टी पंवार ने प्रथम, माहिरा द्वितीय एवं आराध्या राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा छह से आठवीं के मध्य सैक रेस में आरव सैनी प्रथम, अनमोल द्वितीय एवं सूरज तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक में कक्षा 11 की लक्ष्मी ने प्रथम, रितिका त्यागी ने द्वितीय तथा अक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेबी वाक में अब्दुल हम्माद प्रथम और आरव कुमार द्वितीय स्थान पर रहे।




प्रधानाचार्य रुपेश सैनी व संरक्षक हरि सिंह सैनी ने विजेता खिलाडियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर वंदना ध्रुव, सुनीता चौधरी, शिवकुमार सैनी, राजी शर्मा, संदीप कुमार, देवेंद्र कुमार आदि शिक्षक शामिल रहे।

# जाम की समस्यां से जूझ रहे क्षेत्रवासी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ई-रिक्शा चालकों की मनमानी, अतिक्रमण एवं रेहड़ी वालों के कारण दारुल उलूम, सरसटा, खानकाह चौक तक लोग जाम की समस्या से हर दिन जूझने के लिए मजबूर हैं। यहां से गुजरने वाले राहगिरो को आने जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

सड़क किनारे खड़े होने वाली, दुकानों के बाहर किया गया अतिक्रमण और उपर से ई-रिक्शा चालकों की मनमानी के कारण सराफा बाजार से लेकर खानकाह चौक तक पहुंचना बेहद मुश्किल हो गया है।

इन कारणों से यहां प्रतिदिन लगने वाले जाम की वजह से दस मिनट के रास्ते को पूरा करने में आधा घंटा लग जाता है। मस्जिद रशीदिया से लेकर खानकाह पुलिस चौकी तक सड़क किनारे कारों और बाइकों के खड़ा होने से यह समस्या और भी अधिक विकराल रुप ले रही है।



इसकी वजह से पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। जाम में फंसे लोग न आगे बढ़ सकते न ही पीछे हट सकते हैं। वाहनों को रास्ते से हटाए जाने को लेकर लोगों के बीच झगड़े तक हो जाते हैं। लेकिन न तो पालिका प्रशासन और न ही पुलिस समस्या से लोगों को निजात दिला रही है।

# समाज के लोगों ने पीएम को भेजा ज्ञापन

**देवबन्द।** ब्राह्मण समाज की बहन-बेटियों के विषय में की गई टिप्पणी से नाराज ब्राह्मण समाज के लोगो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को दिया।

मध्य प्रदेश में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बहन-बेटियों के विषय में की गई टिप्पणी के विरोध में ब्राह्मण महासभा संपूर्ण भारत के पदाधिकारियों ने एसडीएम युवराज सिंह को ज्ञापन सौंपा है। ब्लॉक अध्यक्ष जयेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे गए ज्ञापन अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जाने और उन्हें जेल भेजे जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में संगठन संरक्षक पूरण चंद शर्मा, नरेंद्र शर्मा, मनु शशि, उमाकांत शर्मा, रविकांत शर्मा, सुरेंद्र शर्मा आदि ब्राह्मण समाज के लोग शामिल रहे।

# बेरोजगारी व बढ़ती महंगाई के कारण जनता परेशान

**देवबन्द।** भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार में हर वर्ग परेशान हैं बढ़ती बेरोगारी के कारण युवा इधर-उधर भटक रहें है। यहीं कारण है कि जनता भाजपा से ऊभ युकी है। और कांग्रेस की और देख रही है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में पूर्व उपाध्यक्ष कृष्णा राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग परेशान है। महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ रही है और युवा रोजगार के लिए इधर उधर भटक रहे हैं। जबकि यह सरकार झूठी बातें कर जनता को गुम. राह करने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश नीति के नाम पर खामोश बैठे हैं। कहा कि जनता भाजपा की करनी और कथनी का अंतर समझ चुकी है। इस मौके पर दीपक, फरहान, सरोज, आस्था, राशिद आदि मौजूद रहे।

# वीकेआईटी में फ्रेशर पार्टी 'आरम्भ 2025'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में चल रहे विभिन्न कोर्सो में शनिवार को नए छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी 'आरम्भ 2025' का आयोजन किया गया। जिसमें नए छात्र-छात्राओं का सीनियर्स छात्र-छात्राओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया।

फ्रेशर पार्टी 'आरम्भ 2025' का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राहुल चौधरी (इन्टरनेशनल कबडडी खिलाड़ी), ग्रुप के सस्थापक अशोक कुमार सिंह, चेयरपर्सन श्रीमति सुदेश सिंह, प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, डीन एडमिशन श्रीमती नेहा सिंह एवं डीन एकेडिमिक राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। फ्रेशर पार्टी




'आरम्भ 2025' का संचालन कर रही मानसी चौधारी एंव ज्योति ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया एवं कॉलेज के प्रागंण मे उपस्थित मुख्य अतिथि राहुल चौधरी को प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, ग्रुप के सस्थापक अशोक कुमार सिंह को योगेश कुमार, चेयरपर्सन श्रीमती सुदेश सिंह को अमृता, प्रबन्ध निद. ेशक अभिषेक सिंह को राजीव कुमार एंव डीन एडमिशन श्रीमति नेहा सिंह को हिमांशी ने बैच लगाकर एवं फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। माँ सरस्वती की वंदना करके कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके उपरांत छात्र आशीष ने 'तुम ही हो' गीत सुनाकर प्रांगण में उपस्थित सभी का मन मोह लिया।

# सड़क हादसे में महिला की मौत

**नागल।** असंतुलित होकर बाइक पर सवार महिला के सड़क पर गिरने से सिर मे लगी चोट के कारण घायल होने पर उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव चहरोली निवासी नदीम की पत्नी रूखसार शनिवार शाम अपने भाई के साथ बाइक पर बैठकर किसी काम से नागल आई थी । गांव जाते समय रेलवे रोड पर चक्कर आने से असंतुलित होकर सड़क पर जा गिरी जिससे उसके सिर मे गंभीर चोट आई। घायलावस्था मे उसे चिकित्सक के यहां ले जाया गया जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सहारनपुर ले जाते समय उसने दम तोड दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों मे मातम छा गया।

# साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया

**नांगल सोती।** साइबर अपराध के प्रति पुलिस ने गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। नांगल थाने के एसआई विनोद कुमार पीपल, आरक्षी प्रवीण चौहान और संजय सैनी ने गांव हरचंदपुर में ग्रामीणों की चौपाल लगाकर साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। इस दौरान एसआई विनोद पीपल ने ग्रामीणों से कहा कि किसी दशा में कभी भी किसी को अपना ओटीपी न बताए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी अनेक तरीकों से ठग का काम कर रहे है, इसलिए सतर्क रहे है। अगर बैंक के नाम से कोई कॉल आए तो कभी भी रिसीव न करे, क्योंकि बैंक आपको कभी भी कॉल नहीं करता है। वहीं अनजाने लिंक को कभी भी रिसीव न करे। आपकी थोड़ी सी लापरवाही आपका बैंक एकाउंट खाली कर सकती है, इसलिए साइबर अपराधियों से सतर्क रहे।

## सार्वजनिक सूचना

**नगर पंचायत नानौता जनपद सहारनपुर**

पत्रांक मीमो/न.प.ना./नोनि. विविध/2025-26

दिनांक- 29/11/2025

नोटिस के अन्तर्गत धारा 147 मयू. एक्ट 1916 सूचना पत्र

1-आवेदक का नाम- रियाज पुत्र हबीब अहमद
मोहल्ला शेखजादगान कस्बा नानौता जिला सहारनपुर

2- भवन संख्या/सम्पत्ति संख्या-1/2441 मकान/दुकान/प्लाट बैनामा रजिस्ट्रड

3- वर्तमान में पंचायत अभिलेख में अंकित अध्याशी का नाम-अकीला पत्नि रफी मोहल्ला शेखजादगान कस्बा नानौता जिला सहारनपुर

4- नामान्तरण का आधार-बैनामा रजिस्टर एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि 45 दिवस के अन्दर उक्त के सम्बंद में यदि कोई आपत्ति हो तो उसके समर्थन में साक्ष्य सहित इस इस कार्यालय को उपलब्ध करा दें निर्धारित समय व्यतीत हो जाने के पश्चात नामांतरण/पसम संशोधन की कार्रवाई कर दी जाएगी। जिसका वितरण अभिलेखों में अंकित/विवरण की प्रविष्टि के स्थान पर नगर पंचायत नानौता को प्रस्तुत पत्र में अंकित विवरण की प्रविष्टि कर दी जाएगी।

## टीका उत्सव तीन दिसम्बर से

**स्योहारा।** सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि शासन के निर्देश पर 3 दिसंबर से पूरे माह टीका उत्सव मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य शून्य से पांच वर्ष तक के छूटे हुए बच्चों का सौ प्रतिशत टीकाकरण पूरा करना है। ब्लॉक स्योहारा में 5387 बच्चों को टीके लगाए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। टीकाकरण से 11 जानलेवा बीमा. रियों से बचाव होता है। नियमित टीकाकरण सत्र बुधवार और शनिवार को आयोजित किए जाते रहेंगे। रिक्त उपकेंद्रों पर भी माइक्रो-प्लान के तहत टीका लगाया जाएगा। अधीक्षक डॉ. स्नेही ने बताया कि ओपीवी-1, पेंटा फर्स्ट, एमआर-1 और एमआर-2 जैसे कम कवरेज वाले टीकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# एसआईआर फॉर्म का समय बढ़ाने की मांग

## सपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा नेता ठाकुर अमित चौहान के नेतृत्व में एसडीएम धामपुर को ज्ञापन सौंप कर एसआईआर फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने की मांग की। ज्ञापन उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त लखनऊ के नाम संबोधित किया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्यक्रम के चलते बीएलओ सहित आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजदूर, किसान और दैनिक कार्य करने वाले लोग पूरे दिन इस प्रक्रिया में उलझे हुए हैं, जिससे उनकी रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित



हो रही है। सपा कार्यकर्ताओं ने मांग की कि वर्तमान निर्धारित अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2025 को कम से कम तीन माह आगे बढ़ाया जाए, ताकि सभी नागरिक आवश्यक प्रक्रिया को समय पर पूरी कर सकें और राहत महसूस कर सकें।

ज्ञापन देने वालों में ठाकुर अमित चौहान, नसीम राणा, लाल बहादुर सिंह, निसार अहमद, कुशल पाल सिंह चौहान, मेहताब चौधरी, अरमान अली, मजाहीर हुसैन, धर्मपाल सिंह, मौहम्मद आरिफ अंसारी, मोक्ष पाल सिंह, जावेद सईद, रविंद्र चौहान पप्पू, हुसैन अल्वी, राजबहादुर सिंह, फहीम अहमद राणा, करीमुद्दीन, कपिल वर्मा, अजीम राणा, धर्मवीर सिंह जोशी, मौहम्मद आरिफ अंसारी, पंकज गुप्ता, मुजाहिद हुसैन, अल्ताफ अहमद, हरपाल सिंह समेत सैकड़ों सपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बीएलओ का कार्य कर रही आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसआईआर फॉर्म भरने की ड्यूटी में लगी आंगनबाड़ी कार्यकत्री की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन शोक में डूब गए, वहीं विभागीय अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर सांत्वना देने के साथ आवश्यक मदद का भरोसा दिलाते नजर आए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला बड़वान निवासी 56 वर्षीय शोभा रानी पत्नी कृपाल सिंह बूथ संख्या 97 पर बीएलओ की जिम्मेदारी निभा रही थीं। परिजनों के अनुसार वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। शुक्रवार रात अचानक उनकी तबीयत अधिक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेफर किया गया। शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे उनकी मौत हो गई। मृतका की मौत



की खबर फैलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर बिजनौर से पहुंचे डीपीओ विमल चौबे ने कहा कि परिजनों द्वारा जानकारी दी गई है कि शोभा रानी पहले से बीमार थीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि फॉर्म भरने को लेकर विभाग की ओर से किसी प्रकार का दबाव नहीं डाला गया था। घटना के बाद परिवार के लोग स्तब्ध हैं और मौहल्ले में दुख का माहौल व्याप्त है।



# छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभिन्न विभागों की छात्र परिषद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह में विभागीय छात्र परिषद के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित पदाधिकारियों हर्ष कुमार, सफिया फात्मा, अरीबा हयात, निर्भय भारद्वाज, कु. अंशिका, कु. श्रद्धा वत्स, कु. हिफ्जा परवीन, अमन कुमार, ललित कुमार, कु. अदीबा परवीन, कु. दीक्षा, कु. शुमायला मलिक, नवदीप महेश्वरी को प्राचार्या प्रो. साधना के द्वारा शपथ दिलाई गई। उपाध्यक्ष पद के लिए पदाधिकारियों डोली, अलफिया इमरान, मौ. मुबश्शिर, कु. जैनब परवीन, कु. आसिया, अरीबा अफताब, मलाहत जमाल, कु. रीनू, योगिता कुमारी, शीतू, कु. अनुष्का, कु. अरीबा, अक्षत अग्रवाल को महाविद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने शपथ दिलाई। सचिव पद के लिए पदाधिकारियों कु. श्वेता अप्रौलिया, कु. हेमवती, नाजिया परवीन, सत्यम तिवारी, कु. जिया, कु. मुबश्शरा नाज, कु. आलिया, आदित्य, गीता कुमारी, इफरा, कु. महक, कु. बुशरा, मंयक भारद्वाज को प्रो. दिनेश सिंह द्वारा शपथ दिलाई गई।

उपसचिव पद पर निर्वाचित पदाधिकारियों कु. महक, कु. नीतू, मुमताज परवीन, कु. शिवानी राजपूत, कु. पायल, मौ. कैफ, कु. आयशा मुबीन, समीर, तनु चौधरी, कु. अर्शी परवीन, समीर अहमद, रितिक, तूबा इमरान को प्रो. महीपाल सिंह ने शपथ दिलाई। कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित पदाधिकारियों ईशा जैदी, दुष्यन्त, कु. तस्मिया नूर, दीपांशु, कु. मनीषा, कु. शीनम नाजिम, नीशू, शगुन देवी, कु. अंजली, कु. रूखसार, प्रशान्त, पीयूष चौधरी को डा. जैनुल आबिदीन ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात 27 नवम्बर 2025 को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित विभागीय सेमिनार में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कु. नाजिया परवीन, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली कु. अर्शी, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली कु. हिमानी तथा सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले कु. मोबिन तथा अन्य सहभागियों को सर्टिफिकेट देकर पुरुस्कृत किया गया। महाविद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्यो, कर्तव्यों तथा अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने नवनिर्वाचित विभागीय पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विभागीय छात्र परिषदों का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना और उनकी विविध समस्याओं का सुनियोजित तथा क्रमबद्ध समाधान प्रदान करना है। ये परिषदें महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में अत्यधिक सक्रिय भागीदारी निभाती हैं। इनके पदाधिकारी अपने-अपने विभागों का प्रतिनिधित्व करते हुए, संस्थान के समग्र संचालन और छात्र-हितैषी माहौल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। विभागीय छात्र परिषद के समन्वयक डॉ. जैनुल आबिदीन रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. प्रदीप कुमार तालान द्वारा किया गया।

# रोहित-विराट कोहली के दम पर टेस्ट हार का बदला लेने उतरेंगी टीम इंडिया



**दोनों टीमें मुकाबले से पहले जबरदस्त अभ्यास में लगी हुई ताकि वे मैच में अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल कर सके**

**रांची, वार्ता।** झारखंड की राजधानी रांची के जेएससीए स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाना है। यह मुकाबला काफी खास माना जा रहा है क्योंकि टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली लंबे समय के बाद वापसी कर रहे हैं, जिससे भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी। कप्तानी केएल राहुल करेंगे जबकि टीम बिना शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और जसप्रीत बुमराह के खेलेगी। दोनों टीमें मुकाबले से पहले जबरदस्त अभ्यास में लगी हुई हैं ताकि वे मैच में अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल कर सकें। दोनों टीमों के बीच वनडे मैचों का इतिहास काफी टक्कर का रहा है। अब तक कुल 58 वनडे मुकाबले खेले गए हैं जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने 30 मैच जीते हैं जबकि भारत 27 बार विजेता रहा है। इस बार भारत 3-0 से जीतकर क्रिकेट में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहता है और टेस्ट सीरीज की हार का बदला लेना चाहता है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका ने 2023 में भी तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली थी, जिसमें भारत ने 2-1 से जीत हासिल की थी। घरेलू मैदान पर भारत ने पिछले 15 सालों में वनडे में 71 प्रतिशत मैच जीते हैं जो भारतीय टीम के लिए एक बड़ी ताकत है। पिछले मैचों में दक्षिण अफ्रीका ने 25 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज जीतकर अपनी ताकत दिखाई है।

लेकिन वनडे में भारत का पलड़ा भारी माना जाता है। रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारत ने अब तक 6 वनडे मैच खेले हैं, जिनमें 3 में जीत हासिल की है। इस बार का मैच धोनी के शहर में होने वाला है, जो भारतीय टीम के लिए शुभ माना जाता है। जेएससीए स्टेडियम का मैदान और वहां के दर्शकों का उत्साह भारतीय खिलाड़ियों को खास ऊर्जा देता है। तीनों मुकाबले 30 नवंबर, 3 दिसंबर और 6 दिसंबर को क्रमशः रांची, रायपुर और विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे। इस सीरीज में भारत के पास टेस्ट की हार का हिसाब बराबर करने का मौका है। साथ ही यह मुक.ाबला विराट कोहली और रोहित शर्मा के लिए भी खास होगा क्योंकि ये दोनों खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बनने वाले हैं। दोनों की जोड़ी टीम इंडिया के लिए बड़ी ताकत साबित होने वाली है। इस मुकाबले में फैंस को एक बेहतरीन क्रिकेट मैच देखने को मिलेगा जहां टीम इंडिया अपनी सीमित ओवरों की क्षमता दिखाकर दक्षिण अफ्रीका को मजबूत चुनौती देने के लिए तैयार है। यह मैच और भी खास है, क्योंकि अक्टूबर 2022 के बाद रांची में वनडे खेला जाएगा, जब भारत ने इसी मैदान पर दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया था।

## धीमी पिच पर मौसम का मिजाज सही रहने की उम्मीद

- **तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज झारखंड के रा ची में होगा**

**रांची, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 30 नवंबर को झारखंड के रांची में जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। रांची की पिच सामान्य तौर पर धीमी रहती है, जिससे हाई-स्कोरिंग मुकाबलों की संभावना कम रहती है। पहले बैटिंग करने वाली टीम का औसत स्कोर 265 है, जो आधु.निक क्रिकेट के हिसाब से कम माना जाता है, पर इससे बड़ा स्कोर भी बन सकता है। पिच पर शुरूआत में तेज गेंदबाजों का प्रभाव रहेगा, उसके बाद स्पिनर्स मैच में अहम भूमिका निभाएंगे। यहां अभी तक 6 मैच खेले गए हैं, जिनमें भारत ने 3 मैच जीते, 2 में हार के साथ एक मैच बिना रिजल्ट रहा। टॉस के आधार पर, टॉस जीतने वाली टीम का जीत प्रतिशत 33-33प्रतिशत है जबकि टॉस हारने वाली टीम का 50प्रतिशत रहा है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच कुल 94 वनडे मैच हुए हैं, जिसमें साउथ अफ्रीका ने 51 मैच जीते हैं और भारत के नाम 40 जीते हैं। इस पिच और टीम संयोजन को देखते हुए मैच में धीमी पारी और रणनीतिक खेल देखने को मिल सकता है, जहां स्पिनर्स का बड़ा रोल होगा और कप्तान केएल राहुल की नेतृत्व क्षमता पर भी निगाहें टिकी होंगी। वहीं मौसम की बात की जाए तो 30 नवंबर को होने वाले वनडे मैच के दौरान मौसम में बादलों का डेरा रहेगा, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक, बादल छाए रहने के कारण न्यूनतम तापमान 13-14 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 21-22डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मैच के दौरान हवाएं चलेंगी, लेकिन दोपहर तक वे कम हो जाएंगी।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### ईरान फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल ड्रॉ का बॉयकॉट करेगा

**तेहरान, वार्ता।** ईरान का फुटबॉल फेडरेशन 2026 फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल ड्रॉ सेरेमनी का बॉयकॉट करेगा, क्योंकि यूनाइटेड स्टेट्स ने उसके डेलीगेशन के कई खास सदस्यों को वीज़ा देने से मना कर दिया है, जबकि ड्रॉ 5 दिसंबर को वालशगटन, डीसी में होना है। यह घोषणा करते हुए, फेडरेशन के प्रवक्ता आमिर मेहदी अलावी ने बताया कि यह फैसला ईरान के खेल और युवा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के साथ जरूरी पूछताछ, अंदरूनी चर्चा और सलाह-मशविरे के बाद लिया गया। उन्होंने यूएस के कामों की निंदा करते हुए इसे 'खेल के खिलाफ' बताया। अलावी ने कन्फर्म किया कि फीफा को बॉयकॉट के बारे में बताया गया था और प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो समेत उसके अधिका.रियों को वीज़ा के मुद्दे के बारे में बता दिया गया है।

### शांत व वेंकटेश प्रसाद के बीच होगी अध्यक्ष पद की जंग

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शनिवार को शांत कुमार की उम्मीदवारी को बहाल कर दिया है।

इसी के साथ अब आगामी कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए टीम बृजेश के केएन शांत कुमार और वेंकटेश प्रसाद के बीच सीधा मुकाबला होगा। न्यायालय ने चुनाव अधिकारी के 24 नवंबर के फैसले को चुनौती देने वाली शांत कुमार की याचिका को मंजूरी दी। शांत कुमार की उम्मीदवारी को तकनीकी आधार पर इसलिए रद्द कर दिया गया था कि डेक्कन हेराल्ड और प्रजावाणी स्पोर्ट्स क्लब का 200 रूपया का बकाया था, जोकि केएससीए के सदस्य हैं।

## वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उप्र के गुरु-शिष्य की जोड़ी ने लहराया जीत का परचम

- **हरीश चन्द्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल व युवा छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता**

**लखनऊ, वार्ता।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में आगरा जिले के इटौरा स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र और कक्षा 11 के छात्र रमन कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया है।

हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया, जबकि युवा छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाया। वर्ल्ड पावर लिलफ्टग चैंपियनशिप 2025 में 40 से अधिक देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय मंच पर, गुरु और शिष्य की जोड़ी ने देश को गौरान्वित किया। शिक्षक हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब हासिल किया। वहीं छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता।

प्रदेश सरकार की खेल नीतियों के कारण दोनों खिलाड़ियों का चयन हाल ही में गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उनके दमदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। हरीश चंद्र ने सीनियर 77 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीतने के साथ ही डेडलिफ्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया था, जबकि रमन कुमार ने सब-जूनियर 56 किग्रा वर्ग में गोल्ड जीता था। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने इस उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोलंबो में मिली यह ऐतिहा.सिक उपलब्धि पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय है। सर्वोदय विद्यालय इटौरा के छात्र और शिक्षक ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर जो प्रदर्शन किया है, वह आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। योगी सरकार हमेशा खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सर्वोदय विद्यालय इटौरा लगातार खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में अग्रणी रहा है। विभाग अब इस सफलता को आगे बढ़ाने के लिए सुविधाओं को और मजबूत कर रहा है। जिला समाज कल्याण अधिक.ारी घासीराम प्रजापति ने बताया कि जल्द ही विद्यालय में अत्याधुनिक पावर लिलफ्टग लैब बनकर तैयार हो जाएगी। इसके लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा 10 लाख रुपए की धनराशि भी दी गई है।

## कनाडा को 14-3 से रौंदकर भारत फाइनल में

- **मैच की शुरुआती चौथे मिनट में नीलकांत ने गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई**

**मलेशिया, वार्ता।** एक हाई-स्कोरिंग मुकाबले में भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को कनाडा को 14-3 से रौंदकर पूल शीर्ष पायदान के साथ सुल्तान अजलान शाह कप के फाइनल में जगह बना ली है।

मैच की शुरुआत चौथे मिनट में नीलकांत शर्मा के गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद पदार्पण के बाद अच्छी फॉर्म में चल रहे राजिंदर सिंह ने 10वें मिनट में गोल किया। अगले ही मिनट में कनाडा के ब्रेंडन गुरलियुक ने गोल दागकर जवाबी हमला किया। अगले कुछ मिनटों में जुगराज सिंह और अमित रोहिद.ास ने क्रमशः 12वें और 15वें मिनट में दो और गोल किए। इस 4-1 की बढ़त ने भारत को दूसरे



क्वार्टर में अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने में मदद की। इस टूर्नामेंट के लिए टीम के सीनियर स्टार्स को आराम दिया गया था, इसलिए युवा खिलाड़ियों पर बेहतर प्रदर्शन करने की जिम्मेदारी थी और उन्होंने उसी के अनुरूप प्रदर्शन किया। इस क्वार्टर में राजिंदर ने 24वें मिनट में, दिलप्रीत सिंह ने 25वें मिनट में और जुगराज ने 26वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। 7-1 से आगे चल रही भारतीय टीम को कोई रोक नहीं पा रहा था, लेकिन कनाडा ने तीसरे क्वार्टर में अपने अटैक में थोड़ा बदलाव किया, जिससे 35वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला। मैथ्यू सरमेंटो ने इसे पोस्ट में डालने में कोई गलती नहीं की और स्कोर 7-2 कर दिया। इस बीच, जुगराज ने इस क्वार्टर में 39वें मिनट में गोल करके अपनी हैट्रिक बनाई, और सेल्वम कार्ति ने 43वें मिनट में गोल करके भारत की बढ़त को 9-2 तक पहुंचा दिया।

## लेबनान ने भारत को 2-0 से हराया

- **इस टूर्नामेंट में ग्रुप डी मैचों की मेजबानी के लिए अहमदाबाद को चुना गया है**

**अहमदाबाद, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ, गुजरात राज्य फुटबॉल संघ और गुजरात खेल प्राधिकरण, एशियाई फुटबॉल परिसंघ अंडर 17 द्वारा आयोजित, एशिया कप क्वालीफायर 2026 एका एरेना, ट्रांसस्टेडिया स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला जा रहा है। इस टूर्नामेंट के ग्रुप डी मैचों की मेजबानी के लिए अहमदाबाद को चुना गया है। ग्रुप डी में मेजबान भारत के अलावा ईरान, फलस्तीन, चीनी ताइपे और लेबनान की टीमें हिस्सा ले रही हैं। कल दिन का दूसरा और टूर्नामेंट का 8वां मैच भारत और लेबनान के बीच खेला गया। मैच के 24वें मिनट तक दोनों टीमें अच्छा खेल रही थीं। लेबनान के जर्सी नंबर 21 एंटोनी असफ ने 25वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से गोल पोस्ट के कोने के शीर्ष पर एक शक्तिशाली किक मारकर गोल किया। लेबनान के लिए दूसरा गोल 37वें मिनट में पॉल माक्रो ने किया। हाफ टाइम तक स्कोर लेबनान के पक्ष में 2-0 रहा। हाफ टाइम के बाद भारतीय टीम ने गोल करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। इस नतीजे के बाद भी अगर भारत 30 नवम्बर के आखिरी मैच में ईरान से जीत जाता है तो भारत और ईरान के अंक बराबर हो जाएंगे और अगर अंक बराबर होते हैं तो हेड टू हेड में भारत क्वालिफाई कर जाएगा, क्योंकि क्वालीफिकेशन भारत और ईरान के बीच होने वाले मैच के आधार पर तय होना है। 30 नवम्बर को पहला मैच शाम 4-30 बजे चीनी ताइपे और फलस्तीन के बीच होगा।

## भारतीय एथलेटिक्स कैलेंडर में 32 के बजाए 40 इवेंट होंगे

- **भुवनेश्वर मार्च में कलिंगा स्टेडियम में नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले एडिशन को भी होस्ट करेगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स से पहले एथलीटों की तैयारी और बिल्ड-अप को ज्यादा से ज्यादा करने पर ध्यान देने के लिए भारत का 2026 एथलेटिक्स कैलेंडर 32 से बढ़ाकर 40 इवेंट का कर दिया गया है। 2026 के लिए घरेलू इंडियन एथलेटिक्स कैलेंडर 24 जनवरी को रांची में 60वीं नेशनल क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप से शुरू होगा और 27 अक्टूबर को चेन्नई में 41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के साथ खत्म होगा। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) मार्च में अपना पहला बड़ा घरेलू ट्रैक एंड फील्ड कॉम्पिटिशन होस्ट करेगा, जो ओडिशा के भुवनेश्वर में पहली नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के साथ होगा। एएफआई 2026 कैलेंडर में भारत अगस्त में भुवनेश्वर में अपना पहला वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर इवेंट भी होस्ट करेगा, जो 2025 में इसी जगह पर हुए ब्रॉन्ज लेवल मीट से बेहतर होगा। भुवनेश्वर मीट के अपग्रेडेड स्टेटस से रैंकिंग पॉइंट्स बढ़ेंगे, जिससे इसकी अपील बढ़ेगी और टॉप एथलीट्स का एक मजबूत ग्रुप आएगा। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम ने इस साल अगस्त में ब्रॉन्ज लेवल मीट होस्ट किया था। भुवनेश्वर मार्च में कलिंगा स्टेडियम में नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले एडिशन को भी होस्ट करेगा। एएफआई एक और नया इंडोर कॉम्पिटिशन शुरू कर रहा है, वह है फर्स्ट इंडियन इंडोर ओपन कंबाइंड इवेंट्स और पोल वॉल्ट कॉम्पिटिशन, जो मई की शुरूआत में भुवनेश्वर में ही होगा। इसके अलावा, एक नई 16-पार्ट की रीजनल सीरीज - इंडियन एथलेटिक्स सीरीज - अप्रैल से सितंबर तक चलेगी, जिसका मकसद जमीनी स्तर पर लोगों की भागीदारी को बढ़ाना है। यह सीरीज देश भर के कई राज्यों में होगी।

## भारतीय जूनियर पुरुष टीम ने चिली को 7-0 से रौंदा

**चेन्नई, वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम ने पूल बी के मुकाबले में चिली के खिलाफ 7-0 से शानदार जीत के साथ एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 में अपने अभियान की शुरूआत की। चेन्नई के एग्मोर में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में शुक्रवार को टूर्नामेंट का उद्घाट समारोह का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में भारतीय टीम के लिए रोसन कुजूर ने (16वें, 21वें), दिलराज सिंह ने (25वें, 34वें), अजीत यादव (35वें), अनमोल एक्का ने (48वें) और रोहित (59वें) ने गोल किए। इस बीच, इंडियन गोलकीपर विक्रमजीत सिंह और प्रिंस दीप सिंह ने बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हुए क्लीन स्लेट बनाए रखा।

पहले क्वार्टर की शुरूआत थोड़ी घबराहट वाली रही, जिसमें मेहमान टीम ने काफी उम्मीदें दिखाईं और ज्यादा अनुभवी भारतीय टीम के सामने डटी रही। उन्होंने भारत को आसान मौके नहीं दिए, भले ही घरेलू टीम के स्टाइलिश स्ट्राइकर दिलराज सिंह ने सर्कल में कुछ अच्छे मौके बनाए। हालांकि पहले क्वार्टर में कोई खास सफलता नहीं मिली, 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बावजूद, भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरूआत 16वें मिनट में एक तेज गोल के साथ शानदार तरीके से की। रोसन कुजूर ने यह गोल दागकर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। 21वें मिनट में रोसन ने फिर से गोलकर टीम की बढ़त लगभग तुरंत दोगुना कर दिया। इसके बाद दिलराज सिंह ने 25वें मिनट में एक गोल करके भारत को तीसरे क्वार्टर में जाने से पहले 3-0 की मजबूत बढ़त दिला दी।

## पहली बार शनिवार या रविवार को नहीं होगा डब्ल्यूपीएल का फाइनल

- **फाइनल 5 फरवरी को होगा, टूर्नामेंट की शुरुआत 9 जनवरी से होगी और इसमें दो डबल हेडर मैच होंगे**

**मुंबई, वार्ता।** 2026 विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का फ़ाइनल पहली बार शनिवार या रविवार को नहीं खेला जाएगा। फ़ाइनल 5 फरवरी (गुरुवार) को होगा। टूर्नामेंट की शुरूआत 9 जनवरी से होगी और इसमें दो डबल हेडर मैच होंगे, दोनों शनिवार को खेले जाएंगे। यह 28 दिनों का टूर्नामेंट दो शहरों (नवी मुंबई और वडोदरा) में आयोजित किया जाएगा। शुरूआती 11 मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाएंगे। दोनों डबल हेडर भी यहीं होंगे। बाकी 11 मैच वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले जाएंगे। 3 फरवरी का एलिमिनेटर और 5 फरवरी का फ़ाइनल इन्हीं 11 मैचों में शामिल है। डब्ल्यूपीएल ऑक्शन के दिन चेयरमैन जयेश जॉर्ज ने गुरुवार को तारीफ़ और वेन्यू की पुष्टि की। पहले मुक़ाबले को छोड़कर सभी मैच शाम के समय खेले जाएंगे। जिस सप्ताह में डब्ल्यूपीएल का फ़ाइनल होने वाला है, उस हफ्ते कई और बड़े टूर्नामेंट होंगे।

पुरूष अंडर 19 वर्ल्ड कप डब्ल्यूपीएल फ़ाइनल के अगले दिन 6 फ़रवरी को समाप्त होगा। पुरूष टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होगा। पहली बार डब्ल्यूपीएल जनवरी और फ़रवरी की विंडो में आयोजित किया जाएगा।। शुरूआती तीन सीजन फ़रवरी और मार्च में आईपीएल से पहले आयोजित किए गए थे। इस बार लीग किसी बड़ी अंतर्राष्ट्रीय सीरीज से नहीं टकराएगी। मुंबई इंडियंस ने पिछली बार डब्ल्यूपीएल का खिताब जीता था।

उनकी टीम टूर्नामेंट के तीन संस्करण में दो बार खिताब जीत चुकी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु वह दूसरी टीम है जिसने इस खिताब को हासिल किया है।दिल्ली कैपिटल्स तीनों सीजन में उपविजेता रही है। गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्स अभी तक फ़ाइनल में नहीं पहुंची हैं। डब्ल्यूपीएल खत्म होने के दस दिन बाद भारत ऑस्ट्रेलिया का ऑल फ़ॉर्मेट दौरा शुरू करेगा। यह दौरा 15 फ़रवरी से 9 मार्च तक होगा, जिसमें तीन टी20 तीन वनडे और एक टेस्ट शामिल है।

डब्ल्यूपीएल 2026 शेड्यूल
नवी मुंबई, पहला चरण
9 जनवरी: मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु।

## अगर माही भाई मैच देखने आते हैं तो वह पल हमारे लिए बहुत खास होगा: कुएल राहुल



**रांची, वार्ता।** विवार को राजधानी रांची क्रिकेट के रोमांच से सराबोर होने वाली है। जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। मैच से पहले दोनों टीमें पूरी तरह मैदान पर उतरी दिखीं। भारतीय खिलाड़ियों ने नेट्स में जमकर पसीना बहाया तो दक्षिण अफ्रीका की टीम भी अपने प्लान को धार देने में जुटी रही। शनिवार को फुल टीम प्रैक्टिस के बाद भारतीय टीम के कप्तान केएल राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मैच से जुड़ी कई अहम बातों पर खुलकर चर्चा की। राहुल ने कहा कि रांची में खेलना हमेशा खास रहा है, क्योंकि यह शहर क्रिकेट की धड़कनों से भरा हुआ है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि यह महेंद्र सिंह धोनी का शहर है। यहां क्रिकेट नस-नस में दौड़ता है। अगर माही भाई स्टेडियम में मैच देखने आते हैं, तो वह पल हमारे लिए बहुत खास होगा। यहां दर्शकों का समर्थन हमेशा जबरदस्त रहता है। राहुल के इस बयान ने प्रेस रूम में मौजूद पत्रकारों के चेहरे पर भी मुस्कान ला दी। पत्रकारों द्वारा किए गए सवालों का जवाब देते हुए राहुल ने टीम संयोजन, विकेटकीपिंग विकल्प और स्पिनर्स के खिलाफ टीम की चुनौतियों पर भी खुलकर बात की। ऋषभ पंत की भूमिका पर पूछे गए सवाल के जवाब में राहुल ने कहा कि अंतिम निर्णय मैच के दिन ही होगा। राहुल ने कहा कि 'पंत भी टीम में हैं। वह शानदार फॉर्म में हैं। यह कल ही तय हो पाएगा कि वह विकेटकीपिंग करेंगे या सिर्फ बैटिंग पर ध्यान देंगे। टीम मैनेजमेंट इस पर विचार कर रहा है। टीम इंडिया हाल के दिनों में स्पिनर्स के खिलाफ कमजोर नजर आई है। इस पर भी राहुल ने साफ कहा कि टीम इस चुनौती को अच्छी तरह समझती है और इसे सुधारने के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुराने और अनुभवी बैट्समैन से हम लगातार सीख रहे हैं कि स्पिन को बेहतर कैसे खेलें। आने वाले समय में हम इस विभाग में और मजबूत होंगे। हर सत्र में हम स्पिनरों पर खास फोकस करके प्रैक्टिस कर रहे हैं। बॉलिंग और बैटिंग रणनीति को लेकर राहुल ने ज्यादा खुलासा तो नहीं किया, लेकिन यह जरूर कहा कि टीम हालात के अनुसार अपनी प्लानिंग कर चुकी है। उन्होंने बताया कि इस विकेट पर शुरूआत में बैटिंग थोड़ी चुनौतीपूर्ण हो सकती है, लेकिन मिडल ओवर्स में रन बनाने के अवसर जरूर मिलेंगे। राहुल ने कहा कि डेथ ओवर्स में टीम की बॉलिंग यूनिट काफी मजबूत है, और सभी गेंदबाज अपनी-अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट हैं।

## नेमार ने सांतोस को 3-0 से अहम जीत दिलाई

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** नेमार ने एक गोल किया और दूसरे गोल की नींव रखी, जिससे सांतोस ने शुक्रवार को ब्राज़ील के सीरी ए में स्पोर्ट रेसिफे पर 3-0 से घरेलू जीत हासिल करके रेलीगेशन का डर कम कर दिया। होस्ट टीम ने 25वें मिनट में गोल किया जब नेमार काउंटरअटैक पर गुइलहर्मे के पास पर दौड़े और अंदर कट करने से पहले एक लो ड्राइव मारा जो गोलकीपर गेब्रियल वास्कोनसेलोस को उनके पास वाले पोस्ट पर छका गया। स्पोर्ट के मिडफील्डर लुकास काल ने सांतोस को दूसरा गोल दिया जब उन्होंने छह-यार्ड बॉक्स के अंदर हाथापाई के बाद गलती से गेंद को अपने ही नेट में डाल दिया। नेमार की कॉर्नर से डिलीवरी के बाद जोआओ शिमट ने एक शानदार हेडर से नतीजे पर कोई शक नहीं जताया।

# तब्लीगी जमात प्रशासन का करे सहयोग: हाजी फजलुर्रहमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लोकसभा के पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान के लिंक रोड स्थित कैम्प कार्यालय पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें तबलीगी जमात के जनपद से आए जिम्मेदारों व प्रशासन की ओर से सीओ एलआईयू शामिल रहे। इस मीटिंग में वर्तमान हालात पर चर्चा हुई तथा जनपद में शांति स्थापित और बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों के आवागमन के संबंध में बातचीत हुई। तबलीगी जमात के सभी जिम्मेदारों और प्रशासन की ओर से एक दूसरे को सहयोग करने का आश्वासन दिया गया ताकि जनपद में शांति और भाईचारा बना रहे और अफवाहों पर विराम लग सके। दोनों जिम्मेदारों में बीच मीटिंग कामयाब रही और जो शंकाएँ थी उन्हें दूर किया गया।

पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे जनपद में भाईचारा और शांति बनी रहे ये हम सबकी जिम्मेदारी है और वर्तमान समय में अफवाहों से सावधान रहने की भी आवश्यकता है। जो लोग माहौल खराब करने की को. शिश करते हैं वो हमारे दुश्मन हैं। जामा मस्जिद के प्रबन्धक मौलवी फरीद मजाहिरी ने कहा कि तबलीगी जमात का अपना एक उद्देश्य लोगों को बुराई से दूर करना और अच्छाई के रास्ते पर ले जाना है। सीओ एलआईयू संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हम सब समाज को जोड़ने वाली और सुरक्षित रखने वाली कड़ी है। कोई भी संदिग्ध व्यक्ति अगर हो तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें और अफवाहों पर ध्यान ना दिया जाए। शासन और प्रशासन का एक ही उद्देश्य जनपद में शांति स्थापित करना और भाईचारा बनाये रखने की है। इस दौरान बाबू एहतशामूल हक, मुफ्ती खादिम हुसैन महासचिव जमीअत उलेमा हिन्द देवबंद यूनिट, मुफ्ती आरिफ कघसमी रामपुर मनिहारान, आरएस सिद्दीकघी, सैयद मशकूर अहमद, नसीम अहमद, जव्वाद हुसैन जहीरपुर, जावेद मसरूर, डॉक्टर हाशिम नबी, चौधरी यूनुस बेहट, मुनव्वर गंगोह, जाबिर हुसैन बलियाखेड़ी, हुसैन अहमद, शकील अहमद, मोहम्मद शेर खघन चिलक. ाना, मोहम्मद अफजाल, फुरकघन अहमद, महमूद अली छुटमलपुर, डॉक्टर मुनव्वर अहमद अंबेहटा पीर, गुलफाम अहमद तलहेड़ी बुजुर्ग, अब्दुल्ला देवबंद, अब्दुल जब्बार शक्लापुरी, मोहम्मद हमीद नानौता, डॉक्टर फहीम अखघ्तर नागल, मोहम्मद नाजिम चाटका, रशीद, मोहम्मद अब्बास बिहारीगढ़, हाजी इरफान ढोलीखाल, अरशी हसन प्रतिनिधि पूर्व सांसद, हैदर रऊफ सिद्दीकघी, सैयद हस्सान पीआरओ व मीडिया प्रभारी पूर्व सांसद आदि उपस्थित रहे।



# फैलोशिप से सम्मानित हुए वरिष्ठ चिकित्सक डा. संजीव मिगलानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव मिगलानी को इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ हाइपरटेंशन की प्रतिष्ठित फैलोशिप से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें लखनऊ में आयोजित एपीसीएच में प्रदान किया गया, जिसमें इंडियन सोसायटी ऑफ हाइपरटेंशन और इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ हाईपरटेंशन की संयुक्त भागीदारी रही। एपीसीएच द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश से डॉ. मिगलानी का चयन हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) पर किए गए महत्वपूर्ण शोध-पत्रों, जनजागरूकता अभियानों और समाज में समय-समय पर उच्च रक्तचाप की जटिलताओं के प्रति जागरूकता फैलाने के योगदान के लिए किया गया। इन्हीं उपलब्धियों के आधार पर उन्हें फेलोशिप ऑफ इण्डियन सोसायटी ऑफ हाइपरटेंशन प्रदान की गई।



सम्मान समारोह में यूके से आए प्रोफेसर नील पाल्टर, नेशनल यूनिवर्सिटी सिंगापुर के बूप वी टियो, आरएमएल अस्पताल के डायरेक्टर प्रो. सी.एम. सिंह, ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ.अनुज माहेश्वरी, साइंटिफिक चेयरमैन डॉ.नरसिंह वर्मा तथा डॉ. वसंत कुमार ने उन्हें गाउन पहनाकर, मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ.संजीव मिगलानी इससे पहले भी वर्ल्ड हाईपरटेंशन लीग, यूरोपियन सोसायटी ऑफ हाईपरटेंशन सहित कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से सम्मानित हो चुके हैं।

# महज 18 घंटे के भीतर पुलिस ने पकड़े जेबकतरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने जेब कतरे के दो शातिर बदमाशों को महज 18 घंटे के अंदर धर दबोचा आरोपियों ने 27 नवंबर को रुड़की के संगम गार्डन में एक शादी समारोह के दौरान इखलाख पुत्र जोहर की जेब से 30,000 रुपये जेब काटकर ले गए थे।

पीड़ित ने 28 नवंबर को फतेहपुर थाने में तहरीर दी जिस पर मुकदमा दर्ज होते ही थानाध्यक्ष विनय शर्मा ने तुरंत टीम गठित की। उपनि. रीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल सुनील कुमार, हैड कांस्टेबल रोहित राणा और कांस्टेबल कुलदीप ने सर्विलांस व मुखबिर की मदद से दोनों आरोपियों को शनिवार देर रात सर्विस रोड के पास खाली खेत से दबोच लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बाबर पुत्र मुन्तियाज और फरमान पुत्र मेहरबान (दोनों निवासी गंगनहर, रुड़की, हरिद्वार) के रूप में हुई। इनके कब्जे से चोरी के 28,300 रुपये नकद बरामद कर लिए गए। पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि वे शादी-विवाह में भीड़ का फायदा उठाकर जेबकतरे की वारदातें करते हैं और पैसे आपस में बांट लेते हैं।पुलिस ने मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी कर दोनों को न्यायालय में पेश कर रही है। थानाध्यक्ष विनय शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में शादी समारोहों के दौरान जेब. कतरों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इस त्वरित कार्रवाई से इलाके में पुलिस की मुस्तैदी की चर्चा है।

# ब्लू बर्ड स्कूल में ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ब्लू बर्ड स्कूल में छात्र छात्राओं व अभिभावकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया गया।






आनंद नगर स्थित स्कूल में आयोजित विशेष यातायात जागरूकता कार्यक्रम में निरीक्षक संजय सिंह एवं जितेन्द्र कुमार ने छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करते हुए विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होने बताया कि सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग अनिवार्य है और सड़क पार करते समय दाएँखबाएँ देखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि हेलमेट जीवन रक्षक है एवं दुर्घटना की स्थिति में गंभीर चोटों से बचाव करता है। इसके साथ ही उन्होंने ट्रैफिक सिग्नल की तीनों लाइटों लाल, पीली और हरी का महत्व समझाते हुए इनके पालन को हर नागरिक की जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने एवं दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इस शपथ में सहभागिता की। कार्यक्रम में स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहम्मद जमाल असलम चेयरमैन डॉ खालिद अंसारी और प्रधानाचार्य श्रीमती नीलोफर शम्सी ने भी ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को सड़क नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल है। सभी अध्यापक एवम अध्यापिकाओं ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सरकार के निर्णय से बढ़ेगी परेशानी: मयंक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि को अनुमा. नित मानने से इनकार करने संबंधी यूआईडीएआई के नए निर्देशों ने राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी है।

महानगर कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं वरिष्ठ नेता मयंक शर्मा भारतीय ने इस फैसले को लाखों लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बताते हुए इसका कड़ा विरोध दर्ज कराया है। कांग्रेस नेता मयंक शर्मा भारतीय ने कहा कि भाजपा सरकार ने स्वयं आधार कार्ड को देश का सबसे महत्वपूर्ण पहचान पत्र घोषित किया था, लेकिन अब उसी आधार कार्ड पर दर्ज जन्मतिथि को अविश्वसनीय बताना आम जनता के साथ सरासर अन्याय और छल है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का यह निर्णय उन गरीब,मजदूर,किसानों और आम नागरिकों को गंभीर परेशानी में डाल देगा,जिनके पास जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध ही नहीं है और जो वर्षों से आधार आधारित पहचान पर ही सरकारी लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस नए निर्देशों के कारण, पेंशन, आवेदन, छात्रवृत्ति, आय, जाति व निवास, प्रमाणपत्र, विभिन्न सरकारी योजनाओं की पात्रता जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में बाधाएँ उत्पन्न होंगी और जनता का एक बड़ा वर्ग लाभ से वंचित हो जाएगा। मयंक शर्मा भारतीय ने सरकार से निर्णय को तत्काल वापस लेने की अपील करते हुए कहा कि इससे न केवल जनता को अधिकतम परेशानी का सामना करना पड़ेगा, बल्कि विभागीय स्तर पर भी अत्यधिक पेपरवर्क की बर्बादी भी होगी।

# आईएमए परिवार के होनहार बच्चे सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईएमए से जुडे चिकित्सकों के परिवारों के होनहार बच्चों को अलग अलग क्षेत्रों में चयन तथा प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।

आईएमए अध्यक्ष डा. प्रवीण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस गोष्ठी की शुरूआत सचिव डा. नीरज आर्य, वैज्ञानिक सचिव डा. कलीम अहमद ने वक्ताओं के परिचय से कराई। डा. रोहित दाधवाल ने कहा कि यूरोलॉजी में रोबोटिक और रेजुम नई तकनीक है, इसमें बिना चीरा लगाए केवल पानी की भांप से गदूद को हटा दिया जाता है। जिससे मरीज को उसी दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी जाती है।70 साल के उम्र के 70 प्रतिशत आदमी गदूद बढ़ने की समस्या का सामना करते है।



डॉ. रोहन मेहरा ने डायबिटिक रेटिनोपैथी के इलाज के बारे में बताया। आईएमए पत्रिका के संपादक डॉ अरुण अनेजा,डॉ रिचा तिवारी,डॉ शिप्रा तिवारी ने मासिक पत्रिका को जारी किया। इस अवसर पर आईएमए परिवार के होनहार छात्र सोहम ठक्कर एवम मनन आर्या को ओलम्पियाड में प्रथम स्थान के लिए दिव्यांश सहगल को राष्ट्रीय शूटिंग प्रतिस्पर्धा में चयन के लिए, रितिज्ञा मलिक, आदित्य खन्ना को मेडिकल में सलेक्शन के लिए, शनाया जोशी को कलाम क्विज में प्रथम स्थान और सृष्टि सहगल को आईसीएसई बोर्ड में टॉप करने के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सक शामिल हुए जिनमे डॉ पूनम मखीजा, डॉ सीमा अग्रवाल, डॉ विनीता मल्होत्रा, डॉ रवि ठक्कर, डॉ वंदना आर्य, डॉ सुभाष सहगल, डॉ रेणु शर्मा, डॉ विजय अग्रवाल, डॉ प्रशांत खन्ना, डॉ संजीव अग्रवाल, डॉ राकेश पांडे, डॉ डी के तिवारी, डॉ आनन्द वर्धन, डॉ सत्यानन्द साथी, डॉ रविकान्त निरंकारी, डॉ राजेश गुप्ता , डॉ सुशील शर्मा, डॉ रिक्की चौधरी, डॉ अंशुल गुप्ता, डॉ महेश गोयल, डॉ रूपम गुप्ता आदि डाक्टर मुख्य रूप से शामिल हुए।

# सिने स्टार स्व.धमेंद्र को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिनेमा जगत के सदाबहार अभिनेता ही मैन की उपाधि से अलंकृत करोड़ों दिलों पर राज करने वाले सुपरस्टार धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं उनके फिल्मी सामाजिक एवं राजनीतिकजीवन के बारे में वक्ताओं ने विस्तार से चर्चा की।

दिल्ली बायपास रोड जाट भवन पर आर्य जाट समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष चौधरी बख्तावर सिंह एवं राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव चौधरी धीरसिंह व उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने फिल्म स्टार धर्मेंद्र के बारे में बताया कि वह एक महान शख्सियत थे। उन्होंने लगभग 300 फिल्मों में अभिनय किया अपने अभिनय के दम पर करोड़ों दिलो पर राज किया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष चौधरी धीरज सिंह, ऑडिटर बलराज तोमर, मास्टर रणवीर सिंह, रविंद्र मलिक, डॉ. अशोक मलिक, चौधरी रामवीर सिंह, नरेंद्र पंवार, धर्मवीर सिंह, जसवीर सिंह एडवोकेट, धर्मेंद्र एडवोकेट, विक्रांत वर्मा, धर्मेंद्र तोमर, प्रवीण कुमार दहिया, एडवोकेट विवेक दहिया, सुरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। संचालन मास्टर रणवीर सिंह ने किया।



## ग्लोकल यूनिवर्सिटी में छात्र छात्राओं को प्रदान की उपाधियां

**बेहट।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी, मिर्जापुर के द्वारा वर्ष 2025 का दीक्षांत समारोह को भव्य रूप से आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. की उपाधियाँ प्रदान की गईं।

समारोह का संचालन विश्व. विद्यालय के प्रतिष्ठित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत अकाद. मिक प्रोसेशन से हुई, जिसमें सभी अतिथियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में दीक्षांत समारोह के आयोजन समिति के समन्वयकों एवं सदस्यों सहित चीफ प्रॉक्टर जमीरुल इस्लाम, परीक्षा नियंत्रक डॉ सैफुल्लाह जफर, सहित समस्त समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगणों और गैरशिक्षण कर्मचारियों और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# बीस जिलों से शामिल हुए प्रतिभागी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डिस्ट्रिक्ट क्वॉन-की-डो एसोसिएशन द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश क्वॉन-की-डो स्टेट रेफरी सेमिनार में उत्तर प्रदेश के 20 जिलों से प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित सेम. ीनार में एसोसिएशन द्वारा नियुक्त अधिकारी स्टेट टेक्निकल डायरेक्टर भुवनेश कुमार व स्टेट रेफरी चेयरमैन अब्दुल मालिक खान ने परीक्षा संचालक की भूमिका निभाई।



वक्ताओं ने क्वॉन-की-डो खेल के विकास, रेफरी प्रशिक्षण की आवश्यकता तथा आगामी राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों पर विचार प्रकट किए।

उत्तर प्रदेश क्वॉन-की-डो एसोसिएशन एवं क्वॉन-की-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव अमित कुमार सिंह, मंडल प्रभारी सुशील चौधरी, जिलाध्यक्ष श्रीमती रश्मि टेरेंस, जिला संघ की सचिव ऐश्वर्या कौशिक, कोषाध्यक्ष प्रशांत कुमार, एडवाइजरी बोर्ड सदस्य श्रीमती अल्का कुमार, शशांक के अलावा महेंद्र तनेजा, राजकुमार राजू, अभिनव गोयल, हेमंत अरोडा, सुहेल राणा, संजना दलक, अरुण मिश्रा, हेमंत, परुल, ज्योति चौहान, अफ्रीदा, देव, विनायक, अमन, कशिश, श्रेयांश उन्नत आदि मौजूद रहे।

# नगर आयुक्त ने ली एसआईआर फार्म भरने की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज अनेक केंद्रों का भ्रमण कर बीएलओ से वार्ता की और एसआईआर फार्म जमा होने की जानकारी ली तथा उसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनेक मतदाताओं के घरों पर पहुंचकर भी लोगों से एसआईआर फार्म भरने की जानकारी ली।

उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी 70 वार्डो में यह जानकारी देते हुए माइक से एनाउंस कराये कि उनके क्षेत्र के बीएलओ किस स्थान या मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर फार्म जमा कर रहे हैं। उन्होंने समय कम रह जाने के कारण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बाद में उन्होंने व्यक्तिगत रुप से अनेक मतदाताओं के घरों पर जाकर एसआईआर फार्म जमा करने के बारे में जानकारी ली। पुरानी मण्डी क्षेत्र के एक केंद्र पर बीएलओ ने नगरायुक्त को बताया कि उनके बूथ पर 936 मतदाता हैं जिनमें से 665 के एसआईआर फार्म जमा हो चुके हैं। जबकि 85 व्यक्ति ऐसे पाये गए जिनकी या तो मृत्यु हो चुकी है या वे अन्यत्र शिफ्ट हो गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन एसआईआर में आयोग के निर्देशों अनुसार ही कार्यवाही संपादित की जाए एवं किसी भी दशा में इसका उल्लंघन न हो। नगरायुक्त ने शहर के सभी लोगों से अपील की है कि वे प्राथमिकता के साथ अपने एसआईआर फार्म भरकर बीएलओ को जमा कराएं। यदि कहीं कोई समस्या आ रही है तो चुनाव कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 9454418078 पर संपर्क कर समस्या का समाधान कर सकते हैं। इसके अलावा निर्वाचन आयोग के वेबसाइट लिंक पर जाकर भी एसआईआर के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।



# वाहन चोरी का खुलासा, दो पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी के कुशल नेतृत्व मे थाना मण्डी की टीम द्वारा चैकिंग के दौरान वाहन चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये वाहन चोरों में अब्दुल्ला पुत्र अब्दुल मालिक निवासी मोहल्ला खटीको का कुआं अय्यूब बदर वाली गली थाना कोतवाली मंडी व वाजिद पुत्र मो. इनुद्दीन निवासी मोहल्ला मूत्रीबान काजी का मोहल्ला थाना कुतुबशेर को पशु पैठ में टंकी के पास कमेला कालोनी की पुलिया से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशानदेही पर मुकदमा उपरोक्त में चोरी गयी दो एक्टिवा, दो मोटरसाइकिल व मोटरसाइकिल के पाटर्स तथा दो चाकू बरामद हुए।



चोरी गयी स्कूटी बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) की वृद्धि की गयी। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मण्डी पर मु.अ.स. 512/25 धारा 317(5)/318(4) बीएनएस व 4/25 आयुध अधिनियम के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार वाहन चोरो के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही करते हुये जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी थाना उ.नि राहुल शर्मा उ.नि प्रतापदत्त शर्मा है.का. राहुल त्यागी है.का. सुनील राणा है. का. कमल कौशिक शामिल रहे।

# रोप स्किपिंग के पदक विजेता सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय रोप स्किपिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पदक विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

डॉ भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के नेता एंव समाजसेवी योगेश दहिया, क्षेत्रीय ओलंपिक कमेटी के सचिव डॉ अशोक कुमार गुप्ता, अशोक सक्सेना, जिलाध्यक्ष रश्मि टेरेंस, जिला सचिव नूरिन जहां, स्टेडियम एथलीट कोच लाल धर्मेंद्र प्रताप, एडवोकेट अफनान ख्वाजा, विवेक काम्बोज, सुरैया कौशर, खतीजा तौकीर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अतिथियों ने बालक और बालिका वर्ग में आज के विजयी खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में 8 वर्ष से कम आयु वर्ग में बालिका केटेगरी मे सृष्टि ने स्वर्ण पदक, महिमा ने रजत पदक, रितिक ने कांस्य पदक जीता, 10 वर्ष से कम आयु वर्ग में बालिका केटेगरी मन्नू यादव ने स्वर्ण पदक आयशा ने रजत पदक अनिका ने कांस्य पदक जीता, 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में बालिका केटेगरी मिस्टी ने स्वर्ण पदक वीरेंद्र ने रजत पदक खुशबू ने कांस्य पदक जीता। 8 वर्ष से कम आयु वर्ग में बालक केटेगरी विष्णु ने स्वर्ण पदक, अरब ने रजत पदक जीतने कांस्य पदक जीता, 10 वर्ष से कम आयु वर्ग में बालक केटेगरी विवेक सैनी ने स्वर्ण पदक, कृष्ण सैनी ने रजत पदक, दीक्षांत ने कांस्य पदक जीता, 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में बालक केटेगरी अब्दुल रहमान ने स्वर्ण पदक, अब्दुल अहद ने रजत पदक, असद खान ने कांस्य पदक जीता। जज रेफरी की भूमिका में राज. ेंद्र कुमार, अमित कुमार, सरिता प्रजा. पति, अनन्या अग्रवाल, तंजीम फातिमा, सुरैया कौसर, रुखसार खान, सैफुल्लाह, कुमारी ऊनमानी, सरदार गुरप्रीत सिंह, कुमारी रेनू रही।



## खेत की जुताई के दौरान हादसे में बालक की मौत

**चिलकाना।** गांव दूधगढ़ में खेत की जुताई के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने किसी कार्रवाई के सुपुर्द ए खाक कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को गांव निवासी हारून अपने खेत में रोटावेटर से जुताई कर रहा था। ट्रैक्टर पर उसके साथ उसका बेटा अनस भी बैठा हुआ था, अनस का अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया तथा ट्रैक्टर के पीछे चल रहे रोटावेटर की चपेट में आकर बुरी तरह फंस गया। हादसे में मौके पर ही अनस की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने बिना किसी पुलिस कार्रवाई के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।



इंडोनेशिया। पश्चिमी सुमात्रा के मलालाक में बाढ़ से प्रभावित गांव में क्षतिग्रस्त घरों के पास से गुजरते लोग।

## ए-320 परिवार के विमानों में अनिवार्य मॉडिफिकेशन का निर्देश

**नई दिल्ली।** भारत सहित दुनिया भर में एयरबस के ए-320 परिवार के विमानों के लिए अनिवार्य हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर अपडेट के आदेश जारी किए गए जिससे उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। एयर इंडिया के बेड़े में ए-320 परिवार के 104 विमान हैं। इंडिगो के पास 318 और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास 40 विमान ए-320 परिवार के हैं। इस प्रकार देश में इस समय ए-320 परिवार के कुल 462 विमान परिचालन में हैं। सूत्रों ने बताया कि करीब 300 विमानों पर मॉडिफिकेशन की जरूरत होगी।

## जहाज में लगी आग सुरक्षित निकाले गए 25 भारतीय

**इस्तानबुल।** तुर्की के तट के करीब शनिवार को काला सागर में एक टैंकर में 'बाहरी टक्कर' के कारण आग लग गई। इसमें 25 चालक दल के सदस्य भारतीय थे, जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है। इस बीच, तुर्की के एक अन्य टैंकर विराट में भी कुछ देर बाद 'बाहरी टक्कर' के कारण आग लगी। यह जहाज भी गांबिया के ध्वज तले समुद्र में सफर कर रहा था। तुर्किए के समुद्री मामलों के महानिदेशालय ने यह जानकारी दी। महानिदेशालय ने अपने शुरुआती बयान में कहा कि बचाव कर्मियों को घटनास्थल से वापस लाने की तैयारी की जा रही है।

# अमेरिका ने अफगानियों के वीजा पर लगाई रोक

## वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी के बाद ट्रम्प सरकार का फैसला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की ट्रम्प सरकार ने वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी की घटना के बाद शुक्रवार से अप्रवासियों के खिलाफ जांच तेज और सघन कर दी है। साथ ही अमेरिकी विदेश विभाग ने अफगान नागरिकों के लिए वीजा जारी करने पर भी रोक लगा दी है।

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के विदेश विभाग ने अफगानिस्तान के सभी लोगों को वीजा जारी करने पर रोक लगा दी है। अमेरिका के लिए अब अपने देश और अपने लोगों की सुरक्षा से बड़ी कोई प्राथमिकता नहीं है। विदेश विभाग के फैसले के बाद अमेरिकी सरकार ने देशभर में सभी शरण संबंधी फैसलों को भी तुरंत प्रभाव से रोक दिया है। बीते बुधवार को अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में बेहद सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में हुई गोलीबारी के बाद ट्रम्प प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया है। इस गोलीबारी में नेशनल गार्ड्स की एक महिला सैनिक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। इससे पहले अमेरिका के अप्रवासन विभाग के निदेशक जोसेफ एल्डो ने भी पुष्टि की थी कि अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अगले आदेश तक अफगानिस्तान के नागरिकों को वीजा जारी न करें। यह रोक तब तक जारी रहेगी, जब तक अमेरिकी सरकार अमेरिका में मौजूद हर अफगान नागरिक की पूरी तरह से सुरक्षा जांच नहीं कर लेती। वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी के आरोपी की पहचान अफगान मूल के रहमानुल्ला लकनवाल के रूप में हुई थी, जो साल 2021 में अमेरिका आया था। रहमानुल्ला को इसी साल अमेरिका में शरण दी गई थी। गोलीबारी की घटना से नाराज राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रम्प प्रशासन ने 19 देशों के ग्रीन कार्ड धारकों के दस्तावेजों की सघन जांच का भी आदेश दिया है। ट्रम्प सरकार के इस फैसले से ग्रीन कार्ड धारकों में डर का माहौल पैदा हो गया है। जिन 19 देशों के ग्रीन कार्ड होल्डर्स के दस्तावेजों की जांच का फैसला किया गया है, उनमें अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणतंत्र, इक्वेटोरियल गिनी, एरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, यमन, बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला का नाम शामिल है।




■ अमेरिका के लिए अब अपने देश और अपने लोगों की सुरक्षा से बड़ी कोई प्राथमिकता नहीं है

# लंदन में भारत-पाक की डिबेट कैंसिल

## पाक ने भारत पर पीछे हटने का आरोप लगाया, भारतीय वक्ता बोलेः इल्जाम झूठा, ईमेल-कॉल रिकॉर्ड दिखाए

**लंदन।** ब्रिटेन में ऑक्सफोर्ड यूनियन में भारत-पाकिस्तान के बीच 27 नवम्बर को होने वाली डिबेट कैंसिल हो गई। पाकिस्तान और भारत के वक्ताओं को इस डिबेट में हिस्सा लेना था। अब दोनों देशों ने एक-दूसरे पर बैठक से पीछे हटने का आरोप लगाया है। पहले पाकिस्तान ने गुरुवार को दावा किया था कि भारतीय वक्ता ऑक्सफोर्ड यूनियन में होने वाली डिबेट से पहले आखिरी मौके पर भाग गए, इसलिए उन्हें 'वॉकओवर' (बिना लड़े मिली जीत) मिल गया। इसके बाद भारतीय सीनियर एडवोकेट जे साई दीपक ने आरोपों को झूठा बताते हुए खुलासा किया कि पाकिस्तानी टीम ही आखिरी वक्त पर बहस में शामिल नहीं हुई, जिसके बाद डिबेट को रद्द करना पड़ा।

दीपक ने सबूत के तौर पर ईमेल और कॉल रिकॉर्ड पेश किए। उन्होंने कहा कि, भारतीय टीम बहस के लिए तैयार थी, लेकिन पाकिस्तान ने डिबेट कैंसिल करवा दी। मामले में ऑक्सफोर्ड यूनियन न ऑक्सफोर्ड यूनियन दुनिया की सबसे मशहूर और पुरानी स्टूडेंट डिबेट सोसाइटी है। भारत-पाकिस्तान के बीच भी यहीं बहस होनी थी। ऑक्सफोर्ड यूनियन (ओयू) में गुरुवार रात भारत-पाकिस्तान के वक्ताओं के बीच डिबेट होना तय था। ओयू दुनिया की सबसे पुरानी स्टूडेंट डिबेट सोसाइटी है। 1823 में स्थापित ओयू को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के छात्र चलाते हैं। हालांकि यह यूनिवर्सिटी का आधिकारिक हिस्सा नहीं है। यह एक आजाद छात्र संगठन है। ओयू में दुनियाभर के बड़े नेता, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, अभिनेता, लेखक भाषण दे चुके हैं। बहसें लाइव होती हैं, जिसे यूटयूब पर लाखों-करोड़ों लोग देखते हैं। बहस के बाद जीत-हार दर्शकों के वोट से तय होती है। इस बार भारत-पाकिस्तान के वक्ताओं के बीच होने वाली बहस का टाइटल **'India' Policy Towards Pakistan is a Populist Strategy Sold as Security Policy'** रखा गया था। इसे आसान भाषा में समझें तो इसका मतलब है, 'भारत की पाकिस्तान पर बनाई गई नीतियां जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षा की जरूरत बताया जाता है।' इस डिबेट को ओयू के अध्यक्ष मूसा हर्राज ने ऑर्गनाइज किया था। मूसा पूर्व पीएम बेनजीर भुट्टो, पूर्व राष्ट्रपति अहमद नवाज और इसरार खान के बाद इसके अध्यक्ष बनने वाले चौथे पाकिस्तानी हैं। भारत की तरफ से डिबेट में शामिल होने वाले 3 लोग-पूर्व चीफ जनरल डड नरवणे, बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट थे।

जबकि पाकिस्तान की तरफ से लेफ्टिनेंट जनरल जुबैर महमूद हयात, पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार और पूर्व राजनयिक डॉ. मोहम्मद फैसल शामिल होने वाले थे। भारत की ओर से भारतीय सीनियर एडवोकेट जे साई दीपक डिबेट के आयोजकों के साथ संपर्क में थे। ऑक्सफोर्ड यूनियन ने बहस से दो दिन पहले दीपक को बताया कि खराब तबीयत के कारण स्वामी और नरवणे शामिल नहीं हो सकते हैं, और उनसे दूसरे विकल्प सुझाने के लिए कहा गया। दीपक यूनियन के पास कोई विकल्प लेकर पहुंचते इससे पहले ही उन्हें फोन करके बताया गया कि बहस के लिए सुहेल सेठ और शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी से संपर्क कर लिया है और उन्होंने पुष्टि भी कर दी है। 26 तारीख को यूनियन ने दीपक को फोन करके बताया कि शॉर्ट नोटिस के कारण सुहेल सेठ और प्रियंका चतुर्वेदी नहीं आ सकेंगी। प्रियंका चतुर्वेदी ने भी साफ कहा कि जुलाई में उन्हें न्योता मिला था, लेकिन आयोजकों ने महीनों चुप्पी साधे रखी और 25 नवम्बर को अचानक मेल किया।



■ 1823 में स्थापित ओयू को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के छात्र चलाते हैं
■ यह यूनिवर्सिटी का आधिकारिक हिस्सा नहीं है यह एक आजाद छात्र संगठन है

## भारत ने श्रीलंका में राहत सामग्री की दो और खेप भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका में ऑपरेशन 'सागर बन्धु शुरू' के तहत शनिवार को राहत सामग्री की दूसरी और तीसरी खेप भेजी। भारत ने दूसरी और तीसरी खेप में क्रमश 12 टन और 9 टन राहत सामग्री भेजी है। भारत अब तक श्रीलंका में 27 टन राहत सामग्री भेज चुका है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर दो अलग-अलग पोस्ट में कहा कि भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका को मदद की दो खेप भेजी है। उन्होंने कहा कि पहली खेप में वायु सेना के मालवाहक विमान सी-130 जे में लगभग 12 टन सहायता सामग्री कोलंबो भेजी है जिसमें टेंट, तिरपाल, कंबल, स्वच्छता किट और भोजन के पैकेट हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि दूसरी खेप में वायु सेना के मालवाहक आईएल-76 विमान में नौ टन राहत सामग्री कोलंबो भेजी गई। इसके अलावा दो बचाव टीमें और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के 80 सदस्य भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब तक श्रीलंका में समुद्र और वायु मार्ग से लगभग 27 टन राहत सामग्री भेज चुका है तथा और राहत सामग्री भी भेजी जाएगी। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका में चक्रवाती तूफान 'दित्वा' के कारण जान-माल का भारी नुकसान हुआ है और 70 लोगों की मौत हुई है तथा बड़ी संख्या में लोग लापता बताए गए हैं।

## चीन की नई वैश्विक शर्तों से दुनिया में अस्थिरता

**कोलकाता।** कोलकाता में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वैश्विक राजनीति और आर्थिक समीकरणों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय ऐसे मोड़ पर है जहां अमेरिका और चीन की नई नीतियों ने अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को अस्थिर कर दिया है। बदलते हालात में देशों के सामने यह तय करना मुश्किल हो गया है कि उन्हें प्रतिस्पर्धा पर ध्यान देना चाहिए या उन समझौतों पर जो बैक चौनल में होते रहते हैं। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका अब पुराने ढांचे के तहत दुनिया का नेतृत्व नहीं कर रहा, बल्कि एक-एक देश के साथ सीधे और नई शर्तों पर बातचीत कर रहा है। दूसरी ओर, चीन भी अपने नियमों पर ज्यादा कठोरता से काम कर रहा है। इस स्थिति में दुनिया के कई देश असमंजस में हैं और संभावित जोखिमों से बचने के लिए सभी विकल्प खुले रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण, सप्लाई असुरक्षा और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण देश हर आकस्मिकता के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। जहां संभव हो, वे कठिन विकल्पों से बच रहे हैं और जहां फायदा दिख रहा है, वहां तुरंत निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण विभिन्न क्षेत्रों में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स की मांग और उत्साह में तेजी आई है।

# भारतीय छात्रों के लिए अब और आसान होगी ब्रिटेन में पढ़ाई

■ NISU-ICEF ने लंदन में किया रणनीतिक गठजोड़

लंदन। भारतीय छात्रों के हितों को सुरक्षित करने और उनकी विदेश शिक्षा यात्रा को अधिक पारदर्शी बनाने के लक्ष्य के साथ नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड अलम्नी यूनियन (एनआईएसएयू) ब्रिटेन और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा क्षेत्र की प्रमुख संस्था आईसीईएफ ने शुक्रवार को लंदन में एक नया रणनीतिक साझेदारी समझौता किया। यह गठजोड़ भारत-ब्रिटेन शिक्षा क्षेत्र में सही, जिम्मेदार और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रियाओं को बढ़ावा देगा।

इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को आवेदन के शुरुआती चरण से लेकर कोर्स पूरा होने तक विश्वसनीय और तथ्य आधारित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। एनआईएसएयू ब्रिटेन ने कहा कि यह सहयोग पारदर्शिता बढ़ाने, गलत जानकारी रोकने और मानक सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आईसीईएफ के सीईओ मार्कस बैडे ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को स्पष्टता, पारदर्शिता और भरोसेमंद सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनआईएसएयू के साथ जुड़ने से दोनों संस्थाएं मिलकर सरहदों के पार एक बेहतर और सुरक्षित छात्र-केन्द्रित प्रणाली विकसित कर सकेंगी। भारत-ब्रिटेन के बीच नैतिक और पारदर्शी भर्ती प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना, छात्रों और संस्थानों के लिए साझा गुणवत्ता मानक और दिशा-निर्देश तैयार करना और ऐसा संयुक्त डाटा और विश्लेषण तैयार करना, जो शिक्षा नीति और अंतर्राष्ट्रीय बेस्ट प्रैक्टिस को प्रभावित कर सके। एनआईएसएयू की संस्थापक और चेयर सैनम अरोरा ने कहा कि आईसीईएफ की लंबे समय से गुणवत्ता पर जोर देने की नीति भारतीय छात्रों को सही समय पर सही सलाह सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने कहा कि यह गठजोड़ छात्रों को भर्ती प्रक्रिया के केंद्र में रखने पर आधारित है। शिक्षा नियमों और वीजा नीतियों में लगातार बदलाव के बीच विश्वसनीय जानकारी की जरूरत पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। दोनों संस्थाएं उम्मीद कर रही हैं कि यह साझेदारी भारत में अवैध एजेंटों की गतिविधियों पर लगाम लगाने में मदद करेगी। इस दिशा में एनआईएसएयू ब्रिटेन ने दुनिया का पहला छात्र-केंद्रित एजेंट ऑफ द ईयर अवार्ड शुरू किया है, जो फरवरी 2026 में पहली बार दिया जाएगा।

# भारत-म्यांमार ड्रग रैकेट केस में बड़ा खुलासा

## भारतीयों के जीएसटी विवरण का पड़ोसी देश में हुआ गलत इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** क्रॉस-बॉर्डर नारकोटिक्स तस्करी की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। ईडी ने बताया कि म्यांमार मूल के लोगों ने भारतीय नागरिकों के जीएसटी प्रमाण पत्रों का दुरुपयोग कर ड्रग्स बनाने के लिए जरूरी कच्चा माल खरीदा। यह खुलासा एजेंसी की उस कार्रवाई के दौरान सामने आया है, जब ड्रग्स तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में भारत-म्यांमार सीमा पर पहली बार तलाशी ली गई थी।

ईडी ने 27 नवम्बर को अपनी इस विशेष कार्रवाई के तहत मिजोरम के आइजोल और चंपाई (भारत-म्यांमार बॉर्डर) में कई ठिकानों पर छापेमारी की। इसके अलावा असम के करीमगंज जिले के श्रीभूमि क्षेत्र और गुजरात के अहमदाबाद में भी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान जुटाए गए सबूतों से पता चला है कि भारतीय नागरिकों ने म्यांमार के लोगों के लिए सूडोइफेड्रिन टैबलेट और कैफीन एन्हाइड्रस खरीदे।

■ एजेंसी ने 21 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया

इन रसायनों का उपयोग सीमापार मेथामफेटामिन जैसी सिंथेटिक ड्रग्स के उत्पादन में किया जाता है। एजेंसी के अनुसार, यह नेटवर्क न केवल ड्रग्स की तस्करी में शामिल था, बल्कि अवैध वित्तीय लेनदेन और धन शोधन के जरिए इसकी कमाई को भी छिपाया जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि म्यांमार नागरिकों ने भारतीय नागरिकों के जीएसटी क्रेडेंशियल्स का दुरुपयोग कर ड्रग निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे पदार्थों की खरीद को वैध दिखाया।

एजेंसी के अनुसार, इस योजना ने मादक पदार्थों के विनिर्माण की आपूर्ति शृंखला को बढ़ावा दिया, भारत-म्यांमार की पोरस यानी बेहद संवेदनशील और खुली सीमा वाले इलाकों जैसे मिजोरम को प्रभावित कर रही थी। इसमें कई भारतीय राज्यों तक वित्तीय और तस्करी के संबंध थे और इन गतिविधियों के माध्यम से धन शोधन किया गया। छापेमारी के दौरान कुछ हवाला संचालकों और अन्य लोगों से 46.7 लाख रुपये की नकदी जब्त की गई व एजेंसी ने 21 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया।

## साइबरस्पेस गवर्नेंस के लिए दीर्घकालिक तंत्र में सुधार पर जोर

**बीजिंग।** चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के महासचिव शी जिनपिंग ने साइबरस्पेस गवर्नेंस के लिए दीर्घकालिक तंत्र में सुधार के महत्व पर जोर दिया है। शुक्रवार को सीपीसी केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के एक समूह अध्ययन सत्र की अध्यक्षता करते हुए शी जिनपिंग ने एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुदृढ़ ऑनलाइन वातावरण विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। शी ने कहा कि 2012 में 18वीं सीपीसी राष्ट्रीय कांग्रेस के बाद से, पार्टी ने साइबरस्पेस गवर्नेंस को उच्च प्राथमिकता दी है, इंटरनेट पर मुख्यधारा के मूल्यों, मुख्यधारा के विचारों और मुख्यधारा की संस्कृति को लगातार सुदृढ़ किया है।

# पाक-अफगान में फिर तेज हुआ तनाव

## पाकिस्तान सेना ने तालिबान पर घुसपैठ कराने का लगाया आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। पाकिस्तान सेना ने आरोप लगाया है कि अफगान तालिबान देश में आतंकियों की घुसपैठ में मदद कर रहा है। सेना का दावा है कि अफगान सीमा चौकियां न सिर्फ पाकिस्तानी पोस्टों पर फायरिंग कर रही हैं बल्कि इस दौरान आतंकियों और तस्करों को सीमा पार कराने के लिए कवर भी दे रही हैं।

आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में यह गंभीर आरोप लगाए। उनके अनुसार, अफगान तालिबान की तरफ से सीमा पर तैनात पाकिस्तानी पोस्टों पर फायरिंग की जाती है और उसी समय आतंकियों व तस्करों को खाली जगहों से पाकिस्तान में प्रवेश कराया जाता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की सीमा चौकियां आमतौर पर परस्पर सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं, लेकिन मौजूदा हालात इससे बिल्कुल अलग हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर होने वाले हमले बेहद समन्वित होते हैं। फायरिंग का मकसद आतंकियों को पार कराना और तस्करों की गाड़ियों को आगे बढ़ाना होता है। उन्होंने दावा किया कि कई बार पोस्टों पर हमला कर नीचे से तस्करों के वाहन गुजारे जाते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तान-अफगान सीमा 2,500 किलोमीटर लंबी है, जहां पाकिस्तान ने 15 से 25 किलोमीटर की दूरी पर सैन्य चौकियां बनाई हैं। उन्होंने कहा कि इतनी लंबी सीमा को पूरी तरह सील करना संभव नहीं है, जैसा कि अमेरिका भी मैक्सिको सीमा पर नहीं कर पाया। इस कारण अवैध घुसपैठ को पूरी तरह रोकना चुनौती है। उन्होंने बताया कि 4 नवम्बर से अब तक 4910 खुफिया आधारित अभियानों (आईबीओ) को अंजाम दिया गया है, यानी औसतन रोज 233 अभियान। इन अभियानों में 206 आतंकियों को ढेर किया गया। जनवरी से अब तक 67023 अभियान चलाए गए, जिनमें से 53 हजार से अधिक बलूचिस्तान और 12800 से ज्यादा खैबर पख्तूनख्वा में हुए। प्रवक्ता ने कहा कि जनवरी से अब तक 4729 आतंकी घटनाएं हुईं। पाकिस्तान ने फिर कहा कि अफगान तालिबान टीटीपी को सुरक्षित पनाह दे रहा है, जिससे दोनों देशों के संबंध बिगड़ते जा रहे हैं।



■ फायरिंग का मकसद आतंकियों को पार कराना और तस्करों की गाड़ियों को आगे बढ़ाना होता है

# 62 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने की शादी

## पत्नी 16 साल छोटी, प्रधानमंत्री रहते शादी करने वाले अल्बनीज पहले नेता

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने शनिवार को अपनी पार्टनर जोडी हेडन से शादी की। 62 साल के अल्बनीज ऑस्ट्रेलिया के पहले ऐसे पीएम बन गए हैं जिन्होंने पद पर रहते हुए शादी की। अल्बनीज ने 46 साल की जोडी हेडन से कैनबरा में पीएम ऑफिस में शादी की। हेडन फाइनेंशियल सर्विस में काम करती हैं।

अल्बनीज ने फरवरी 2024 में हेडन से सगाई थी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक शब्द में पोस्ट किया-मैरिड। उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वे बो-टाई पहनकर अपनी मुस्कुराती दुल्हन का हाथ थामे दिख रहे हैं। अल्बनीज और हेडन सोमवार से शुक्रवार तक ऑस्ट्रेलिया में ही हनीमून मनाएंगे, जिसका पूरा खर्च अपनी जेब से देंगे यानी कोई सरकारी मदद नहीं लेंगे। ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बनीज ने 14 फरवरी 2024 को वैलेंटाइन डे पर सगाई की थी। ऑस्ट्रेलियाई पीएम की यह दूसरी शादी है। उन्होंने 2019 में अपनी पूर्व पत्नी कार्मेल टेबट से तलाक लिया था। यह शादी 19 साल चली। इस रिश्ते से उनका एक बेटा नाथन है। अल्बनीज और हेडन की मुलाकात 2020 में मेलबर्न में एक बिजनेस डिनर में हुई। थी। हेडन की भी यह दूसरी शादी है। हालांकि हेडन की पहली शादी और तलाक की जानकारी पब्लिक नहीं है। लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बनीज को उनके अपने 'अल्बो' नाम से बुलाते हैं। एंथनी का जन्म 2 मार्च, 1963 को ऑस्ट्रेलिया के शहर कैंपरडॉउन के रूढ़िवादी कैथोलिक ईसाई परिवार में हुआ। एंथनी ने जब से होश संभाला सिर्फ मां को ही अपने आसपास देखा, पिता को नहीं। जब उन्होंने पिता के बारे में पूछा तो उन्हें बताया गया था कि उनकी मां विदेश यात्रा पर गई थीं, वहां उनके पिता से मिलीं, उनसे शादी हुई और जब वह ऑस्ट्रेलिया लौटीं तो एक कार दुर्घटना में उनके पिता की मौत हो गई। वह इसी कहानी पर भरोसा करके बड़े हुए। एंथनी जब 14 साल के हुए थे, तब उनकी मां ने एक शाम खाने के बाद बैठकर असली सच बताया। उन्होंने कहा कि असल में उनकी शादी नहीं हुई थी। वह इटली में एक आदमी से मिली थीं, उसके साथ रिश्ता बना और वह गर्भवती हो गईं। एंथनी के पिता कार्लो क्रूज शिप के मैनेजर थे। साल 1962 में एक विदेश यात्रा के दौरान उनकी मैरियन से मुलाकात हुई। दोनों के बीच प्यार हो गया। कार्लो की किसी और महिला से सगाई हो चुकी थी। वह परिवार और समाज के डर से पुराना रिश्ता तोड़ नहीं सके।



■ अल्बनीज ने 14 फरवरी 2024 को वैलेंटाइन डे पर 46 साल की जोडी से की थी सगाई

## लूव म्यूजियम चोरी के चौथे आरोपी पर मामला दर्ज

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में मौजूद दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालय 'लूव म्यूजियम' में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए चौथे आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बीएफएमटीवी ने मामले से संबंधित सूत्रों के हवाले से शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए शख्स पर चोरी में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होने का आरोप है। पेरिस के अभियोजक कार्यालय ने मंगलवार को कहा था कि चार आरोपी हिरासत में लिए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तो इनमें से सिर्फ एक म्यूजमि में घुसने वाले चार-सदस्यीय गिरोह का हिस्सा हो सकता है।

# पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक

**ढाका।** पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री और बीएनपी प्रमुख खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक है। इसी बीच उनके बेटे और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान, जो 2008 से लंदन में रह रहे हैं, ने कहा है कि उनका बांग्लादेश लौटना पूरी तरह उनके नियंत्रण में नहीं है।

तारिक रहमान ने शनिवार तड़के फेसबुक पर लिखी पोस्ट में कहा कि हर बेटे की तरह मैं भी इस कठिन समय में अपनी मां के पास रहना चाहता हूं। लेकिन यह फैसला मैं अकेले नहीं ले सकता। कुछ संवेदनशील कारण हैं, जिन पर अभी विस्तार से बोलना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि उनकी 80 वर्षीय मां खालिदा जिया को छाती में इंफेक्शन होने के बाद 23 नवम्बर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यह संक्रमण दिल और फेफड़ों दोनों को प्रभावित कर रहा है। रहमान ने कहा कि उनकी मां की हालत गंभीर संकट में है और वह आईसीयू में लगातार निगरानी में हैं। देश-विदेश के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। बीएनपी ने शुक्रवार को बयान जारी कर लोगों से उनके लिए दुआ करने की अपील की थी। तारिक रहमान ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कौन-सी परिस्थिति उनके वापस आने में बाधा है।

# रणवीर नहीं दीपिका को पड़ी रणबीर की जरूरत





**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण का बड़े पर्दे पर फिर से साथ आना उनके फैंस की लगातार ख्वाहिशों में से एक रहा है और ऐसा लगता है कि यह जल्द ही होने वाला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अयान मुखर्जी अपनी अपकमिंग फिल्म में दोनों को कास्ट करेंगे और अगर लेटेस्ट डेवलपमेंट पर यकीन किया जाए, तो यह राज कपूर और नरगिस की फिल्म चोरी चोरी से थोड़ा-बहुत अडैप्टेड होगा। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि हाल के समय में रणबीर कपूर की फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है वहीं रणवीर सिंह की फिल्में उतनी नहीं चली हैं। इसलिए इस वक्त रणबीर कपूर के करियर का ग्राफ ऊंचा देखा जा रहा है। वहीं दीपिका पादुकोण के करियर की बात की जाए तो मां बनने के बाद उनकी 8 घंटे कि शिफ्ट की डिमांड के चलते एक के बाद एक फिल्में उनके हाथ से चली गई है।

दूसरी ओर उनकी पिछली फिल्में भी कुछ खास नहीं दिखा पाई है। हाल ही में दीपिका ने एक पोस्ट भी लाइक की थी जिसमें उनके फैंस ने रणबीर के साथ फिल्म करने मांग की थी। तो ऐसे में लगता है कि दीपिका भी रणबीर के साथ फिल्म करने में दिलचस्पी ले रही हैं। ऐसे में अयान की फिल्म का अपडेट आना फैंस के लिए खुशखबरी जैसा है। रणबीर कपूर अपने दादा और हिंदी सिनेमा के शोमैन राज कपूर की डायरेक्ट की हुई फिल्म को फिर से करेंगे। खबर है कि आने वाले प्रोजेक्ट में आज के जमाने का ट्विस्ट होगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि नई मूवी में स्टोरीलाइन नहीं होगी, हालांकि, सेंट्रल कहानी वही रहेगी, लेकिन मॉडर्न सेटिंग में। इतना ही नहीं, खबर है कि रणबीर इस फिल्म के साथ RK फिल्म्स बैनर को फिर से शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। यह नए बैनर के तहत उनका पहला प्रोडक्शन होगा। रणबीर और दीपिका एक दशक बाद फिर से साथ काम करेंगे। उन्हें आखिरी बार इम्तियाज अली की तमाशा 2015 में साथ देखा गया था। अयान मुखर्जी के डायरेक्शन में बनी ए जवानी है दीवानी में त्ज्ञ और क्च की केमिस्ट्री आज भी उनके फैंस को पसंद है। एक फैन ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने प्रोड्यूसर्स और फिल्ममेकर्स से रिक्वेस्ट की कि वे रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण को एक फिल्म के लिए स्क्रीन पर साथ लाएं। वीडियो में उन्होंने कहा कि प्रोड्यूसर्स को कलेक्शन की चिंता करने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि जिस मूवी में वे दोनों होंगे, वह बहुत बड़ी हिट होगी। इस पोस्ट पर दीपिका पादुकोण का लाइक देखकर फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है। रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्मों में संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर है जिसमें उनके साथ विक्की कौशल और आलिया भट्ट हैं। यह फिल्म अगले साल अगस्त में रिलीज होगी। उनके पास नितेश तिवारी की बड़ी फिल्म रामायण भी है। दूसरी ओर दीपिका अगली बार एटली की फिल्म में दिखेंगी जिसमें अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। वह अभी शाहरुख खान की किंग में काम कर रही हैं। यह अगले साल थिएटर में आएगी।

## रणवीर सिंह ने इफ्फी 2025 में रजनीकांत से मुलाकात की

**पणजी।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत को महान शख्सियत बताते हुए कहा कि वह इतने बड़े नहीं हैं कि उनके जैसे महान शख्सियत के बारे में कुछ कह सकें। रजनीकांत को फिल्म इंडस्ट्री में 50 वर्ष पूरे करने पर 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव इफ्फी में सम्मानित किया गया।

इस दौरान रणवीर सिंह, रजनीकांत से मिले। यह सिर्फ एक मुलाकात नहीं थी बल्कि यह परंपरा, आकर्षण और एक ही जगह खड़ी दो बड़े क्रिएटिव ताकतों का जश्न था। जब रणवीर स्टेज पर आए और रजनीकांत को नमस्कार किया, तो उन्होंने कहा, मैं इतना बड़ा नहीं हूं कि इतनी महान शख्सियत के बारे में कुछ कह सकूं, रणवीर सिंह ने इसी बात से फिर एक बार सबका दिल जीत लिया। रजनीकांत और रणवीर जब दोनों ने मंच पर एक-दूसरे का अभिवादन किया, तो माहौल अचानक बदल गया: फैन्स खुशी से झूम उठे, कैमरे लगातार चमकने लगे और यह पल फिल्म इतिहास में दर्ज होने जैसा बन गया।उनकी बातचीत सिर्फ स्टार पावर नहीं दिखा रही थी। यह दो फिल्मी दुनिया के मिलकर आने जैसा था, जैसे रणवीर की अच्छी एक्टिंग और रजनीकांत की सादगी भरी लेकिन बेहद असरदार पहचान का मिलना। दोनों अपने-अपने तरीके से एक अलग पहचान रखते हैं। रणवीर नई पीढ़ी के वो स्टार हैं जो स्टार बनने का मतलब बदल रहे हैं, जबकि रजनीकांत वो स्टार हैं जिन्हें लोग सबसे बड़ा सुपरस्टार मानते हैं। लाखों लोग उन्हें सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक महान इंसान की तरह देखते हैं।

# 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का हुआ भव्य समापन



**पणजी।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 का शुक्रवार की शाम गोवा के डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में भव्य समापन हुआ।

पिछले नौ दिनों 20-28 नवम्बर के दौरान, गोवा भर में फैले फिल्म महोत्सव के स्थलों पर दमदार कहानियों और जीवंत प्रदर्शनों ने सिल्वर स्क्रीन और मंचों को अपनी कला से जगमगा दिया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और कला के लिए एक वैश्विक भावना देखने को मिली। प्रतिष्ठित और उभरते कलाकारों की रेड कार्पेट पेशकश, शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रतिष्ठित तथा नई सिनेमाई प्रतिभाओं को सम्मानित करने वाले पुरस्कारों ने इस शाम को सिनेमा प्रेमियों के लिए यादगार बना दिया। उत्सव का समापन रत्चापूम बूनबंचचोक द्वारा निर्देशित फिल्म यह यूजफुल घोस्ट के प्रदर्शन के साथ हुआ, सिनेमा की एक ऐसी अनूठी प्रस्तुति, जिसने कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों और पुरस्कारों में प्रशंसा हासिल की है।शाम के समारोहों के बीच, बहुप्रतीक्षित पुरस्कारों की घोषणा के साथ इस पूरे समारोह के वो खास पल सामने आए, जिसमें उन प्रतिभाशाली रचनाकारों और उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

जिन्होंने अपनी कलात्मक उत्कृष्टता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एशले मेफेयर द्वारा निर्देशित स्किन ऑफ यूथ ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक पुरस्कार हासिल किया। मराठी फिल्म गोंधल के निर्देशक संतोष दवाखर को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सिल्वर पीकॉक पुरस्कार मिला। स्पेनिश फिल्म अ पोएट के मुख्य अभिनेता उबेइमार रियोस को सर्वश्रेष्ठ पुरुष अभिनेता का सिल्वर पीकॉक पुरस्कार मिला। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए सिल्वर पीकॉक पुरस्कार, लिटिल ट्रबल गर्ल्स की निर्माता जारा सोफिया ओस्तान द्वारा स्वीकार किया गया। माई फादर्स शैडो के निर्देशक अकिनोला डेविस जूनियर को विशेष निर्णायक मंडल पुरस्कार मिलामाई फादर्स शैडो के निर्देशक अकिनोला डेविस जूनियर को विशेष निर्णायक मंडल पुरस्कार मिला।

# कियारा और सिद्धार्थ ने बेटी सराया की पहली तस्वीर शेयर की



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के पॉपुलर कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने अपनी नवजात बेटी के नाम का खुलासा किया है। एक दिल छू लेने वाले इंस्टाग्राम पोस्ट में दोनों कलाकारों ने बताया कि उन्होंने अपनी छोटी राजकुमारी का नाम सराया मल्होत्र रखा है। साथ ही उन्होंने कपल के हाथों में बेटी के नन्हे-नन्हे पैरों की एक कोमल तस्वीर भी शेयर की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हमारी दुआओं से हमारी गोद में हमारी दैवीय आशीर्वाद, हमारी राजकुमारी, सराया मल्होत्रा। इस जोड़ी ने इससे पहले 16 जुलाई को अपनी बेटी के जन्म की खुशखबरी फैंस के साथ साझा की थी।

एक्टर सिद्धार्थ और कियारा ने फरवरी 2023 में राजस्थान में शानदार लेकिन निजी समारोह में शादी रचाई थी। दोनों पहली बार फिल्म शेरशाह की शूटिंग के दौरान मिले और प्यार हो गया। वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा हाल ही में तुषार जलोटा के निर्देशन में बनी और दिनेश विजन की मैडॉक फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म ष्परम सुंदरीष में नजर आए थे, जिसमें उनके साथ अभिनेत्रि जान्हवी कपूर थीं। अभिनेत्री कियारा आडवाणी की सबसे हालिया रिलीज फिल्म वॉर 2 रही, जिसका निर्देशन आयान मुखर्जी ने किया है। इसमें एक्टर हृतिक रोशन ने एक बार फिर कबीर का किरदार निभाया। सीक्वल में जूनियर एनटीआर और श्री हृतिक रोशन के बीच देशसेवा के अपने-अपने आदर्शों के लिए जोरदार टक्कर देखने को मिली। वॉर 2 रजनीकांत की फिल्म कुली के साथ रिलीज हुई थी, जिसमें नागार्जुन भी मुख्य भूमिका में हैं।

# महावतार नरसिम्हा बेस्ट एनिमेटेड कैटेगरी में ऑस्कर की रेस में शामिल



**मुंबई।** भारत की पौराणिक एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स में बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म की ऑस्कर रेस में शामिल हो गई है। अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने 2026 के ऑस्कर के लिए विचाराधीन 35 एनिमेटेड फीचर फिल्मों की एक सूची जारी की है, जिससे भारतीय फिल्म बड़े अंतरराष्ट्रीय दावेदारों में शामिल हो गई है। ऑस्कर में महावतार नरसिम्हा का मुकाबला के-पॉप डेमन हंटर, जूटोपिया 2 और डेमन स्लेयर किमेत्सु नो याइबा इनफिनिटी कैसल जैसी हिट फिल्मों से होगा। एएमपीएएस ने एक आधिकारिक घोषणा में कहा कि 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए एनिमेटेड फीचर फिल्म कैटेगरी में 35 फीचर फिल्में विचार के लिए मौजूद हैं। कुछ फिल्में अभी क्वालिफाई नहीं हुई हैं। इन्हें प्रक्रिया पूरी करनी होगी और वोटिंग प्रोसेस में आगे बढ़ने के लिए सभी कैटेगरी नियमों का पालन करना होगा।

वोटिंग राउंड के बाद आखिरी पांच नॉमिनी की घोषणा की जाएगी। एकेडमी ने आगे साफ किया कि एनिमेशन शाखा के सदस्य अपने आप कैटेगरी में वोट करते हैं, जबकि दूसरे एकेडमी सदस्य अगर कम से कम देखने की जरूरतें पूरी करते हैं तो वे इसमें शामिल हो सकते हैं। इंटरनेशनल फीचर फिल्म के लिए शामिल की गई एनिमेटेड फीचर फिल्म भी एनिमेटेड कैटेगरी में योग्य हैं, और फिल्म इसके अलावा बेस्ट पिक्चर और दूसरे अवॉर्ड के लिए भी क्वालिफाई कर सकती हैं। अश्विन कुमार द्वारा निर्देशित और होम्बले फिल्म्स के तहत शिल्पा धवन द्वारा प्रोड्यूस की गई, महावतार नरसिम्हा भगवान नरसिम्हा की कहानी है, जो भगवान विष्णु के आधे इंसान, आधे शेर के अवतार हैं। यह फिल्म विष्णु के दस अवतारों से प्रभावित , प्लान किए गए सात-भाग वाले महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स का पहला भाग है। फिल्म अभी नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

# एक्शन फिल्म स्वयंभू की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** निकिल सिद्धार्था, साम्युक्था और नभा नटेश की आने वाली ऐतिहासिक एक्शन फिल्म स्वयंभू की शूटिंग पूरी हो गई है। इस मौके पर मेकर्स ने राइज ऑफ स्वयंभू नाम का एक खास वीडियो जारी किया। इस वीडियो में फिल्म की भव्य दुनिया, शानदार सेट्स और बड़े पैमाने पर हुए काम की झलक दिखाई गई है। मेकर्स ने एक और बड़ी खबर साझा की है। फिल्म के ओवरसीज विदेशों में राइट्स फार्स फिल्म ने खरीद लिए हैं। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक जबरदस्त वीडियो डालकर बताया कि ओवरसीज राइट्स फार्स फिल्म को बेच दिए गए हैं। मनोरंजन जगत के कुछ बेहतरीन टेक्निशियंस और क्रिएटर्स, डायरेक्टर भरत कृष्णमाचारि, केजीएफ और सालार के म्यूजकि डायरेक्टर रवि बसरूर, बाहुबली और आरआरआर के सिनेमैटोग्राफर के.के. सेंथिल कुमार, बाहुबली के एडिटर तमीराजू और कई अन्य प्रतिभाशाली आर्टिस्ट, सभी इस महत्वाकांक्षी फिल्म की तैयारी में जुड़े हुए हैं। फिल्म की शूटिग में लगभग 170 दिन लगे। स्वयंभू को पिक्सेल स्टूडियोज के भूवन और श्रीकर ने प्रोड्यूस किया है। भारत के गौरवशाली इतिहास और शाश्वत वैभव को समर्पित यह भव्य फिल्म अगले साल 13 फरवरी को महाशिवरात्रि के मौके पर दुनियाभर में रिलीज होगी।

# दिल्ली के बाद अब राजस्थान में भी टैक्स फ्री हुई फिल्म 120 बहादुर




**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार-अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर को दिल्ली के बाद अब राजस्थान में भी टैक्स-फ्री कर दिया गया है।

फिल्म 120 बहादुर हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस साल की सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाली फिल्मों में से एक, यह फिल्म मीडिया और बॉलीवुड सेलिब्रिटीज दोनों से जबरदस्त तारीफें बटोर रही है। दिल्ली के बाद इसे अब राजस्थान में भी टैक्स-फ्री घोषित कर दिया गया है। फरहान अख्तर ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, ष्हम राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। यह उनका सम्मानजनक कदम है, जो मेजर शैतान सिंह भाटी पीवीसी और चार्ली कंपनी के प्रत्येक सैनिक के असाधारण साहस को श्रद्धांजलि देता है। फिल्म 120 बहादुर, 13 कुमाऊं रेजिमेंट के 120 भारतीय सैनिकों की जबरदस्त बहादुरी को दिखाती है, जिन्होंने 1962 के युद्ध में हुई मशहूर रेजांग ला की लड़ाई में हिस्सा लिया था। फरहान अख्तर इस फिल्म में मेजर शैतान सिंह भाटी, पीवीसी, की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपने साथियों के साथ मिलकर भारतीय सेना के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण लड़ाइयों में से एक में हर मुश्किल के सामने डटे रहे। इस फिल्म रजनीश रेजी घई ने निर्देशित किया है और इसे रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर एक्सेल एंटरटेनमेंट और अमित चंद्रा ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज ने प्रोड्यूस किया है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108